

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

■ रायपुर,गुरुवार 27 जून 2024 ■ आषाढ़ कृष्ण पक्ष-6 ■ वर्ष- 40 ■ अंक-090 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 28 जून 2024 ■ मूल्य 1.00 रु.

phone: 0771-2543112


## संक्षेप

### राजपाल यादव जा सकते हैं जेल



**नई दिल्ली,27 जून।** एक्टर राजपाल यादव को बड़ा झटका लग सकता है. बता दें कि चेक बाउंस होने के मामले में 29 मई को दिल्ली की कड़कड़डूमा अदालत ने राजपाल को 29 जून तक लगभग 14 करोड़ रुपए जमा करने का आदेश दिया है. आदेश का पालन न होने पर राजपाल यादव को जेल जाना पड़ सकता है. मुरली प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड के डायरेक्टर उद्योगपति माधौगोपाल अग्रवाल ने बताया कि राजपाल यादव ने 2010 में फिल्म अता पता लापता बनाने के लिए उनसे पांच करोड़ रुपये ब्याज पर लिए थे. ब्याज समेत जब रकम 10 करोड़ पहुंच गई तो उन्होंने वापस करने के लिए कहा. कई बार कहने के बाद राजपाल ने पांच करोड़ रुपए का चेक दिया. यह चेक बैंक में लगाया गया तो बाउंस हो गया, तब कंपनी ने उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया. मामले में राजपाल को जेल भी जाना पड़ा था. इस मामले में दिल्ली की कड़कड़डूमा अदालत में 29 मई को सुनवाई हुई. अदालत ने राजपाल यादव को 30 दिन के अंदर लगभग 14 करोड़ की रकम उन्हें देने का आदेश दिया है. माधौगोपाल के मुताबिक अदालत ने रकम न देने की स्थिति में राजपाल को तीन महीने के लिए जेल भेजने का आदेश दिया है. अभी तक उन्हें रकम प्राप्त नहीं हुई है.

### ट्रक ने ली युवक की जान

**अंबिकापुर,27 जून।** अंबिकापुर में एक दर्दनाक हादसा देखने को मिला जब लखनपुर थाना क्षेत्र के राजपुरी बस स्टैंड के पास एक तेज रफ्तार ट्रक ने एक युवक को टक्कर मार दी। घटना के बाद स्थानीय लोगों में आक्रोश फैल गया और उन्होंने विरोध में एनएच-130 को जाम कर दिया। हादसे में युवक की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और उग्र भीड़ को नियंत्रित कर व्यवस्था बहाल की। घटना से गुस्साए ग्रामीणों ने ट्रक चालक के खिलाफ त्वरित कार्रवाई और भविष्य में ऐसी दुर्घटनाओं को रोकने के उपाय करने की मांग की। पुलिस का प्रयास स्थिति को शांत करने और प्रभावित राजमार्ग पर यातायात को सुचारू रूप से फिर से शुरू करने पर केंद्रित था। अंबिकापुर और उसके आस-पास के इलाकों में सड़क दुर्घटनाएं एक बड़ी चिंता बनी हुई हैं, जिससे सड़क सुरक्षा उपायों को बढ़ाने और यातायात नियमों को सख्ती से लागू करने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला गया है। चूंकि समुदाय युवक की मौत पर शोक मना रहा है, इसलिए अधिकारियों से अपेक्षा की जाती है कि वे इस दुखद घटना के लिए जिम्मेदार परिस्थितियों की जांच करें और ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए उचित कदम उठाएं।

### प्रेशर बम की चपेट में आने से ग्रामीण घायल

**दंतेवाड़ा,27 जून।** नक्सलियों के लगाए प्रेशर आईईडी के चपेट में आने से 39 वर्षीय ग्रामीण घायल हो गया. प्रकरण में अपराध पंजीबद्ध कर वैधानिक कार्रवाई की जा रही है. थाना बारसूर क्षेत्रांतर्गत 26 जून की मध्य रात्रि ग्राम गुफा एवं ताड़ेलवाया सीमा के पास नक्सलियों के लगाए प्रेशर आईईडी की चपेट में जुरु राम कतलामी पिता स्व रूपाराम कतलामी निवासी ग्राम गुफापारा मंगनार थाना बारसूर घायल हो गया. विस्फोट से ग्रामीण की बहन सुनीता कतलामी (25 वर्ष) के चेहरे पर भी हल्की चोटें आई है. ग्रामीण अपने छोटी मां के कफन दफन कर ग्राम सालेपाल से वापस अपने गांव गुफापारा मंगनार जाने के दौरान विस्फोट होने से घायल हुआ है. घायल पुरुष व महिला को बारसूर में प्राथमिक उपचार के बाद दंतेवाड़ा जिला



**नीट-नेट पेपर लीक मामले में एक्शन को सरकार प्रतिबद्ध**

# राष्ट्रपति ने देशवासियों के सामने रखा मोदी सरकार 3.0 का ब्लूप्रिंट

**नई दिल्ली,27 जून।** 18वीं लोकसभा सत्र के चौथे दिन को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने लोकसभा और राज्यसभा की संयुक्त बैठक को संबोधित किया। इस दौरान अगले 5 सालों के लिए नई सरकार के रोडमैप की रूपरेखा सामने रखीं। राष्ट्रपति के अभिभाषण में नीट-नेट पेपर लीक की गूंज सुनाई दी। राष्ट्रपति, जब शिक्षा नीति का उल्लेख कर रहीं थी, उस समय विपक्ष ने नीट-नीट के नारे भी लगाए।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अपने अभिभाषण में पेपर लीक का जिक्र करते हुए कहा कि पेपर लीक की घटनाओं की निष्पक्ष जांच और दोषियों कड़ी सजा दिलाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। पहले भी कई राज्यों में पेपर लीक की घटनाएं हुई हैं। इस मामले पर दलीय राजनीति से ऊपर उठकर देश व्यापी ठोस उपाय करने की जरूरत है। राष्ट्रपति



द्रौपदी मुर्मू ने बताया कि परीक्षाओं में किस भी तरीके की रुकावट उचित नहीं है। हाल ही में पेपर लीक की घटना की निष्पक्ष जांच और दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दिलाने का काम सरकार कर रही है। पहले भी कई राज्यों में पेपर लीक का मामला आया है। इसके खिलाफ दलीय राजनीति से ऊपर उठना होगा। बता दें कि देश में इस समय नीट-नेट पेपर लीक को लेकर कोहराम मचा हुआ है। नेट का पेपर कैंसल कर दिया गया है। वहीं नीट की परीक्षा फिर से करने की मांग की जा रही है। इसे लेकर अभ्यर्थी लगातार सड़कों पर उतरकर प्रदर्शन कर रहे हैं। वहीं विपक्ष भी लगातार सरकार पर हमलावर है और मोदी सरकार पर लगातार निशाना साधते हुए परीक्षा दोबारा कराने की मांग कर रही है। हालांकि मामला सुप्रीम कोर्ट में है। फिलहाल कोर्ट ने दोबारा परीक्षा कराने से इंकार किया है। राष्ट्रपति ने कहा- आने वाले कुछ महीने में भारत गणतंत्र के रूप में 75 साल पूरे करने जा रहा है। देश में संविधान लागू होने के बाद भी कई बार हमले हुए है। आज 27 जून है, 25 जून 1975 को लागू हुआ आपातकाल संविधान पर हमले का सीधा सबूत है। लेकिन देश ने इससे उबरकर दिखाया।



## कैंसर पीड़ित को जनदर्शन में सरकारी मदद का भरोसा

**रायपुर,27 जून ■ तरुण छत्तीसगढ़**

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के जनदर्शन में मुख्यमंत्री के पास बड़ी संख्या में लोगों ने आवेदन दिए। मुख्यमंत्री ने बारी-बारी से सभी के आवेदन देखें और त्वरित कार्रवाई के निर्देश अधिकारियों को दिए। जनदर्शन में एक महिला अपने पति श्री रमेश शुक्ला की समस्या लेकर आई। पत्नी ने बताया कि उनके पति शुक्ला कैंसर की बीमारी से पीड़ित हैं। बीमारी की वजह से उन्हें एडवांस ट्रीटमेंट की जरूरत है। मुख्यमंत्री ने महिला को संबल देते हुए कहा कि हमारी सरकार के लिए स्वास्थ्य सबसे सर्वोपरि है। आपके पति को सभी संभव सहायता प्रदान की जाएगी। इसके लिए मुख्यमंत्री ने मौके पर ही स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया। मुख्यमंत्री के निर्देश पर श्रीमती शुक्ला ने आभार जताते हुए कहा कि हम लोग जनदर्शन में बहुत उम्मीद लेकर आए थे। आप से



मिलकर, मुझे अपने पति के जल्द इलाज और गुणवत्तापूर्ण इलाज का भरोसा मिला है आज मेरे लिए बहुत बड़ा दिन है। मुख्यमंत्री से मुलाकात के संबंध में चर्चा में श्रीमती शुक्ला ने बताया कि 2 दिन पूर्व जन दर्शन की जानकारी मिली। मुख्यमंत्री के बारे में पढ़ा था कि सांसद और मंत्री रहते हुए उन्होंने छत्तीसगढ़ के बहुत से लोगों का इलाज कराया है। जनदर्शन में इसका मौका मिला तो मैं आई। मेरा यहां आना सफल हुआ है। माताओं एवं बहनों के समूह ने महतारी वंदन योजना लागू करने के लिए मुख्यमंत्री के प्रति आभार जताते हुए कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं के खाते में हर महीने एक हजार रूपए मिलने से उनकी हर छोटी-बड़ी समस्या दूर हो रही है। इस राशि से बहने अपने बच्चों की आवश्यक जरूरतों को भी पूरी कर रही है। महतारी वंदन योजना से माताओं एवं बहनों को आर्थिक रूप से संबल मिला है।

## कोई गधा नहीं सब घोड़े हैं, बस करनी है पहचान: राहुल

**नई दिल्ली,27जून।** लोकसभा चुनाव में दमदार वासपी के बाद कांग्रेस हरियाणा विधानसभा चुनाव की तैयारियों में जुट गई है। बुधवार को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और सांसद राहुल गांधी ने हरियाणा कांग्रेस के नेताओं के साथ बैठक की। बैठक में राहुल गांधी ने पार्टी नेताओं को नसीहत दी। उन्होंने कहा कि सब हमारे कार्यकर्ता हैं, कोई गधा नहीं है। बस तय करना है कि कौन शादी का घोड़ा-घोड़ी है और कौन रेस का। इस समीक्षा बैठक में हरियाणा कांग्रेस के नेताओं ने अपना पक्ष रखा। उन्होंने अपने और परायों को लेकर गधे-घोड़े की बात की। हरियाणा कांग्रेस के नेताओं ने अपनों को घोड़ा बताया तो परायों को गधा। इसपर राहुल गांधी ने कहा, 'हमारे सभी कार्यकर्ता घोड़े-घोड़ी हैं। कोई गधा नहीं है. बस ये तय करना है कि कौन शादी का घोड़ा-घोड़ी है और कौन रेस का। इस दौरान कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने बीजेपी पर निशाना साधा। उन्होंने कहा, हरियाणा के किसानों और नौजवानों को बीजेपी ने धोखा दिया है। कांग्रेस पार्टी के सभी नवनिर्वाचित सांसदों को बहुत-बहुत बधाई। उन्होंने कहा, बीजेपी के 10 वर्षों के शासन ने हरियाणा के विकास को रोक दिया है। सैकड़ों भर्ती परीक्षाओं में धांधली हुई है, किसानों पर घोर अत्याचार हुए हैं, लाठियां बरसाईं गई हैं, दलितों, पिछड़ों पर अत्याचार हुए हैं, महिलाओं पर अत्याचार हुए हैं, अपराधों में तेजी आई है. खरगे ने आगे कहा कि हम सबको एकजुट होकर जनता की आवाज बुलंद करना है। पार्टी मुख्यालय में हुई बैठक में कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल, हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा, पूर्व केंद्रीय मंत्री कुमारी सैलजा, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष उदयभान, प्रदेश प्रभारी दीपक बाबरिया और कई अन्य नेता शामिल हुए। दीपक बाबरिया ने कहा, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और पार्टी नेता राहुल गांधी तथा केसी वेणुगोपाल ने पार्टी की हरियाणा इकाई के 40 नेताओं के साथ बैठक की। लोकसभा चुनाव 2024 में हरियाणा में हमारा वोट शेयर बढ़कर 47.69 प्रतिशत हो गया। राहुल गांधी ने इसके लिए हमारी प्रशंसा की.



## टापू में फंसे गौवंशों का रेस्क्यू

**सक्ती,27 जून ।** गौ सेवा समिति के सदस्यों को जिले के ग्राम मोहंदी और हरदी के बीच एक पुल में 20 से 25 गौवंश का टापू में फंसे होने की जानकारी मिली थी। जिसके बाद गौसेवा समिति के संस्थापक एवं उनकी टीम मौके पर पहुंचकर स्थल का जायजा लेने के बाद समिति के संस्थापक ने प्रशासनिक मदद के लिए 112 को सूचना दिया और कंट्रोल रूम में बचाओ दल बुलाने को कहा लेकिन जिला में कोई भी बचाओ दल नहीं होने के वजह से मौके पर 112 पहुंची , गांव के सरपंच से बात किया गया उन्होंने पहले ही बांध का 4 वाल खोल दिया था जिसके वजह से पानी का लेवल कम हो चुका था प्रशानिक मदद मिलने में विलंब हो रहा था मौसम बिगड़ते देख समिति के संस्थापक मयंक सिंह ठाकुर के नेतृत्व में समिति ने सक्रिय सदस्य पुनीत मिश्रा ( गौ सेवक) को हार्नेस बांध कर टापू पर उतारा गया । समिति के संस्थापक ने बताया बांध खोलने से टापू की सतह दिखने लगी थी जिसके बाद अन्य गौ सेवक ने अपने साथी को नीचे उतरा ,हमारा उद्देश था की रस्सी बांध कर गौ वंश को ऊपर खींच के निकलने का जिसमे पहले गौ माता के बच्चो को रेस्क्यू किया गया जिसके उपरांत नीचे उतरे गौ सेवको के द्वारा पहले एक छोटे गौ वंश को रेस्क्यू किया गया जिसके आवाज से अन्य गौवंश भी पानी में आने लगे इसे देख टापू से बाहर जो गौ वंश थे वो आकर्षित होने लगे और उनकी ओर बढ़ने लगे लेकिन पानी को देख घबराए सभी गौ वंश हिचकिचा रहे थे जिसके बाद गौ सेवको उन सभी गौ वंशो के साथ नदी पार करने लगे इसे देख सभी गौ वंश बाहर की ओर जाने लगे इस तरह से सभी गौ वंशो को सकुशल बाहर निकल लिया गया, शक्ति क्षेत्र में गौ सेवक अपनी जान को जोखिम में डालकर बेजुबानों को बचाने के लिए दिन रात निःस्वार्थ भावना लगे हुए है, सही मायने में ऐसे गौ सेवको का सम्मान होना चाहिए ।



## बलौदाबाजार हिंसा: कांग्रेस की जांच रिपोर्ट में भाजपा दोषी

**रायपुर,27 जून ■ तरुण छत्तीसगढ़**

बलौदाबाजार की घटना पर कांग्रेस की गठित जांच टीम के रिपोर्ट का प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष दीपक बैज ने खुलासा किया है. उन्होंने बताया कि जांच पूरी हो चुकी है. घटना में बीजेपी के लोग सम्मिलित थे. यह सरकार द्वारा पूर्व रचित घटना थी, और अब अपनी नाकामयाबी को दबाने के लिए कांग्रेस पर आरोप लगा रहे हैं. प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने मीडिया से चर्चा में सीएम जनदर्शन पर सरकार को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि सबसे पहले कानून व्यवस्था को सुधारना चाहिए. कानून व्यवस्था पर जनदर्शन लगाना चाहिए. अपराधी खुले आम हथियार लेकर घूम रहे हैं. वहीं जनदर्शन में बीजेपी विधायकों की शिकायत पर कहा कि बीजेपी सरकार में भ्रष्टाचार चरम पर है. खुलेआम लूट का खेल चल रहा है. वहीं सीएम जनदर्शन में आ रही शिकायतों पर दीपक बैज ने कहा कि जनदर्शन में जनता की समस्या कम विधायकों की लूट-खसोट की शिकायत ज्यादा आ रही हैं. सरकार पूरी तरीके से भ्रष्टाचार में डूबी हुई है. सिर्फ विधायक ही नहीं, सरकारी नुमाइंदों के भ्रष्टाचार की पूरे प्रदेश से शिकायतें आ रही हैं. वहीं बिजली समस्या पर कांग्रेस द्वारा बड़ा प्रदर्शन किए जाने की बात कहते हुए पीसीसी चीफ दीपक बैज ने कहा कि जब से छत्तीसगढ़ में साय सरकार आई है, तब से बिजली कटौती सांय-सांय हो रहा है. 20 पैसा प्रति यूनिट की बढ़ोतरी सांय-सांय हुई. बिजली को लेकर कांग्रेस पार्टी बड़ा प्रदर्शन करेगी. वहीं गौ तस्करी रोकने के लिए नए नियम बनाने वाले गृह मंत्री विजय शर्मा के बयान पर पीसीसी चीफ ने तंज कसते हुए कहा कि यह सरकार पूरी तरीके से पंगु है. क्या गौ तस्करी पर अभी तक नियम नहीं बना था. सरकार के नियंत्रण से सब कुछ बाहर है. भाजपा का सरकार पूरी तरीके से असहाय हो चुकी है. वहीं बीजेपी के मतदाता अभिनंदन समारोह पर पीसीसी चीफ बैज ने चुटकी लेते हुए कहा कि यह सम्मान मतदाता सम्मान नहीं है, बल्कि जनता के आक्रोश को भगाने का प्रयास कर रही है. बीजेपी अनेक वादे कर चुनाव जीतकर सरकार बनाई, लेकिन उन वादों को अभी तक पूरा नहीं किया है. यूनिफाइड कमांड की बैठक पर दीपक बैज ने कहा कि नक्सलवाद में सरकार की कोई नीति नहीं है. अंदरुनी क्षेत्रों में दहशत फैलाने का काम सरकार कर रही है. बस्तर के लोग जंगल जाने में डर रहे हैं. नक्सली क्षेत्र में आदिवासियों का भरोसा जीतने में सरकार नाकाम है. फर्जी एनकाउंटर कर रही है ताकि केंद्र के सामने वाह वही लूट सके. नक्सलवाद पर दीपक बैज ने कहा कि यह सरकार खौफ फैलाने का काम कर रही है.





**बेमेतरा,27 जून ■ तरुण छत्तीसगढ़**

जिले में देर रात भीषण सड़क हादसा हुआ. नेशनल हाईवे पर खड़े ट्रक से तेज रफ्तार कंटेनर टक्कर गई. टक्कर इतनी जोरदार थी कि कंटेनर में आग लग गई और दो लोग जिंदा जल गए. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंच गई. फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर काबू पाया. पुलिस मर्ग कायम कर जांच कर रही है. यह मामला नादघाट थाना क्षेत्र का है. मिली जानकारी के अनुसार, नेशनल हाईवे रायपुर बिलासपुर के पास स्थित ग्राम टेमरी के पास देर रात खड़े ट्रक में कंटेनर ने टक्कर मार दी. ट्रक से टकराते ही कंटेनर में आग लग गई और पूरी तरह फैल गई. इस भीषण हादसे में कंटेनर में बैठे चालक और सह चालक को बाहर निकलने का मौका नहीं मिला और दोनों की जलकर मौत हो गई. यह घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है. मृतकों की पहचान नहीं हो पाई है. फिलहाल नादघाट पुलिस मामले की जांच कर रही है.

## पेपर लीक मामले में प्रिंसिपल समेत 10 लोग हिरासत में

**नई दिल्ली,27 जून।** नीट पेपर लीक में एफआईआर दर्ज करने के बाद सीबीआई का एक्शन शुरू हो गया है। सीबीआई ने पहली बड़ी कार्रवाई करेत हुए रिमांड पर भेज दिया है।आर्थिक अपराध अन्वेषण इकाई की टीम ने दोनों को 22 जून को नालंदा जिले के बिहार थाना क्षेत्र के मुरौरा गांव से गिरफ्तार किया था। उधर,



झारखंड के हजारीबाग में स्थित ओएसिस स्कूल के प्रिंसिपल एहसान उल हक समेत 10 लोगों को हिरासत में लिया है। सीबीआई इन सभी लेकर पटना पहुंची है। टीम लगातार उनसे पूछताछ कर रही है। वहीं स्कूल के दो कर्मचारियों को फूछताछ के बाद छोड़ दिया। ओडिशा स्कूल से ही नीट का प्रश्न-पत्र गायब हुआ था। इधर मामले में गिरफ्तार चिंटू और मुकेश को सीबीआई ने रिमांड पर लिया है। सीबीआईदोनों से पूछताछ करेगी। बता दें कि बुधवार की शाम 5ः17 बजे ओएसिस स्कूल के प्रिंसिपल एहसान उल हक को सीबीआई की टीम ने हिरासत में लिया था। 15 घंटे से अधिक समय बीत जाने के बाद भी सीबीआई उन्हें चरही गेस्ट हाउस में हिरासत में रखे हुए है। सीबीआई की ओर से अब तक कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है।अखिलेश यादव के सांसद की लोकसभा स्पीकर को लिखी एक चिट्ठी ने यूपी से लेकर दिल्ली तक मचाया हंगामा,इधर नीट पेपर लीक मामले में सीबीआई दो आरोपियों से पूछताछ करेगी। इसमें चिंटू कुमार और मुकेश कुमार शामिल हैं। सीबीआई कोर्ट के स्पेशल जज हर्षवर्धन सिंह ने दोनों को 27 जून से 4 जुलाई तक सीबीआई की कोलकाता पुलिस ने 25 जून की देर रात एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया था। ईओयू की जांच रिपोर्ट में यह बात सामने आई थी कि बुकलेट नंबर 6136488 और अधजला प्रश्न पत्र परीक्षा माफियाओं के ठिकाने से मिला था। जिस ट्रंक और एनवेलप में इस बुकलेट नंबर का प्रश्न पत्र था, उससे छेड़छाड़ की गई है। एनवेलप को बारीकी से फाड़कर प्रश्न पत्र निकाला गया है। इसके बाद इसकी तस्वीर खींचकर गिरोह के सरगना तक वॉट्सऐप से पहुंचाई गई। नीट पेपर लीक कांड की जांच अब सीबीआई दिल्ली की टीम कर रही है। सीबीआई ने दिल्ली में ही केस दर्ज किया है। इधर पटना में आर्थिक अपराध इकाई (ईओयू) ने सीबीआई को जांच रिपोर्ट, केस डायरी और साक्ष्य सौंप दिए हैं। पुलिस मुख्यालय के सूत्रों की माने तो जांच रिपोर्ट स्पष्ट कहती है कि नीट यूजी का प्रश्न पत्र लीक हुआ है। 8 जुलाई को सुप्रीम कोर्ट में नीट प्रश्न पत्र लीक मामले में दायर याचिका में सुनवाई होनी है। 8 जुलाई को ईओयू के अधिकारी भी इस सुनवाई में मौजूद रहेंगे, क्योंकि सुप्रीम कोर्ट ने ईओयू को 8 जुलाई को हाजिर रहने के लिए नोटिस जारी किया है।

**छत्तीसगढ़ में बाधा दौड़ की प्रतिभाओं को खोजना होगा** jasclaudius@gmail.com

# विश्व खेल मानचित्र पर आने के लिए चाहिए निष्ठापूर्ण प्रयास

✍ **जसवंत क्लाडियस,तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता**

एथलेटिक्स को सभी खेलों की शारीरिक तैयारी के लिए आवश्यक माना जाता है। इसमें कम दूरी, मध्यम दूरी और लंबी दूरी की दौड़ के साथ बाधा दौड़, स्टीपलचेस, रिले और मेराथन दौड़ शामिल होता है। एथलेटिक्स में पैदल चाल, ऊंचीकूद, बांस कूद, लंबी कूद, तिहरी कूद के इवेंट होते हैं। फिर फेंकने की स्पर्धा गोला फेंक, तवा फेंक, हैमर थ्रो, भाला फेंक और डेकाथलान के इवेंट भी सम्मिलित होते हैं। महिला व पुरुष दोनों वर्ग में 48-48 इवेंट के लिए मुकाबला होता है।

छत्तीसगढ़ में जिस तरह भौगोलिक परिस्थिति है उसको देखते हुए एथलेटिक्स के अनेक इवेंट के लिए प्रतिभाशाली खिलाड़ी सामने आ सकते हैं। हमारे प्रदेश में बाधा दौड़ के लिए परिस्थिति अनुकूल लगती है। राज्य के ग्रामीण अंचल में बीहड़ वन, पहाड़ियां, नदी, नाले, असमतल भूमि व्यापक पैमाने पर है। 1 नवम्बर 2000 को छत्तीसगढ़ राज्य के पृथक होने के पश्चात यहां खेलकूद में संभावना बहुत बढ़ गई है। आज की परिस्थिति में राज्य में सड़क मार्गों व संपर्क साधन का विकास हुआ है। फिर भी अनुसूचित जनजाति (आदिवासी) क्षेत्र के कई गांवों में आने जाने वालों को आज भी पैदल चलकर शिक्षा, स्वास्थ्य, बाजार आदि के लिए जाना पड़ता है। इस दौरान क्या बच्चों, क्या किशोरों, क्या युवाओं को अपने कार्य क्षेत्र में पहुंचने के लिए दौड़कर, कूदकर, उछलकर जाना पड़ता है। अतः हम कह सकते हैं कि अगर प्रयास ईमानदारी से होगा तो बाधा दौड़ के लिए अच्छे खिलाड़ी निकल सकते हैं। भारत में खेलकूद को बढ़ावा देने के लिए खेलो इंडिया जैसे राष्ट्रीय



कार्यक्रमों की शुरुआत की गई है। हमारे प्रदेश में रायपुर, जगदलपुर, बिलासपुर, सरगुजा में एथलेटिक्स के लिए सर्वसुविधा उपलब्ध है। बाधा दौड़ के लिए भारत के राष्ट्रीय खेलों के साथ संबंधित एथलेटिक खेल संघ की राष्ट्रीय स्पर्धा के अलावा ओलंपिक खेलों, एशियाई खेलों, राष्ट्रमंडल खेलों में पुरुष वर्ग के लिए 110 मीटर, महिला वर्ग के लिए 100 मीटर तथा महिला व पुरुष दोनों ही वर्ग के लिए 400 मीटर का इवेंट होता है। वर्तमान में भारत के तेजस शिरसे ने 110 मीटर बाधा दौड़ 13.41 सेकंड में पूरा किया। महिलाओं में ज्योति याराजी 100 मीटर बाधा दौड़ में 12.78 सेकंड का समय राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में निकाला है। 400 मीटर बाधादौड़ में अय्यासामी धरुण ने 48.80 सेकंड जबकि महिला वर्ग में दिग्गज धाविका पी.टी ऊषा (जो कि वर्तमान में भारतीय ओलंपिक संघ की अध्यक्ष हैं) ने 1984 के लास एंजिल्स ओलंपिक खेलों में 55.42 सेकंड का समय निकाला था। उसे करीब 40 वर्षों बाद भी भारत की किसी महिला एथलीट तोड़ नहीं पाई है। हालांकि 39 साल बाद एशियाई खेल 2023 में भारत की विद्या रामराज ने हांगझाऊ में हिट को समान समय के साथ पूरी करने में सफलता पाई है।

छत्तीसगढ़ को खेलों के माध्यम से राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर स्थान दिलाने के लिए योजनाबद्ध ढंग से कार्यक्रम बनाने की आवश्यकता है। हमारे प्रदेश के खेल संचालनालय में संचालक के साथ प्रतिभाशाली खेल अधिकारियों की कमी नहीं है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के केंद्र सरकार की खेल नीति के अनुरुप हमारे राज्य में विभिन्न खेलों की खेल प्रतिभाओं को खोजने की कोशिश तेजी से होनी चाहिए। बाधा दौड़ एक ऐसा इवेंट है जिसमें हमारे प्रदेश में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है। शाला व महाविद्यालय स्तर पर खिलाड़ियों के खोज की ईमानदार कोशिश हमारे राज्य को विश्व खेल मानचित्र में ला सकेगा।

एक नजर

## मोटर पंप चोरी करने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार



**भिलाई, 27 जून।** भिलाई मोटर पंप चोरी करने वाले तीन आरोपियों को स्मृतिनगर चौकी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है पुलिस ने आरोपियो के कब्जे से समबर्शिवल पंप एवं जला हुआ केबल कॉपर वॉयर जब्त कर लिया है स्मृतिनगर चौकी प्रभारी पुरषोत्तम कुर्रे ने बताया कि रमाकांत भारती निवसी लवकुश नगर वार्ड 13 जामुल ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 23 जून को प्रधान मंत्री आवास, कृष्णा इंजीनियरिंग कॉलेज के बाजू में खम्हरिया स्मृतिनगर से कोई अज्ञात चोर समबर्शिवल पंप, केबल 200 मीटर चोरी कर ले गया है। रिपोर्ट पर अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान मुखबिर से सूचना पर मिली कि संदेही मानस साहू (19 वर्ष) निवासी ग्राम खपरी साहू पारा चौकी जेवरा सिरसा, प्रमोद निषाद (25 वर्ष) निवासी खम्हरिया भाठा चिखली रोड चौकी व त्रिलोक विश्वकर्मा (29 वर्ष) निवासी ग्राम खपरी धनकर किराना दुकान के पास चौकी जेवरा सिरसा पूछताछ करने पर अपराध स्वीकर किए, जिनके कब्जे से सबमर्सिबल पंप एवं केबल वायर बरामद किया गया।

## क्रेस्टऑन जून 2024 प्रतियोगिता में 32 टीमों ने भाग लिया



**भिलाई, 27 जून।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के एचआर-एलएंडडी विभाग ने 22 जून 2024 को एचआरडीसी में अपने मासिक बिजनेस एंड मैनेजमेंट क्विज %क्रेस्टऑन% के जून 2024 संस्करण का आयोजन किया। इस आयोजन में अधिकारियों के साथ-साथ कार्मिकों की कुल 32 टीमों ने भाग लिया। समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि, मुख्य महाप्रबंधक ए के दत्ता थे। ए के दत्ता ने एचआर-एलएंडडी विभाग की इस दीर्घकालिक पहल की बहुत प्रशंसा की और सभी प्रतिभागियों को इस पहल से अधिकतम संभव लाभ प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। क्रेस्टऑन क्विज़ के इस संस्करण के चैंपियन का खिताब, प्रबंधक ऐमन अली और प्रबंधक हिमांशु वर्मा की टीम ने अपने नाम किया। महाप्रबंधक अमूल्य प्रियदर्शी ने धन्यवाद ज्ञापन एवं उप प्रबंधक सुश्री सुष्मिता पाटला ने कार्यक्रम का संचालन किया।

## प्रशासन ने बाजार एरिया का निरीक्षण कर सड़क जाम करने वालों को चेताया



**भिलाई, 27 जून।** कमिश्नर डी.एस. राजपूत के निर्देशानुसार सोमवार दिनांक 24 जून 2024 को भिलाई-चरौदा निगम प्रशासन की ओर से बाजार एरिया का निरीक्षण करने निकली टीम ने सड़क पर सामान रखकर मार्ग अवरुद्ध करने वालो को समझाइश देने के साथ इसकी पुनरावृत्ति नही करने चेताया गया। बाजार में सब्जी एवं फल बेचने वाले दुकानदारों के द्वारा दुकान के बाहर टेबल पर या लकड़ी के बेंच लगाकर अपने सामान का प्रदर्शन करते पाया गया। जिसके कारण पैदल चलने वालो एवं दोपहिया वाहनों के साथ बाजार में आने-जाने वालों को दिक्कत का सामना करना पडता है। साथ ही बाजार में अधिकांश दुकानदारों के द्वारा दुकान के बाहर 03 फीट से 4 फीट तक एंगल लगाकर सामान लटकाया गया भी देखा गया। जिसके कारण वाहनों के आवागमन में असुविधा होती है। निगम को लगातार मिल रही सूचना के आधार पर समस्या का निराकरण करने के उद्देश्य से उप अभियंता मुकेश रात्रे के नेतृत्व में बाजार के सभी हिस्सों का अवलोकन करते हुए निगम कर्मियों द्वारा सड़क पर रखे टेबल, बेंच और स्टाल इत्यादि को हटवाये जाने की कार्यवाही को अंजाम दिया गया है।

## डूमरडीह में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन



**भिलाई, 27 जून।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के तत्वाधान में 26 जून को ग्राम डूमरडीह में चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कुल 61 लोगों की जांच करके उनको दवाई वितरण किया गया7 प्रातः 10 बजे से प्रारंभ हुए शिविर में सामान्य जांच, शुगर, बीपी जांच के अतिरिक्त निःशुल्क दवाएं भी प्रदान की गई। चिकित्सा शिविर में सीएसआर मेडिकल टीम से चिकित्सक डॉ सरस्वती, फार्मासिस्ट सूसन जेकब, बीपी व शुगर परीक्षण के लिए श्रीमती रेखा देव, पंजीयन हेतु शंभू दयाल एवं सीएसआर विभाग से बुधेलाल उपस्थित थे।

# उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कबीरधाम जिले के 71 श्रद्धालुओं का स्वागत किया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कवर्धा, 27 जून।** उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कबीरधाम जिले से अयोध्या में विराजित प्रभु श्री रामलला के दर्शन के लिए रवाना हुए जिले के 71 श्रद्धालुओं का दुर्ग रेलवे स्टेशन में तिलक लगाकर एवं माला पहनकर सम्मानपूर्वक, अभूतपूर्व स्वागत और अभिनंदन किया। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने इससे पहले दुर्ग जिले के जेवरा-सिरसा पर अपनी काफिला रूकवाकर राम लाल के दर्शन के लिए जा रहे श्रद्धालुओं की बस रूकवाकर उनके साथ बस में बैठकर दुर्ग रेलवे स्टेशन तक पहुंचे। इस दौरान उन्होंने रामलाल योजना के 71 लाभार्थियों से आत्मीय बातचीत की और सभी का हाल-चाल जाना। इस दौरान उन्होने अपने बुजुर्गों को अभिनंदन करते हुए गले भी लगाया।उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने प्रदेश के अलग-अलग जिलों से आए इस योजना के तहस सभी लाभार्थियों अभिनंदन करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में मोदी की गांरटी को पूरा करते हुए प्रभु श्री रामलाल दर्शन योजना का संचालन किया जा रहा है। इससे पहले 5 मार्च को मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय श्रीरामलला दर्शन योजना के लिए छत्तीसगढ़ से अयोध्या तक चलाई जा रही विशेष ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया था। आज इस योजना के तहत दूसरी बार प्रदेश के अलग-अलग जिलों से अयोध्या में प्रभु राम जी की दर्शन के लिए लाभार्थियों को रवाना किया जा रहा है। यह हम सबके लिए बहुत ही सौभाग्य की बात है।

उल्लेखनीय है कि राज्य शासन द्वारा संचालित श्री रामलला दर्शन योजना के तहत कबीरधाम जिले के 71 श्रद्धालुओं को इस योजना के लाभ लेने के लिए चयन किया गया है। इन सभी लाभार्थियों को कवर्धा भारत माता चौक से बस में बैठकर दुर्ग रेलवे स्टेशन के लिए रवाना किया गया। इस अवसर पर पूर्व संसदीय सचिव डॉ. सियाराम साहू, जिला पंचायत सदस्य एवं अध्यक्ष प्रतिनिधि श्री रामकुमार भट्ट, नगर पालिका परिषद अध्यक्ष श्री मनहरण कौशिक, श्री रामलला दर्शन अयोध्याधाम योजना के जिला स्तरीय समिति के सदस्य श्री प्रदीप क्कर्थ, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष श्री अनिल सिंह ठाकुर, श्री कैलाश चंद्रवंशी श्री चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, श्री नितेश अग्रवाल सहित उपस्थित थे। सभी ने बस को झंडी दिखाकर दुर्ग के लिए रवाना किया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व संसदीय सचिव डॉ. सियाराम साहू ने कहा कि शासन की योजना का लाभ जिले के निवासियों को निःशुल्क मिल रहा है। जिला पंचायत के सभापति एवं सदस्य श्री रामकुमार भट्ट ने कहा कि हमारे वरिष्ठ नागरिक गणों को मिल रही यह सुविधा प्रशंसनीय है तथा अयोध्या धाम का दर्शन सपना पूरा होने जैसा है। श्री रामलला दर्शन अयोध्या धाम योजना अंतर्गत कबीरधाम जिले के 71 श्रद्धालुओं को आज विशेष बस के माध्यम से दुर्ग रेलवे स्टेशन के लिए जिला स्तरीय कार्यक्रम के द्वारा तिलक लगाकर एवं माला पहनकर सम्मानपूर्वक रवाना किया गया। दुर्ग रेलवे स्टेशन से विशेष ट्रेन के माध्यम से जिले के श्रद्धालु श्री अयोध्या धाम पहुंचकर रामलला के दर्शन करेंगे। कार्यक्रम के दौरान जनप्रतिनिधियों के साथ-साथ जिले के अधिकारी एवं कर्मचारियों सहित श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### कबीरधाम जिले से पहली बार श्रद्धालुओं का दल अयोध्या धाम के लिए रवाना

छत्तीसगढ़ शासन के महत्वाकांक्षी योजना अंतर्गत कबीरधाम जिले से पहली बार श्रद्धालुओं का दल अयोध्या धाम के लिए रवाना हुआ है। जिले के श्रद्धालुओं से मिलने छत्तीसगढ़ शासन के उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा जेवरा सिरसा पहुंचे जहां पर सभी श्रद्धालुओं से मुलाकात करते हुए उनके बस में बैठकर दुर्ग रेलवे स्टेशन तक साथ में यात्रा की। इस दौरान उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने सभी श्रद्धालुओं से बात करते हुए उन्हें यात्रा की शुभकामनाएं दी तथा दुर्ग रेलवे स्टेशन में कबीरधाम के यात्रियों को उनके निर्धारित कोच में बैठाकर ट्रेन को दुर्ग रेलवे स्टेशन से हरी झंडी दिखाई।

### जिले के 71 श्रद्धालु रामलला के दर्शन के लिए हुए रवाना

कलेक्टर श्री जनमेजय महोबे ने बताया कि सभी जनपद पंचायत एवं नगरी निकाय क्षेत्र के कुल 71 श्रद्धालु यात्रा में शामिल है, जिसमें महिलाएं भी है। उन्होंने बताया कि प्रदेश के स्थानीय निवासी जिनकी आयु 18 वर्ष से 75 वर्ष के बीच है उनके जीवन काल में एक बार उत्तर प्रदेश राज्य के अयोध्या में स्थित श्री रामलला जी के दर्शन हेतु शासकीय सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से यह योजना प्रारंभ किया गया है, जिसका लाभ अब आम जनता को मिलने लगा है।

### श्रद्धालु श्रीरामलला के दर्शन करने के लिए हैं आतुर

जिला पंचायत सीईओ श्री संदीप कुमार अग्रवाल ने बताया कि योजना का लाभ सभी वर्ग को मिल रहा है। यहा पहला अवसर है जब इस योजना से कबीरधाम जिले के निवासी सीधे लाभान्वित हो रहे हैं। इसी क्रम में आज दो प्राइवेट वातानुकूलित बसों में 71 श्रद्धालुओं के साथ डेलिगेशन के दो सदस्यों को दुर्ग रेलवे स्टेशन के लिए रवाना किया गया है। जहा पर विशेष ट्रेन के माध्यम से सभी श्रद्धालु श्री अयोध्या धाम जाएंगे। ट्रेन में आने जाने से लेकर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं शासन की ओर से उपलब्ध रहेगा। इस दौरान रेलवे की तरफ से श्रद्धालुओं के लिए जारी किए गए आइडेंटी कार्ड का वितरण सभी यात्रियों को किया गया। दल को रवाना करने के अवसर पर श्रद्धालुओं में भारी उत्साह एवं उमंग का माहौल देखा गया। श्रद्धालुओं ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहां की श्री रामलला के दर्शन करने हम सभी आतुर है तथा यहा मनोकामना पूरी होने वाली बात है जिसमे शासन का पूरा सहयोग मिल रहा है।

## आदिवासी समाज की कार्यकारिणी गठित



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उतई, 27 जून।** आदिवासी धुर्वे गोंड समाज और एवं गोंडवाना विकास समिति के वरिष्ठ कार्यकारी का गठन एवं युवा प्रभाग कार्यकारिणी का गठन दिन रविवार को बुढादेव मंदिर में संपन्न हुआ जिसमें चुनाव अधिकारी के रूप में मुंडा परिक्षेत्र के तहसील अध्यक्ष चुरामन कतलम मुडादार हरिशंकर ठाकुर अमर सिंह ठाकुर रामदयाल ठाकुर ठाकुर राम छेदैया की सानिध्य में शांतिपूर्ण और सर्वसम्मति चुनाव किया गया जिसमें सर्व सहमति से गोंडवाना विकास समिति का वरिष्ठ कार्यकारी अध्यक्ष बहादुर सिंह नेताम को पुनः अध्यक्ष बनाया गया ।चुनाव संपूर्ण होने के पश्चात 24 तारीख को सुबह 10 बजे रानी दुर्गावती बलिदान दिवस बुढादेव मंदिर में मनाया जाएगा और साथ ही 9 अगस्त को विशव आदीवासी मनाने की रूपरेखा तैयार किया गया जिसमें विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी विशव आदीवासी दिवस पर नगर भ्रमण सदस्यों के द्वारा रैली निकाल कर इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए हम सबने संकल्प लिए ।

## भिलाई-चरौदा निगम क्षेत्र के विद्यालयों में मनाया गया शाला प्रवेश उत्सव

**दुर्ग, 27 जून।** कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देशानुसार नगर निगम भिलाई-3 चरौदा क्षेत्र के शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय द्वारा बुधवार दिनांक 26 जून 2024 को शाला प्रवेश उत्सव आयोजित किया गया। जिसमे नये शैक्षणिक सत्र में सम्मिलित होने बड़े ही उत्साह के साथ विद्यार्थियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। वही विद्यालय के शिक्षकों एवं अन्य स्टाफ द्वारा भी विद्यार्थियों को तिलक लगाकर उनका स्वागत किया गया। कार्यक्रम में शामिल नगर पालिक निगम भिलाई-चरौदा कमिश्नर के साथ दोनो ही विद्यालय के अध्यापकों एवं शिक्षक गणों ने विद्यार्थियों को किताबें और स्कूल यूनिफार्म उपहार स्वरूप भेंट



कर उनका अभिवादन किया।उपस्थित विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों सहित शाला के शिक्षकों को संबोधित करते हुये कमिश्नर डी. एस. राजपूत ने कहा कि आज के परिवेश में शिक्षा का महत्व अत्यधिक है। पढाई करने के साथ व्यक्तित्व विकास मे खेलों एवं सह पाठ्यक्रम गतिविधियों में भी आप सभी विद्यार्थी शामिल होरक निरंतर जीवन मे अपने लक्ष्य की प्राप्ति के लिए तत्पर रहे। श्री राजपूत ने अपने जीवन में आज की स्थिति तक पहुंचने के लिए किये गये संघर्ष को याद करते हुए विद्यार्थियों के साथ अपने अनुभव साझा किये।शाला प्रवेश उत्सव में शांति नगर वार्ड क्रमांक-17 के पार्षद एवं वरिष्ट भाजपा नेता श्री फिरोज फारूकी ने भी शिरकत की। उन्होंने अपने संबोधन में शाला के विद्यार्थियों से कहा कि छुट्टियों के बाद आज से फिर शिक्षा का क्रम शुरू हो रहा है। मै आप सभी का नये शिक्षण सत्र में स्वागत करता हूँ एवं आप सभी के उज्जवल भविष्य की कामना करता हूँ। आज के कार्यक्रम में शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती निशा जैन, शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला के प्राचार्य श्री हरि ठाकुर, संकुल समन्वयक श्री अभिषेक वर्मा, शाला विकास समिति की ओर से श्रीमती दुर्गा कोसरे सहित विद्यालय के शिक्षक एवं विद्यार्थी गण में शामिल रहे।

## नई पाठ्यपुस्तकों से बच्चों को पढ़ाने का शिक्षकों दिया जा रहा प्रशिक्षण



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उतई, 27 जून।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत, राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा के अनुसार देश के कक्षा पहली से तीसरी तक के सभी बच्चों को सत्र 2026-27 तक बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान अर्थात शब्दो को समझ के साथ पढ़ना और लिखना के साथ संख्यात्मकता अर्थात मूलभूत गणितीय संक्रियाओ में दक्ष करने के लिए निपुण भारत के अंतर्गत स्रस्ह का मिशन चलाया जा रहा है। इस मिशन के अंतर्गत कक्षा पहली से तीसरी पढ़ाने वाले सभी शिक्षको को वर्तमान शिक्षा नीति एवं नवीन पाठ्यपुस्तको के उपयोग के माध्यम से शिक्षण देने के लिए राज्य के सभी जिलों में एवं सभी विकासखंड में प्रशिक्षण का आयोजन किया जा रहा है।

इसी के तारतम्य में विकासखंड पाटन में प्रशिक्षण के बीआरसीसी भवन के दो कक्षों में प्रशिक्षण आयोजित किया गया । जिसमें भाषा और गणित के शिक्षक संदर्शिका, अभ्यास पुस्तिका, पाठ्य पुस्तक में किस तरह से कार्य करना है इसे गतिविधियों द्वारा बताया गया।प्रशिक्षण उपरांत सभी प्रशिक्षार्थी शिक्षक आत्मविश्वास से लबरेज नजर आए एवं निपुण भारत स्रस्ह के लक्ष्य को प्राप्त करने में सहयोगी बनाने के लिए उत्साहित दिखाई दिए। जिसमें डीआरजी की भूमिका में महेन्द्र बहादुर, रेणुका वर्मा ,योगेश साहू, पितेन्द्र देवांगन, रामरतन मीणा एल एल एफ जिला प्रभारी , अनकेश्वर प्रसाद महिपाल एस आर जी ने प्रशिक्षण सम्पन्न किया।शिक्षको ने इस प्रशिक्षण में मुख्यतः निम्नलिखित विषयवस्तु का प्रशिक्षण प्राप्त किए जिनमे नई शिक्षा नीति 2020 का प्राथमिक शिक्षा के लिए लक्ष्य, ASER, NAS, PISA जैसे सर्वे एजेंसियों के लिए छात्रों को तैयार करना, मौखिक भाषा विकास,भाषा विकास के 4 ब्लॉक मॉडल, शिक्षक संदर्शिका, अभ्यास पुस्तिका तथा पाठ्य पुस्तिका के माध्यम से शिक्षण के तरीके, गणित शिक्षण के अप्रोच,गणित के 4 ब्लॉक मॉडल तथा उद्देश्य,लर्निंग आउटकम की समझ , आकलन व पुनरावृत्ति ,नवाजतन का उपयोग करना, बहुभाषा शिक्षण,जादुई पिटारा, पुस्तकालय आदि विषयों पर यह प्रशिक्षण सफलतापूर्वक संपन्न किया गया। इस प्रशिक्षण में विकास खंड शिक्षा अधिकारी प्रदीप महिलांगे और विकास खंड स्त्रोत समन्वयक खिलावन चोपड़िया ने एफ एल एन मिशन को पाटन में बेहतर ढंग से क्रियान्वित करने का संदेश दिया।

## दुर्घटना रोकने शासन और संयंत्र दोनों का समन्वित प्रयास



**भिलाई, 27 जून।** दुर्घटना के आंकड़ों को देखते हुए राज्य शासन और भिलाई इस्पात संयंत्र, सड़क सुरक्षा को लेकर बहुत सजग और सतर्क है। इसके लिए चौतरफा प्रयास किए जा रहे हैं। संयंत्र के नगर सेवा विभाग ने सेंट्रल एवेन्यू (पं रविशंकर शुक्ल मार्ग) सहित सभी प्रमुख मार्गों में सड़क सुरक्षा को लेकर सड़क डिवाइडर का कार्य 26 जून तक पूर्ण कर लिया है। इसके साथ ही सड़क सुरक्षा को लेकर तकनीकी रुप से आवश्यक कार्यों पर कार्यवाही की जा रही है। सड़क सुरक्षा के संदर्भ में जनवरी 2024 से जून 2024 के बीच भिलाई इस्पात संयंत्र प्रबंधन के साथ जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन की कई बैठक हो चुकी है। पुलिस प्रशासन और यातायात विभाग ने कई सुझाव देते हुए संयंत्र प्रबंधन से वर्तमान व्यवस्था में कुछ बदलाव और संशोधन का अनुरोध किया था। जिस पर त्वरित कार्यवाही करते हुए बीएसपी प्रबंधन द्वारा आज तक की स्थिति में किये गये सड़क सुरक्षा से सम्बन्धित लगभग सभी कार्य पूर्णता की ओर अग्रसर है। इस्पात नगरी के सौंदर्य और सड़क सुरक्षा के लिए इन दिनों कई परियोजनाओं पर कार्य किये जा रहे हैं। इन परियोजनाओं के तहत सड़कों की मरम्मत, चौकों का जीर्णोद्धार, सड़क की मरम्मत, चौक चौराहों का सौंदर्यीकरण, रोड़ डिवाइडर का निर्माण, चौक चौराहों से लोहे की ग्रिल हटाना आदि शामिल है। संयंत्र के मेन गेट से टाउनशिप के इक्विपमेंट चौक से लेकर पं. रविशंकर शुक्ल मार्ग (सेंट्रल एवेन्यू) तक रोड डिवाइडर का निर्माण, मरम्मत व रिकार्पेटिंग का कार्य किया गया है। फॉरेस्ट एवेन्यू स्थित उतई चौक में तिराहे एवं डिवाइडर का निर्माण, सभी मुख्य चौराहों जैसे इस्पात नगरी के मुख्य चिकित्सालय के समक्ष पं. रविशंकर शुक्ल चौक, सेक्टर-8 चौक, मरोदा चौक, रेल चौक, सीईजेड चौक और 25 मिलियन टन सेक्टर-4 चौक, डीपीएस चौक के मरम्मत, अनुरक्षण, नवीनीकरण और आवश्यक संशोधन किये गये। इसमें शामिल तालपुरी स्थित पंथी चौक का निर्माण कार्य भी पूर्णता की ओर है।

## फूड प्रोसेसिंग मशीनों के नाम पर लाखों की धोखाधड़ी करने वाले को पुलिस ने दबोचा

**भिलाई, 27 जून।** फूड प्रोसेसिंग मशीनों की डिलीवरी के नाम पर लाखों की धोखाधड़ी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए पुलिस ने सरगना को दबोच लिया है। इस मामले में धोखाधड़ी के शिकार हुए अदिति ब्रदर्स घराना फुडस के संचालक एवं समाजसेवी हरेन्द्र दुबे ने नंदिनी पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि ग्राम पोटिया में स्टारटप इंडिया के तहत उनके प्लांट के लिए फ्राई-टेक फूड इक्विपमेंट्स अहमदाबाद से मशीनों का सौदा सन 2022 में किया गया था जो आरोपित कंपनी के मालिक कन्हैया सिंह एवं प्रमोद कुमार सिंह द्धारा उनके फुडस प्रोसेसिंग प्लांट में मापदंड के अनुसार चाही गयी मशीनो का सप्लाई ना करते हुए पुरानी मशीनो को लाकर दे दिए तथा 40 लाख रूपये के मशीन की सप्लाई अभी तक नही किया है। दुबे ने अपनी रिपोर्ट में बताया है कि उनके फर्म के द्वारा फ्राई-टेक फूड इक्विपमेंट्स अहमदाबाद डायरेक्टर कन्हैया सिंह एवं प्रमोद कुमार सिंह से निम्न लिखित मशीन को क्रय करने का सौदा किया गया- कॉर्न प्रेसिंग एंड रोस्टिंग एंड फ्लेवोल मशीन फुल्ली आटोमेटिक, क्रय सौदा राशि 5,16,2500 रूपये। टेन मलटिहेड पैकिंग मशीन फुल्ली आटोमेटिक, क्रय सौदा राशि 2,68,0075 रूपये। रोस्टर विथ मसाला अप्लिकबल, फ्लावरिंग ड्रम कंवर, फिटिंग मटेरियल, पंप क्रय सौदा राशि 9,44,000 रूपये। हैमर टाइप पॅवेलिज़ेर क्रय सौदा राशि 5,38,965 रूपये। पैकिंग मशीन फॉर सत्तू पावडर, क्रय सौदा राशि 8,14,200 रूपये। सेमि



आटोमेटिक टू हेड पिकल जार विथ औगेर फ़िल्टर क्रय सौदा राशि 8, 48,715 रूपये। पैकिंग मशीन फॉर चटनी क्रय सौदा राशि सहित 2,29,215 -रूपये। एलेवेटर मशीन क्रय सौदा राशि सहित 5, 76, 135 रू- रूपये। कुल मशीनों का कुल सौदा राशि 1,08,52,805 रू में फर्म के द्वारा फ्राई टेक फ़ूड इक्विपमेंट्स से क्रय करने का पक्का सौदा कर मशीनों की एडवांस राशि 5903805 रूपये दिनांक 15,022022 को आर0टी0जी0एस0 से बैंक आंफ इंडिया सिविक सेन्टरके माध्यम से एवं बकाया राशि 4949000 रूपये को किश्तों में तक किया गया। फर्म द्वारा उक्त रकम लेने के उपरान्त 01 माह के भीतर मशीन की डिलवरी करने का मैखिक वचन दिया गया था परन्तु उनके द्वारा उक्त मशीन की डिलवरी नही किया गया है। हरेंद्र दुबे कई बार उसे मोबाईल एवं ईमेल के माध्यम से संपर्क करने पर अप्रैल 2022 में दो मशीन कॉर्न प्रेसिंग एंड रोस्टिंग एंड फ्लेवोल मशीन मैन्यवली एवं सत्तू पाउडर को पुराना मशीन डिलीवरी किया जबकि उनके द्वारा कोटेशन और इनवॉइस प्रोफार्मा में दिया गया मशीन विवरण 90 फीट लंबा 15 फीट चौड़ा और 15 फीट ऊंचाई एवं फूल ऑटोमेटिक कैपेसिटी पर 5000 केजी पर डे इन 12 घंटा वर्किंग कैपेसिटी का होना था परंतु उक्त विवरण अनुसार न होते हुवे पुरानी मशीन दिया गया है। वर्तमान में भी रोस्टर विथ मसाला एप्लीकेबल फ्लावरिंग, ड्रम कंवर, फिटिंग मटेरियल पंप मुझे भेजा गया है वह भी विवरण अनुसार न होते हुवे छोटी मशीन भेजा गया है । जो कि मेरे फैक्टरी के लिये उपयोगी नहीं है। उक्त मशीन गुणवत्तापूर्वक नही होने के संबंध में जब उसके द्वारा जुन 2022 को भेजा गया कारीगर/तकनीशियन के द्वारा मशीन स्टल करते समय ही बताया है और मशीन के एक्सपर्ट व्यक्तियों से भी जांच कराई है एवं टेन मल्टी हेड पैकिंग ऑटोमेटिक मशीन आज दिनांक तक नहीं दिया है, बार बार उक्त मशीन मांगने पर आज कल देने की बात करता है परन्तु नहीं देता है। दुबे ने कहा कि बार बार बोलने पर आरोपित धमकी भरी बात करता है जिसके कारण उनकी फैक्ट्री चालू नहीं हो पाई है। जिससे भारी आर्थिक नुकसान हो रहा है। दुबे ने यह भी बताया कि उक्त मशीनों को उन्होंने ऋष्टा लेकर खरीदा था जिसका अपैल 2022 से ई0एम0आई0 भर रहे हैं एवं विद्युत कनेक्शन एवं अन्य वाहनों का क्रय कर चुके हैं जिससे उन्हें कई प्रकार से आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वर्तमान में अब विक्रेता के द्वारा जो करना है कर लो की धमकी दिया जा रहा है। दुबे द्वारा बैक को लगभग पैतालीस लाख का भुगतान किया जा चुका है । दुबे की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपित को धारा 420,34 भादवि का अपराध पाये जाने से अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया और आरोपित कन्हैया को ले आयी। हरेंद्र दुबे ने कहा है कि वे इस मामले को लेकर ऊपर जाएंगे और विस्तृत जांच के लिए सरकार को पत्र लिखेंगे।

## पीएम जन मन योजना के तहत 34 सड़कों का निर्माण प्रगतिपथ



**कवर्धा, 27 जून।** कबीरधाम जिले में पीएम जन मन योजना के तहत 34 सड़को का निर्माण प्रगति पथ पर है और वन क्षेत्र में आने के कारण तेरह सड़के वन विभाग से अनुमति हेतु प्रक्रियाधिन है । अधिकारियों द्वारा सतत निरीक्षण किया जा रहा है और अपने तकनीकी मार्गदर्शन में निर्माण कार्य किया जा रहा है । कार्यपालन अभियंता एस के ठाकुर ने बताया की पहली प्राथमिकता है गुणवत्ता युक्त सड़क निर्माण हो । ठेकेदारों को गुणवत्ता युक्त निर्माण कार्य करने एवं समय पर पूर्ण करने के लिए निर्देश दिए गए है । कबीरधाम जिले में सड़को का संधारण भी जारी है । कबीरधाम जिले में गुणवत्ता युक्त सड़क निर्माण प्रगतिपथ से कबीरधाम जिले में हर्ष व्याप्त है ।

## आयुष्मान कार्ड का वितरण प्रारंभ



**भिलाई, 27 जून।** दुर्ग कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देशानुसार भिलाई-चरौदा निगम द्वारा आयुष्मान भारत योजना कार्ड का वितरण कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। जिसकी शुरुआत आज मंगलवार दिनांक 25-06-2024 को वार्ड क्रमांक-01-इंदिरा नगर हथखोज एवं वार्ड क्रमांक-02-हथखोज बस्ती से की गयी। नगर निगम भिलाई-03 चरौदा के सभी वार्डो में शिविर लगाकर आयुष्मान भारत योजना कार्ड का वितरण किया जायेगा। इस संबंध में निगम कमिश्नर डी.एस.राजपूत के द्वारा आदेश जारी कर कर्मचारियों को दायित्व प्रदान किया गया है। दिनांक 25 जून 2024 से प्रारंभ कर दिनांक 05 जुलाई 2024 तक निगम क्षेत्र के सभी वार्डो में आयुष्मान कार्ड का विवरण जारी रहेगा।इस कार्य में निगम के कम्प्यूटर आपरेटर तथा स्थानीय स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी वार्ड पार्षद से समन्वय स्थापित कर कार्य पूर्ण करेगें। गौरतलब है कि भारत सरकार की अत्यंत महत्वपूर्ण आयुष्मान भारत योजना का लाभ प्राप्त करने वाले परिवार 5.00 लाख रूपये तक की चिकित्सा सुविधा का लाभ प्राप्त कर पायेगें। आयुष्मान कार्ड जिसे प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के नाम से भी ाना जाता है। इस योजना में शासन द्वारा एक तरह का हेल्थ कार्ड जारी किया जाता है, जिसे आयुष्मान कार्ड भी कहा जाता है। इस कार्ड का उपयोग कर लाभार्थी सरकारी और प्राईवेट अस्पताल मे चिकित्सा सुविधा का लाभ प्राप्त कर सकते है।

# नियद नेल्लानार योजना का ग्रामीणों को मिल रहा है लाभ

- सुदूरवर्ती ग्रामों के विकास में वरदान साबित होगीः रामविचार नेताम
- प्रदेश के पांच जिला सुकमा, बीजापुर, दंतेवाडा, नारायणपुर और कांकेर में किया जा रहा है योजना का क्रियान्वयन
- योजनाओं के समन्वय से बनाया जा रहा आदर्श ग्राम

**रायपुर, 27 जून।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की पहल पर माओवाद से प्रभावित इलाकों में नागरिकों को मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराने के लिए शुरू की गई नियद नेल्लानार योजना से लोगों को काफी सहूलियत मिल रही है। सुकमा, बीजापुर, दंतेवाड़ा, नारायणपुर और कांकेर जिले में स्थापित सुरक्षा कैम्पों के आसपास के पांच किलोमीटर की परिधि में ग्रामीणों को राज्य और केन्द्र शासन द्वारा संचालित की जा रही योजनाओं का लाभ दिलाया जा रहा है। आदिम जाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक विकास मंत्री श्री रामविचार नेताम ने कहा है कि प्रदेश के सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्रों में निवासरत जनसंख्या को सभी मूलभूत सुविधाएं दिलाने एवं उन्हें राष्ट्र की मुख्यधारा में जोड़ने में नियद नेल्लानार योजना एक वरदान साबित होगी। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को इस योजना का शत्-प्रतिशत् क्रियान्वयन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए हैं। नियद नेल्लानार योजना की मॉनीटरिंग विभाग के प्रमुख सचिव श्री सोनमणि बोरा एवं सचिव सह आयुक्त श्री नरेन्द्र कुमार दुग्गा द्वारा की जा रही है और योजना को मिशन मोड में संचालित किया जा रहा है।

विभाग के अधिकारियों ने बताया कि नियद नेल्लानार से तात्पर्य आपका आदर्श ग्राम÷ है अर्थात् ऐसा ग्राम जहां पर निवासरत जनसंख्या को सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जा चुकी हैं और अब वह अन्य क्षेत्रों की तरह विकास के पथ पर आगे बढ़ने को अग्रसर है राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने कहा भी था ''कि यदि देश का विकास करना है, तो सर्वप्रथम ग्रामों को विकास करना होगा''। इसी बात को ध्यान में रखकर प्रदेश के 5 जिलों क्रमशः सुकमा, बीजापुर, दंतेवाडा, नारायणपुर एवं कांकेर में नियद नेल्लानार योजना क्रियान्वित की जा रही है, जिसमें इन जिलों के कुल 8 विकासखंडो में 23 सुरक्षा कैंपों के आसपास के 90 ग्रामों का विकास किया जा रहा है। इन सुरक्षा कैंपो के 5 किलोमीटर की परिधि में आने वाले ग्रामों में विभिन्न विभागों की योजनाएं संचालित कर इन ग्रामों में मूलभूत सुविधाओं और शासन द्वारा संचालित व्यक्तिमूलक योजनाओं का सेचुरेशन किया जाना है।

अधिकारियों ने बताया कि योजना के तहत प्रथम चरण में चिन्हांकित विकासखंडों में स्थापित कैंपो के अंतर्गत शामिल ग्रामों में विभाग द्वारा दो गतिविधियों वन अधिकार सेचुरेशन एवं जिला-ब्लॉक स्तर पर आवासीय विद्यालय की स्थापना का कार्य किया जाना है। वनाधिकार सेचुरेशन के अंतर्गत योजना में लक्षित क्षेत्रों में व्यक्तिगत एवं सामुदायिक वनाधिकार वितरण सुनिश्चित करने की दिशा में अब तक कुल 595 व्यक्तिगत, 178 सामुदायिक एवं 40 सामुदायिक वन संसाधन अधिकार पत्र वितरित किये जा चुके हैं। इसके अलावा मई माह में 10 दिवसीय अभियान के अंतर्गत लगभग 2593 नए आवेदन प्राप्त किये गए जिस पर जल्द कार्यवाही कर वनाधिकार देना सुनिश्चित किया जाएगा, ताकि कोई भी पात्र हितग्राही योजना के लाभ से वंचित ना रहे। नियद नेल्लार योजना अंतर्गत शामिल ग्रामों के विद्यार्थियों हेतु गुणवत्तापरक शिक्षा उपलब्ध कराने की दृष्टि से जिला-ब्लॉक में स्थापित आवासीय विद्यालय एवं आवश्यकतानुसार नए आवासीय विद्यालय स्थापित कर विद्यार्थियों का प्रवेश सुनिश्चित करना विभाग की इस योजना अंतर्गत एक प्रमुख दायित्व है। वर्तमान में लक्षित जिलों में कुल 79 प्री मैट्रिक छात्रावास, 20 पोस्ट मैट्रिक छात्रावास, 249 आश्रम व 8 एकलव्य आदर्श आवासी विद्यालय शालाएं मौजूद हैं।

## एक नजर

### बकरा चोरी करने वाला गिरफ्तार



**राजनांदगांव 27 जून।** प्राथी दिनांक 30.05.2024 को थाना हाजिर आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि रोज की तरह खेत में बकरा चराने गया था कि दोपहर में 3-4 अज्ञात व्यक्ति तीन पहिया वाहन में आकर 1 नग बकरा व 1 नग बकरी को चोरी कर लेगया है कि रिपोर्ट पर अपराध कायम कर विवेचना कार्यवाही में लिया गया। उक्त घटना के संबंध में जिले के वरिष्ठ अधिकारीगणों को अवगत कराया गया एवं श्रीमान् पुलिस अधीक्षक महोदय राजनांदगांव श्री मोहित गर्ग, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक(आप्स) महोदय श्री मुकेश ठाकुर, नगर पुलिस अधीक्षक श्री पुष्पेन्द्र नायक के दिशानिर्देश पर थाना प्रभारी लालबाग निरीक्षक नंदकिशोर गौतम नेतृत्व में टीम गठित कर लगातार माल मुल्जिम का पता तलाश किया गया कि जरिये मुखबीर से सूचना मिला व एकत्र पुख्ता साक्ष्य एवं संदेह के आधार पर ग्राम पेण्ड्री निवासी शिवा राम साहू उर्फ शिवा पिता स्व0 मनसुख लाल साहू उम्र 23 वर्ष निवासी वार्ड नं. 20 आबादी पारा पेंड्री थाना लालबाग जिला राजनांदगांव छ0ग0 को हिरासत में लेकर हिकमत-अमली से पूछताछ करने पर चोरी करना स्वीकार किया एवं चोरी गये 02 नग बकरा- बकरी प्रयुक्त वहाँ तीन पहिया ऑटो को पेश करने पर विधिवत जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया। आरोपी शिवा राम साहू द्वारा जुर्म स्वीकार करने पर आज दिनांक 26.06.2024 को विधिवत गिरफ्तार कर ज्यूडिशियल रिमाण्ड पर जेल भेजा गया है। सम्पूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी लालबाग निरीक्षक नंदकिशोर गौतम, सहायक उप निरीक्षक राजू मेश्राम, आर. 1371 राकेश ध्रुव आर0 88 राकेश ठावरे, आर0 कमल यादव , की सराहनीय भूमिका रही।

### रेती चोरी पर बरसें कांग्रेसी मुख्यमंत्री पुतला किया दहन



**राजनांदगांव 27 जून।** ब्लाक कांग्रेस कमेटी राजनांदगांव अध्यक्ष रोहित चंद्राकर नेतृत्व में सुरगी में पुतला दहन किया लोकसभा क्षेत्र डोंगरगढ़ विधानसभा क्षेत्र ग्राम मुड़पार में विगत दिनों 800 डफर रेती जब्ती डोंगरगढ़ एस डी एम किया था खनिज विभाग या उच्च मार्ग दर्शन के जब्ती रेती को बेच देना घोर लापरवाही है जांच के नाम पर 8 लाख जुर्माना न्याय संगत नहीं करोड़ों रेती हजम कर भाजपा सरकार संरक्षण में चल रहा जिसके विरोध में सुरगी अपराधी तथा संलिप्त अधिकारी उचित कार्रवाई नहीं होने पर प्रदेश स्तर धरना किया जाएगा आज सुरगी में विरोध मुख्यमंत्री विष्णु देव साय पुतला दहन किया जिलाध्यक्ष भागवत साहू पूर्व मंडी अध्यक्ष गोवर्धन देशमुख जिला पंचायत सदस्य अग्रेश्वर देशमुख उपाध्यक्ष जनपद पंचायत रोहित चंद्राकर महामंत्री जिला किसान कांग्रेस योगेन्द्र दास वैष्णव महामंत्री ब्लाक कांग्रेस कृत लाल पटेल चुम्मन निषाद सेक्टर प्रभारी गुमान ढीमर सरपंच दिललु साहु सरपंच लोकेश गंगवीर शनि साहू सुग्रीव साहु महेश दिवाकर राहुल साहु रवि साहू नागेश बलराम रोशन धर्मेन्द्र गोपाल पंकज तेज प्रकाश सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहा।

### सियान जतन कार्यक्रम से राज्य के वृद्धजनों को मिल रहा है लाभ

**रायपुर, 27 जून।** छत्तीसगढ़ शासन की महत्वकांक्षी योजना सियान जतन क्लीनिक÷ के तहत आयुष विभाग द्वारा वृद्धजनों (60 वर्ष) का सप्ताह के प्रति गुरूवार को निःशुल्क पंजीयन, उपचार औषधि वितरण किया जा रहा है। साथ ही पंचकर्म चिकित्सा की आवश्यकता वाले वृद्धजन को पंचकर्म चिकित्सा की सुविधा दी जा रही है। रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए आयुष काढ़ा का वितरण किया जा रहा है। वृद्धजनों को स्वस्थ रहने के तौर तरीके बताने का काम आयुष चिकित्सकों के द्वारा निरंतर किया जा रहा है। और इसके अच्छे परिणाम भी लोगों को प्राप्त हो रहें हैं। यह योजना राज्य के समस्त 1174 आयुष संस्थाओं में संचालित है। इस तहत अद्यावधि 12.85 लाख से अधिक वृद्धजन लाभान्वित हुए हैं। योजना के यह पहल समाज में वृद्धजनों की महत्ता को प्रतिपादित करते हुए, उनको बेहतर उपचार और स्वास्थ्य सेवायें प्रदान करने के उद्देश्य से की गई है। आयुष विभाग छत्तीसगढ़ के द्वारा सियान जतन क्लीनिक के माध्यम से वृद्धजनों को बेहतर आयुष सेवायें मिल रही हैं। वृद्धजनों के स्वास्थ्य की देखभाल के लिए प्रारंभ किये गये सियान जतन क्लीनिक को राष्ट्रीय स्तर पर सराहना मिल रही है।

## निधन

### शारदा प्रसाद शर्मा



**रायपुर।** पुरानीबस्ती निवासी श्री शारदा प्रसाद शर्मा (सिवनी वाले), पूर्व प्राचार्य नूतन हाईस्कूल धमतरी, का 98 वर्ष की आयु में 26 जून बुधवार को निधन हो गया है। उनकी अंतिम यात्रा गुरुवार 27 जून को सुबह 9.30 बजे मारवाड़ी मुक्तिधाम को निवास स्थान से प्रस्थान करेगी। वे प्रफुल्ल शर्मा (बाबा) एवं चन्द्रशेखर शर्मा (बबलू ) के पिता थे।

# जल विभाग की समीक्षा बैठक में आयुक्त ने अनावश्यक बहने वाले नल काटने के दिये निर्देश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 26 जून।** नगर निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता ने आज अपने कक्ष में जल विभाग एवं अमृत मिशन के अधिकारी की बैठक लेकर शहर में सार्वजनिक व अनावश्यक बहने वाले नल काटने तथा भवन अनुज्ञा उपरांत राशि जमा नहीं करने वालों के नल काटने निर्देशित किये। आयुक्त श्री गुप्ता ने पूर्व बैठक की समीक्षा कर जल विभाग के अधिकारियों से निकाय क्षेत्र के वार्ड में पेयजल सप्लाई की वार्डवार जानकरी ली। उन्होंने कहा कि बिना टोटी के नल काटे तथा अनावश्यक बहने वाले नलो को बंद करे, पूर्व की बैठक में भी नल काटने निर्देशित किया गया था। कार्यपालन अभियंता श्री यू.के.रामटेके ने बताया कि कुछ दिनों में चौखडिया पारा क्षेत्र के 6 नल काटा गया, इसी प्रकार पूर्व में भी अनावश्यक बहने वाले नल काटे गये थे। आयुक्त ने कहा कि शहर के आंतरिक भागों में कुछ नल अनावश्यक बहते रहने की शिकायत प्राप्त होती है, जिसे जॉच कर काटने की कार्यवाही करे। आयुक्त श्री गुप्ता ने कहा कि में कुछ क्षेत्रों में



अभी भी अमृत मिशन के नल कनेक्शन नहीं जूडने की शिकायत प्राप्त होती है। जहॉ कनेक्शन नहीं हुआ है, वहॉ कनेक्शन देने की कार्यवाही करे तथा इंटरकनेक्शन नहीं हुआ है, वहॉ इंटर कनेक्शन भी करे। इसी प्रकार कुछ क्षेत्रों में पानी कम आने या गंदा पानी आने की भी शिकायत प्राप्त होती है, उक्त शिकायतो का यथा संभव जल्द निराकरण करे। उन्होंने टंकिया भरने की जानकारी लेते हुये कहा कि सभी टंकिया पूरी भरनी चाहिये, पूरा भरने के उपरांत ही पानी सप्लाई करे, जिससे पर्याप्त मात्रा में पानी मिल सके। इसी प्रकार कुछ वालमेन के द्वारा लापरवाही की शिकायत प्राप्त होती है, उन्हें समझाईस देवे तथा स्थानांतरण करे। आयुक्त श्री गुप्ता ने कहा कि कामठी लाईन, रामाधीन मार्ग, सिनेमा लाईन के अलावा कई क्षेत्रों में नये व पुराने दोनों कनेक्शन से पेयजल सप्लाई हो रही है, इसकी जॉच कर पुराना कनेक्शन बंद करे जिससे फोर्स बढेगा और सभी तरफ पर्याप्त पेयजल सप्लाई होगी। उन्होंने कहा कि जिनके घर नये कनेक्शन नहीं हुआ है,वहॉ विधिवत कनेक्शन देवे, और पूरे कनेक्शन उपरांत पुरानी लाईन बंद करे, इस संबंध में पार्षदों से जानकारी लेकर कार्यवाही करे। उन्होंने कर्मचारियों के संबंध में जानकारी लेते हुये कहा कि मोहारा नये प्लांट में अमृत मिशन के कर्मचारी कार्य कर रहे है, वहा से निगम के कर्मचारी हटाकर पाईप लाईन मरम्मत एवं अन्य कार्य करावे। आयुक्त श्री गुप्ता ने कार्यपालन अभियंता श्री रामटेके से कहा कि जिन लोगों के द्वारा भवन अनुज्ञा उपरांत राशि जमा नहीं किये है, और उनके घर नल लगा है तो नल विच्छेदन की कार्यवाही करे। इसी प्रकार बड़े बकायादारों के भी नल काटे। उन्होंने कहा कि पेयजल संबंधी शिकायतों का त्वरित निराकरण करे तथा निगम एवं अमृत मिशन के टीम संयुक्त रूप से कार्य करे, जिससे शहर में सुचारू पेयजल सप्लाई हो सके।

# शैडो विधायक विक्रांत सिंह ने खरीफ फसलों में की गई मूल्य वृद्धि के लिए माना प्रधानमंत्री का आभार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**खैरागढ़ 27 जून।** प्रदेश कार्यसमिति सदस्य व खैरागढ़ विधानसभा क्षेत्र के शैडो विधायक विक्रांत सिंह ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केन्द्रीय मंत्रिमंडल द्वारा विपणन सत्र 2024-25 के लिए सभी आवश्यक खरीफ फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में वृद्धि को मंजूरी देने से किसानों को बड़ी आर्थिक मदद मिलेगी। और उनके जीवन का एक नया अध्याय आरंभ होगा। प्रधानमंत्री श्री मोदी की यह पहल जनकल्याण की भावना से किसानों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने वाली सिद्ध होगी। एमएसपी में इस वृद्धि से प्रधानमंत्री मोदी द्वारा अन्नदाताओं को दी गई पहली गारंटी पूर्ण होगी और देश की अर्थव्यवस्था पर भी इसका सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। उन्होंने एमएसपी में वृद्धि के लिए प्रधानमंत्री श्री मोदी का आभार माना और किसानों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। विक्रांत सिंह ने कहा कि 14 प्रकार की फसलों के मूल्यों में वृद्धि की गई है। समर्थन मूल्य पर की गई यह वृद्धि सिद्ध करती है कि प्रधानमंत्री मोदी जो कहते है वो करके दिखाते है। धान का समर्थन मूल्य 2 हजार 300 रू. प्रति क्विंटल किया गया है, इसमें 117 रू. प्रति क्विंटल की वृद्धि हुई है। अब कपास का न्यूनतम समर्थन मूल्य 7 हजार 521 रू. होगा, यह पिछली दर से 501 रू. प्रति क्विंटल अधिक है। इसी प्रकार



उत्पादकों को उनके उपज का लाभकारी मूल्य सुनिश्चित करने के उद्देश्य से ज्वार, बाजरा, रागी, मक्का, तुअर, मुंगफली, सोयाबीन, सूरजमुखी,तिल, रामतिल आदि के न्यूनतम मूल्य में वृद्धि की गई है। श्री सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की मंशा किसानों की आय बढ़ाना है। उन्होंने हाल ही में किसान सम्मान निधि जारी कर किसानों की मदद की है। समर्थन मूल्य पर की गई वृद्धि से हाईब्रिड ज्वार अब 3 हजार 371 रूपये, मालदंडी ज्वार 2 हजार 625 रूपये प्रति क्विंटल और बाजरा 2 हजार 625 रूपये प्रति क्विंटल की दर खरीदा जाएगा। रागी 4 हजार 290 रूपये प्रति क्विंटल खरीदने के लिए दरों में 444 रूपये की वृद्धि की गई है। मक्का अब 2 हजार 225 रूपये प्रति क्विंटल खरीदी जाएगी। सोयाबीन में 292 रूपये की वृद्धि की गई है, अब यह 4 हजार 892 रूपये प्रति क्विंटल की दर पर खरीदा जाएगा। तिल की दर में 632 रूपये प्रति क्विंटल की वृद्धि की गई है अब यह 9 हजार 267 रूपये प्रति क्विंटल की दर से लिया जाएगा। इस तरह फसलों की मूल्य वृद्धि किसानों की आय बढ़ाने में मील का पत्थर साबित होगी।

# पुलिस ने फैक्ट्री की मशीन चोरी के तीन आरोपि यों को किया गिरफ्तार



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 27 जून।** 25 जून को थाना हाजिर आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि कुतुलबोड़ भांटागांव में प्लाईवुड फैक्ट्री में काम करने वाले 03 कर्मचारी के द्वारा फैक्ट्री से बाट मशीन किमती 70000 रू को चोरी कर ले गया है कि रिपोर्ट पर अपराध कायम कर विवेचना कार्यवाही में लिया गया। उक्त घटना के संबंध में जिले के वरिष्ठ अधिकारीगणों को अवगत कराया गया एवं श्रीमान् पुलिस अधीक्षक महोदय राजनांदगांव श्री मोहित गर्ग, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक(आप्स) महोदय श्री मुकेश ठाकुर नगर पुलिस अधीक्षक श्री पुष्पेन्द्र नायक के दिशानिर्देश पर थाना प्रभारी लालबाग निरीक्षक नंदकिशोर गौतम नेतृत्व में टीम गठित कर लगातार माल मुल्जिम का पता तलाश किया गया कि जरिये मुखबीर से सूचना मिला व एकत्र पुख्ता साक्ष्य एवं संदेह के आधार पर आरोपीयों को हिरासत में लेकर हिकमत-अमली से पूछताछ करने पर चोरी करना स्वीकार किया एवं चोरी गये बाट मशीन को ममता नगर रोड रफीक कबाड़ी दुकान में बेचना बताये जो मशीन को कबाड़ी दुकान से बरामद कर विधिवत जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया।

# डकैती की प्लानिंग करते अन्तर्राज्यीय चोर गिरोह के 6 सदस्य गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 27 जून।** 25 जून की दरमियानी रात डोंगरगढ़ थाना डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव पुलिस स्टाफ द्वारा दिनांक 26.06.2024 की रात्रि को गस्त के दौरान सूनसान इलाकों में 06 लोग संदिग्ध हालत में मिलने पर उनसे पूछताछ करने और उनके बैग में रखे समान की तलाशी लेने पर बैग में पाना, पेचकश, प्लास, लोहे के सब्बल दो नग व टार्च/डिजिटल ज्वेलरी वेट मशीन मिलने पर उन्हें थाना लाकर पूछताछ किया गया। उनके द्वारा डकैती के इरादे से थाना डोंगरगढ़ क्षेत्र में आना बताये व पूर्व में ग्राम रामाटोला थाना डोंगरगढ़ में दिनांक 07.05.2024 को दिन में घर का तालातोड़ कर घर से 90,000/- (नब्बे हजार नगदी) व 54,000/- (चौवन हजार रूपये) का सोना-चांदी के गहने जुमला किमती 1,44,000/- (एक लाख चवालीस हजार रूपये) की



चोरी करना स्वीकार किये। जिस पर आरोपियों के विरूद्ध थाना डोंगरगढ़ में अपराध क्रमांक - 365 धारा 399, 402 भा.दं.वि. कायम कर विवेचना किया गया। विवेचना के दौरान आरोपियों के बताये अनुसार उनके कब्जे से लोहे का पाना 04 नग, लोहे का पेंचकश प्लास्टिक का मुठ लगा हुआ 07 नग, लोहे का रॉड जिसका एक सिरा नुकिला है 02 नग, एक नग टार्च, 02 नग लकड़ी का डण्डा व घटना में प्रयुक्त 02 नग मोटरसायकल 1- सी.डी.डीलक्स जे.एच.03क्यू.-9599 एवं 2- याम्हा-एफ.जेड. सी.जी.04के.जे.1135 कीमती लगभग 80,000/- रूपये एवं विभिन्न जगहों में चोरी के जेवरात लगभग 64 ग्राम सोना किमती लगभग 4,75,000/-रूपये, 1112 ग्राम चांदी किमती लगभग 1,00,000/-रूपये, जुमला कीमती 6,56,000/- रूपये जप्त कर आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया जाता है। उक्त आरोपियों से पूछताछ पर उनके द्वारा बताया गया कि वो चोरी का माल सोनार- विकास सोनी पिता दुर्गा प्रसाद सोनी निवासी आदर्श मार्ग, वार्डन0 08, पोस्ट ऑफिस के पास, थाना अनुपपुर, जिला अनुपपुर के पास बेचते थे जो अनुपपुर से आकर दुर्ग में नियत स्थान पर बुलाकर जेवरात की खरीदी करता था।

### श्रद्धालुओं की बस को हरी झंडी दिखाकर दुर्ग रेल्वे स्टेशन के लि ए किया गया रवाना

# जिले के 91 श्रद्धालु अयोध्या में करेंगे श्री रामलला का दर्शन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 27 जून।** श्री रामलला दर्शन योजना के तहत जिले के 91 श्रद्धालु अयोध्या में श्री रामलला का दर्शन करेंगे। कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में उप संचालक पंचायत श्री देवेन्द्र कौशिक एवं डिप्टी कलेक्टर श्री श्रीकांत कोर्राम ने आज सुबह संयुक्त जिला कार्यालय परिसर से बस को हरी झंडी दिखाकर दुर्ग रेल्वे स्टेशन के लिए रवाना किया, जहां दोपहर में श्रद्धालुजन स्पेशल ट्रेन से अयोध्या के लिए प्रस्थान करेंगे। उप संचालक श्री देवेन्द्र कौशिक ने श्रद्धालुओं को श्री रामलला के दर्शन के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उप संचालक श्री देवेन्द्र कौशिक ने बताया कि श्रद्धालुओं को अयोध्या में निःशुल्क श्री रामलला के दर्शन कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि श्रद्धालुओं को दुर्ग स्टेशन से स्पेशल ट्रेन के माध्यम से



अयोध्या के लिए रवाना किया जाएगा, जहां उन्हें भोजन, नाश्ता, पेयजल सहित सभी आवश्यक सुविधाएं निःशुल्क उपलब्ध कराई जाएंगी। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए 2 अनुरक्षक शासकीय कर्मचारियों को साथ भेजा जा रहा है। अयोध्या धाम की यात्रा के निकले ग्राम बघेरा निवासी श्री खेमचंद गोड़ ने कहा कि धन्य है हमारी किस्मत की श्री रामलला दर्शन के लिए छत्तीसगढ़ शासन ने योजना निकाली है। जिससे मैं अयोध्या धाम श्री रामलला दर्शन के लिए जा रहा हूं। श्री खेमचंद ने बताया कि वे खेती-किसानी करते हैं। उन्होंने कहा कि अयोध्या धाम जाने की बहुत इच्छा थी लेकिन रूपए ज्यादा लगने के कारण जाना संभव नहीं हो पाया था। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की पहल पर आज हमें अयोध्या में श्री रामलला के दर्शन के लिए जाने का अवसर मिला है। आज अयोध्या के लिए रवाना हो रहे है और हमें बहुत खुशी हो रही है। डोंगरगढ़ विकासखंड के ग्राम सहसपुर निवासी श्री संतोष कुमार साहू एवं ग्राम जारवाही निवासी श्री मयाराम गोड़ ने श्री रामलला दर्शन के लिए अयोध्या धाम जाने का मौका मिलने पर बहुत खुशी जाहिर की। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने श्री रामलला दर्शन के लिए योजना की शुरूआत की है। इसके लिए बहुत-बहुत धन्यवाद। इस योजना से सभी को श्री रामलला दर्शन का मौका मिल रहा है। ऐसे तो दर्शन करना संभव नहीं था लेकिन प्रदेश के मुखिया की पहल पर अयोध्या धाम में श्री रामलला दर्शन का मौका मिल रहा है। इसके लिए उन्होंने प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री को धन्यवाद ज्ञापित किया।

उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार द्वारा प्रदेश के निवासियों को अयोध्या में श्री रामलला का दर्शन कराने श्री रामलला दर्शन योजना शुरू की गई है। योजना के अंतर्गत प्रथम चरण में 55 वर्ष से अधिक और 75 वर्ष से कम उम्र के बुजुर्ग योजना का लाभ ले सकते हैं। आज यहां राजनांदगांव से रवाना होने वाले श्रद्धालुओं में श्री रामलला दर्शन के लिए बहुत खुशी जाहिर किया। श्री रामलला दर्शन योजना के तहत अयोध्या धाम यात्रा के लिए निर्धारित प्रारूप में आवेदन ग्राम पंचायत तथा शहरी क्षेत्रों में नगरीय निकायों में देना होगा।

## समाचार संक्षेप

### गुम हुये नाबालिगों को पुलिस ने 72 घण्टों मे खोज निकाला



**राजनांदगांव 27 जून।** थाना डोंगरगांव ङ्क दिनांक 26.06.2024 को पुलिस अधीक्षक राजनादगांव श्री मोहित गर्ग के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा तथा पुलिस अनु0 अधि0 डोंगरगांव, श्री दिलीप सिंह सिसोदिया राजनादगांव के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी निरीक्षक उपेन्द्र कुमार शाह के नेतृत्व मे दिनांक 24.06.24 को ग्राम किरगी मे गांव से खेलते हुये गुम हुये बच्चों की थाना डोंगरगावं मे प्रार्थी के रिपोर्ट पर गुमशुदा एवं अपहरण की अप0 दर्ज कर त्वरित कार्यवाही करते हुये निरी0 उपेन्द्र कुमार शाह के द्वारा थाना डोंगरगांव मे पुलिस टीम गठित कर बच्चों के पता तलाश मे लग गई । दौरान पतासाजी के सुचना मिला कि 03 नाबालिंक बच्चे इंदिरा मार्केट दुर्ग मे घुम रहे है की सुचना पर थाना डोंगरगांव पुलिस के द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुये संबंधित गुमशुदा बालकों के परिजनों को साथ लेकर सुचना तस्दीक हेतु रवाना हुआ मौके पर तीनो बालक 1. अभिषेक माहला पिता चोवाराम माहला , उम्र- 11 साल, पता- किरगी , थाना डोंगरगांव जिला राजनांदगांव, छ0ग0 , 2 लोकेश यादव पिता भुपेन्द्र कुमार यादव , उम्र- 14 साल, स्थायी पता- ग्राम अर्जुंदा ,थाना अर्जुन्दा ,जिला बालोद, छ0ग0 हाल ङ्क ग्राम किरगी , थाना डोंगरगांव जिला राजनांदगांव, छ0ग0, 3. हर्ष उर्वशा पिता स्व0कौशल कुमार उर्वशा , उम्र- 10 साल, स्थायी पता- ग्राम किरगी , थाना डोंगरगांव जिला राजनांदगांव, छ0ग0 बताया सुरक्षित मिला , जिन्हे साथ लेकर थाना डोंगरगांव आकर पुछताछ किया तीनो बालको ने अपने कथन मे अपने मर्जी से मैत्री गार्डन मे घुमने के लिये जाना बताये , एवं अपने साथ किसी प्रकार से कोई अप्रिय घटना का घटित नही होना बताने पर तीनो बच्चों का दस्तयाबी पंचनामा तैयार कर परिजनों को सुपुर्दनामा पर दिया गया है । परिजनों के द्वारा पुलिस के कार्यो का सराहना किया गया है । उक्त कार्य मे सउनि विजय साहू , प्र0आर0 संदीप देशमुख ,प्र0आर0 693 भुपेन्द्र कौंचे , आर0 1507 राकेश कुमार साहू की विशेष भुमिका रही है ।

### नव प्रवेशित बच्चों को पाठ्यपुस्तक एवं गणवेश का किया वितरण



**राजनांदगांव 27 जून।** कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल आज शासकीय प्राथमिक शाला सुखरी, पीएम श्री शासकीय प्राथमिक शाला अमलीडीह और शासकीय स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल डोंगरगांव में आयोजित शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में शामिल हुए। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने पहली बार स्कूल आने वाले नव प्रवेशित बच्चों को तिलक लगाकर एवं मीठा खिलाकर स्वागत किया। इसके साथ ही उन्होंने पाठ्यपुस्तक एवं गणवेश वितरण किया। उन्होंने बच्चों एवं शिक्षकों को नये शिक्षा सत्र की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने विद्यार्थियों को खूब मन लगाकर पढने् एवं अपने परिवार, समाज एवं देश का नाम रोशन करने कहा। उन्होंने बच्चों से कहा कि स्कूल में खेलना भी है, पढऩा भी है और अन्य गतिविधियों में शामिल भी होना है। उन्होंने शिक्षकों से कहा कि अच्छे से अध्ययन-अध्यापन का कार्य करेंगे तो बच्चों का भविष्य बनेगा। उन्होंने शिक्षकों को अच्छी मेहनत के साथ बच्चों को पढ़ाने कहा। कलेक्टर ने बच्चों को प्रतिदिन स्कूल आने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने शाला प्रवेश उत्सव में शामिल स्कूल समिति के सदस्यों एवं पालकों को अपने बच्चों को नियमित स्कूल भेजने कहा। इसके साथ ही सभी पालकों को स्कूल की गतिविधियों में शामिल होने भी कहा। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने पीएम श्री शासकीय प्राथमिक शाला अमलीडीह में साफ-सफाई देखकर प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि स्कूल परिसर में आने से अच्छी अनुभूति हुई है। उन्होंने कहा कि स्कूल परिसर में साफ-सफाई एवं व्यवस्थित होने पर पढ़ाई में मन लगता है। उन्होंने स्कूल परिसर में फलदार पौधे लगाने के लिए कहा। जिससे वातावरण अच्छा रहेगा। कलेक्टर श्री अग्रवाल के स्कूल आने पर नन्हे बच्चों ने बहुत अच्छा बैण्ड बजाकर दिखाया। इसकी उन्होंने बहुत प्रशंसा की। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी श्री अजय जायसवाल, जिला मिशन समन्वयक श्री सतीश ब्यौहारे, एबीओ रश्मि ठाकुर, शिक्षक, शाला विकास समिति के सदस्य, पालकगण उपस्थित थे।

### नशे के विरु द्ध एनजीओ व अधिकारी-कर्मचारियों ने मिलकर बनाई विशाल मानव श्रृंखला

**रायपुर 27 जून।** अंतर्राष्ट्रीय नशा निषेध दिवस पर रायपुर संभागायुक्त श्री संजय अलंग ने शासकीय विभागों के अधिकारियों-कर्मचारियों, एनजीओ सहित शहरवासियों को नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई। इस अवसर पर विशाल मानव श्रृंखला निर्मित कर नशे के विरूद्ध सभी ने संदेश दिया, साथ ही हिदायतुल्ला नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी की प्रो. हिना इलियास ने 'भारतीय न्याय संहिता-2023' के मूल तत्वों से सभी को अवगत कराया। इस अवसर पर कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री संतोष सिंह, नगर निगम आयुक्त श्री अबिनाश मिश्रा, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री विश्वदीप, सहायक कलेक्टर सुश्री अनुपमा आनंद सहित सभी विभागों के प्रमुख सम्मिलित रहें। रायपुर शहर के सबसे ऊंचे बहुमंजिला कलेक्टोरेट पार्किंग परिसर में संभागायुक्त श्री अलंग ने अपने उद्बोधन में समाज व परिवार को बेहतर दिशा देने हर नशे से दूर रहने का आह्वान किया।

संपादकीय

## सर्वसम्मति के लिए मजबूर हुआ इंडी गठबंधन...

राजनीति में सही वक्त पर सही चाल न चलने पर हार का सामना करना पड़ता है और ऐसी हार शमर्नाक होती है। स्पीकर चुनाव के मामले में इंडी गठबंधन ने सही समय पर सही चाल नहीं चली। इसलिए उसे स्पीकर के चुनाव में वोटिंग की राह की जगह, सर्वसम्मति की राह पर चलना पड़ा।यह कांग्रेस, राहुल गांधी व इंडी गठबंधन की हार है और यह हार उनका चुनाव है। उन्होंने ऐसी चाल चली जिसमें मात तो होनी हा थी। प्रोटेम स्पीकर के लिए के.सुरेश का नाम कांग्रेस ने आगे किया था, उसने सोचा था कि कमजोर एनडीए डरकर के.सुरेस के नाम पर राजी हो जाएगा। एनडीए की तरफ से अपना प्रोटेम स्पीकर बनाकर विपक्ष को संदेश दे दिया गया कि होगा वही जो एनडीए चाहेगा। हम तो ताकतवर विपक्ष है,इस अहंकार में कांग्रेस, राहुल गांधी व इंडी गठबंधन के नेताओं ने एनडीए को जताने की कोशिश की कि बहुमत आपके पास होगा लेकिन हम भी कमजोर नहीं है। हम भी वह कर सकते हैं, जो हाम करना चाहते हैं।विपक्ष की तरफ से एनडीए के स्पीकर पद के प्रत्याशी ओम बिरला के सामने कं.सुरेश को विपक्ष के प्रत्याशी के तौर पर नामांगन भरवा दिया गया।२५ जून की शाम तक तय माना जा रहा था कि स्पीकर सर्ससम्मति से नही चुना जाएगा, उसके लिए २६ जून को वोटिंग तय है। फिर २६ जून को विपक्ष ने स्पीकर के लिए सर्वसम्मति की बात क्यों मानी। सीधी सी बात है कि वोटिंग होती तो इंडी गठबंधन की एकता की पोल खुल जाती, उसके सासंदों की संख्या कम हो जाती और एनडीए के सदस्यों की संख्या ज्यादा दिखती । इससे यह साबित हो जाता कि इंडी गठबंधन अपनी एकता व मजबूती की जो बात कर रहा है, वह झूठ हैं।इंडी गठबंधन ने बड़ी गलती यह कर दी थी कि कें.सुरश को स्पीकर पद का प्रत्याशी बनाने के पहले गठबंधन की एक सीनियर नेता ममता बनर्जी की उपेभा कर दी। के.सुरेस को स्पीकर प्रत्यशाशी बनाने से पहले ममता को विश्वास में नहीं लिया गया। ममता ने इस पर गहरी नाराजगी जाहिर की और कह दिया कि वह के. सुरेश के नाम का विरोध करती हैं। ऐसा करके ममता ने राहुल गांधी,कांग्रेस सहित तमाम नेताओं को संदेश दे दिया कि तुम लोगों को ज्यादा सीटें आई होंगी, लेकिन मेरे बिना गठबंधन कुछ भी नहीं है। मैं मिनटों में देश को बता सकती हूं कि गठबंधन कमजोर हैं।ममता की नाराजगी सामने आने के बाद रात को ही कांग्रेस नेताओं ने उन्हें मनाने की कोशिश की लेकिन ममता नहीं मानी। विपक्ष को वही करना पड़ा जो करना नहीं चाहता था। उसने तो सर्वसममति के लिए यह शर्त रखी थी कि विपक्ष को डिपटी स्पीकर का पद दिया जाए तो वह स्पीकर के लिए सहमति दे सकता है। उसकी शर्त एनडीए ने तो मानी नहीं थी इसीलिए तो माना जा रहा था कि २६ जून को स्पीकर के लिए चुनाव होगा। विपक्ष जानता था कि संख्या बल उसके पास नहीं है, उसकी हार तो तय है. फिर भी इस बहाने वह यह जताना चाहता था कि एनडीए बहुमत के बाद भी वह सब आसानी से नहीं कर सकता जो वह करना चाहती है। वोटिंग होने पर विपक्ष की एकता व मजबूती का पता भी चलता कि उसके पास २३४ का बल है।ममता के कारण विपक्ष का एकता,मजबूती का प्रदशन नहीं हो सका। विपक्ष को वही करना पड़ा चो ममता चाहती थी। ममता के अलावा और भी सीनियर नेताओं ने विपक्ष के युवा नेताओं को समझाया होगा कि राजनीति में जोश के साथ होश से भी काम करना चाहिए। ऐसा काम नहीं करना चाहिए कि जिससे जनता में संदेश जाए कि विपक्ष को कुछ सीटें ज्यादा मिल गई है तो वह अहंकारी हो गया है। वह देश व संसद की परंपरा की परवाह नहीं कर रहा है और जो मन में आया कर रहा है। विपक्ष ने स्पाकर ओम बिरला के नाम हर सहमति देकर अच्छा काम किया है. यह काम उसने पहले दिन ही कर लिया होता तो उसकी और ज्यादा वाहवाही होती।ओम बिरला सर्वसम्मति से स्पीकर चुने गए हैं लेकिन विपक्ष की सहमति मजबूरी की है। हकीकत में उसकी इच्छा नहीं थी कि स्पीकर आमसहमति से चुना जाए लेकिन विपक्ष की सीनियर नेता ममता बैनर्जी के कारण अपनी पूरी योजना बदलनी पड़ गई। यह सबक है राहुल गांधी व कांग्रेस के लिए कि ९९ सीटें मिली है , इसका मतलब यह नहीं है कि गठबंधन के सारे नेता उसकी बात मानने के लिए मजबूर है।

विशेष आलेख

विष्णुदेव साय,मुख्यमंत्री

# आपातकाल लगाने वाले आज संविधान की दुहाई दे रहे

भारत में आज जो आजादी है, वह जेपी-लोहिया-अटल-आडवाणी जैसे महापुरुषों की देन है. यह कांग्रेस से लड़कर पाई गई आजादी है. कांग्रेस के शिकंजे से संविधान को मुक्त करा कर लाई गई आजादी है. आज हमने प्रदेशभर के लगभग 350 लोकतंत्र सेनानियों को सपरिवार मुख्यमंत्री निवास में भोजन पर आमंत्रित किया है. ऐसा कर वास्तव मैं स्वयं को भाग्यशाली महसूस कर रहा हूं. ये वो सेनानी हैं, जिनके कारण हमने दोबारा स्वतंत्रता पाई. पुनः लोकतंत्र को हासिल किया. जिन्होंने अत्यधिक प्रताड़ना झेल कर भी हमें अपना संविधान वापस दिलाया. देशभर के ऐसे ही लोकतंत्र सेनानियों के कारण आज हम विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र



के रूप में गौरवान्वित हो रहे हैं.

विश्व का हमारा सबसे बड़ा और सबसे अधिक सफल लोकतंत्र बहुधा रंग-बिरंगा दृश्य भी उत्पन्न करता है. यह पढ़ते हुए आपको आश्चर्य होगा कि जिस समय भारत अपने ऊपर थोप दिए गए आपातकाल की 50वीं बरसी मना रहा था, उसी समय कांग्रेस नीत विपक्ष के लोग संविधान की कथित हत्या का नारा लगाते हुए संविधान की प्रतियां लहरा रहे थे. उस कांग्रेस के लोग जिन्होंने संविधान की हत्या कर लोगों के मौलिक अधिकारों तक को स्थगित कर देश में घोषित तानाशाही लागू कर दी थी. विपक्ष के अधिकांश नेताओं-कार्यकताओं को निरपराध जेल में ठूंस दिया था.

25 जून 1975 से 21 मार्च 1977 तक का 21 महीने की अवधि भारत में एक सार्वाधिक बुरे अध्याय के रूप में दर्ज है. तत्कालीन राष्ट्रपति फखरुद्दीन अली अहमद ने तब के प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के कहने पर भारतीय संविधान की धारा 352 के अधीन आपातकाल लगा दिया था, जबकि आपातकाल जैसी कोई स्थिति तब थी ही नहीं. आपातकाल में चुनाव स्थगित हो गए तथा नागरिक अधिकारों को समाप्त करके मनमानी की गई. लोकनायक जयप्रकाश नारायण ने इसे ह्यभारतीय इतिहास की सर्वाधिक काली अवधिह्ल कहा था. तथ्य यह है कि जिन राष्ट्रीदियों पर आज कांग्रेस कथित तौर संविधान समाप्त करने का आरोप लगा रही है, वह संविधान और लोकतंत्र उन्हीं राष्ट्रीदियों द्वारा वापस बचाया गया है, जिसे सवारने का काम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कर रहे हैं. भारत में आज जो आजादी है, वह जेपी-लोहिया-अटल-आडवाणी जी जैसे महापुरुषों की देन है. यह कांग्रेस से लड़कर पाई गई आजादी है, कांग्रेस के शिकंजे से संविधान को मुक्त कराकर लाई गई आजादी है.

इंदिरा गांधी की तानाशाही, भ्रष्टाचार एवं तमाम अनियमितता के खिलाफ देशभर में तब भयंकर आक्रोश था. विगत चुनाव में इंदिरा गांधी के प्रतिद्वंदी रहे राजनारायण जी की चुनाव याचिका पर इलाहाबाद हाईकोर्ट द्वारा इंदिरा गांधी के खिलाफ फैसला देने पर उनके हाथ से सत्ता निकलती दिखी और तब 25 जून, 1975 की रात को आपातकाल लगाया गया था. सभी मौलिक अधिकार स्थगित कर दिए गए थे. उस दौरान देश के कुल 3801 अखबारों के दफ़्तरों में जाकर अखबारों की प्रतियां जब्त कर लिया गया था. 327 पत्रकारों को मीसा कानून के तहत जेल में बंद कर दिया गया। 290 अखबारों में सरकारी विज्ञापन बंद कर दिए गए। ब्रिटेन के ळौं ळौंर और ळौं ऋर्क्षश्र्ल्लि जैसे कई समाचार पत्रों के 7 संवाददाताओं को भारत से निकाल दिया गया। रॉयटर्स सहित कई विदेशी न्यूज एजेंसियों के टेलीफोन और दूसरी सुविधाएं काट दी गई। 51 विदेशी पत्रकारों की मान्यता छीन ली गई। 29 विदेशी पत्रकारों को भारत में एंट्री देने से मना कर दिया गया। अभिव्यक्ति के मौलिक अधिकार को जिस तरह तब कुचला गया था, उसका कोई अन्य उदाहारण नहीं है। आज का लोकतंत्र कांग्रेस के कारण नहीं, बल्कि उसके बावजूद कायम है।

हमने अपने पुरखों के बलिदान से भले आजादी दुबारा हासिल करने में सफलता पायी हो, लेकिन इस आजादी पर खतरे तब तक बने रहेंगे जब तक कांग्रेस का अस्तित्व है। हमने छत्तीसगढ़ में भी हाल ही में ऐसे दौर से मुक्ति पायी है, जहां महज बिजली कटौती की बात करने पर राजद्रोह के आरोप में मुकदमा कर दिया जाता था। जहां राष्ट्रीय नेताओं और पत्रकारों पर सौ-सौ मुकदमें इसलिए ठोक दिए गए थे, क्योंकि इन नेताओं ने संतों की निर्मम हत्या की भर्त्सना की थी, या कोरोना के समय सरकार और देश को बदनाम करने की विपक्षी साजिश वाले ह्यटुल किटह्ल को उजागर कर दिया था। ऐसे आपातकाल की मनोवृत्ति वाले तत्व और संगठन आज भी मौजूद हैं, हर क्षण-प्रतिपल लोकतंत्र विरोधी तत्वों के खतरे के प्रति सावधान रहने की जरुरत है। ये ऐसे ही तत्व हैं जो लगातार झूठ पर झूठ गढ़ते हुए देश को बदनाम करने का कोई मौका हाथ से गवाना नहीं चाहते। 2019 में ही कांग्रेस लगातार दुष्प्रचार कर रही थी कि अगर मोदीजी चुनाव जीत गए तो देश में चुनाव नहीं होंगे। यही राग 2024 में अलाप रहे थे जबकि भारत के चुनाव प्रणाली की साख दुनिया भर में है। ऐसा झूठ कांग्रेस इस तथ्य के बावजूद बोलती रही कि उल्टे उसने ही आपातकाल में चुनाव आदि की संभावनाओं को समाप्त कर दिया था। संसद के अधिकार छीन लिए थे। आज मोदीजी तीसरी बार जीते हैं और देश में चुनाव आयोग स्वतंत्र हो कर उपचुनाव की घोषणा कर रहा है। शीघ्र ही झारखंड, महाराष्ट्र आदि में चुनाव होने हैं। पर कांग्रेस अपने झूठ पर जरा भी शर्मिंदा नहीं है।

यहां यह विशेष तौर पर ध्यान देने योग्य बात है कि जिस सेक्यूलरिज्म को कांग्रेस ने लगातार दशकों तक तुष्टिकरण के बहाने के रूप में उपयोग किया, वह सेक्यूलरिज्म भी आपातकाल के दौरान ही संविधान की प्रस्तावना में डाल दिया गया था। वह मूल संविधान का हिस्सा नहीं था। इसके अलावा भी अनावश्यक तौर पर 80 से अधिक बार संविधान को तोड़-मरोड़ कर उसमें मनमाना संशोधन करते रहने वाली कांग्रेस ही आज अगर संविधान समाप्त होने की झूठी बात पर घड़ियाली आसूँ बहा रही है, तो इसके निहितार्थ को समझने की जरूरत है। बहरहाल अगर आप इतिहास को याद नहीं रखेंगे तो उसे बार-बार दुहराने पर विवश होंगे। आपातकाल का यह इतिहास हमें इसलिए भी बार-बार हर बार स्मरण रखना चाहिए ताकि ऐसा कलंकित इतिहास कभी अब फिर दुहराने का दुस्साहस कांग्रेस या उस मनोवृत्ति वाला कोई दल कभी अब करने में सफल नहीं हो पाए। इतिहास याद रखने का एक उपाय यह भी है कि हम हमारे सेनानियों, अपने नायकों को उनके शौर्य को सम्मानित करते रहें। दूसरी आजादी के सेनानियों अर्थात मीसाबंदियों को छत्तीसगढ़ में भी एक सम्मान राशि दी जा रही थी, प्रदेश की तब की भाजपा सरकार ने 2008 में इसे प्रारम्भ किया था। छत्तीसगढ़ में ऐसे 350 से अधिक लोग थे, जिन्होंने अत्यंत प्रताड़ना झेलते हुए भी लोकतंत्र की मशालें थामी रखी थी। कांग्रेस की पिछली सरकार ने इस सम्मान को भी मीसा बंदियों से छीन लेने का असंवैधानिक कृत्य किया था। उनकी सम्मान बहाली की लड़ाई में सभी राष्ट्रभक्त साथ रहे और हमारी सरकार ने सभी की पेंशन बहाली उनके बकाए राशि के साथ करने का निर्णय कर लोकतंत्र सेनानियों के अवदान के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित किया है। आज ऐसे सभी करीब 350 सेनानियों को हम ससम्मान मुख्यमंत्री निवास में सपरिवार भोजन पर आमंत्रित कर स्वयं को सौभाग्यशाली समझ रहे हैं। अपने नायकों का सम्मान कर वास्तव में हम स्वयं सम्मानित होते हैं। आपातकाल और उससे लड़ने वाले योद्धाओं का सम्मान हमेशा हमें आपातकाल वाले तत्वों से निपटने-जूझने हमें प्रेरित करता रहेगा.

## कलम की टीस

अतुल मलिकराम समाजसेवी

मैं कलम हूँ। मैं क्या कर सकती हूँ, कोई आसानी से नहीं समझ सकता। वो सब, जो नहीं समझते उनके लिए मैं एक निर्जीव वस्तु हूँ, न हिल सकती हूँ, न साँस ले सकती हूँ, केवल एक प्लास्टिक से बनी हुई वस्तु हूँ.. लेकिन हकीकत उनकी सोच से कोसों परे है। मैं क्या कर सकती हूँ, यह तो वही व्यक्ति समझ सकता है, जिसके विचारों में शक्ति हो और उँगलियों से उन विचारों को पन्ने पर उतारने की ताकत हो। जब कोई मुझे लिखने के लिए उठाता है, तो मैं गहरी साँस लेकर तैयार हो जाती हूँ और चलने-फिरने में सक्षम हो जाती हूँ। मैं एक कोरे कागज को उन विचारों के साथ अर्थ में बदल देती हूँ..

एक निर्जीव वस्तु (कलम) होने के कारण मैं अहंकारी स्वभाव से मुक्त हूँ। मैं कीमत में सस्ती हूँ, इसलिए हर कोई मुझे अपनी इच्छा के अनुसार खरीद सकता है। मुझे बहुत अच्छा लगता है जब कोई दूसरों को उनके विचारों के लिए लिखने के लिए जागरूक करता है या एक महत्वपूर्ण वस्तु समझकर किसी को उपहार स्वरुप देता है। मैं खिल जाती हूँ यह सोचकर कि एक बार फिर मैं कोरे कागज पर विचार बन कर अंकित हो जाऊँगी। मैं हमेशा सच लिखने की कोशिश करती हूँ।एक टीस है जो बार बार उठती है दिल पर, जब अदालत में एक न्यायाधीश किसी अपराधी की मौत का कागज पर हस्ताक्षर करता है। वह केवल उस व्यक्ति को नहीं मारता, वह मुझे भी मारता है.. वह उस हस्ताक्षर के साथ ही मुझे वहीं पर तोड़ देता है। मुझे बहुत दुःख होता है, जब भी किसी गलत काम के लिए मुझे उपयोग किया जाता है। मैं तो हमेशा अच्छा और उपयोगी लिखना पसंद करती हूँ। फिर क्यों मेरा गलत इस्तेमाल होता है?

एक कलम की टीस सिर्फ यही हो सकती है,
छीन गई मेरी शिनाख़्त मुझसे,
खून-ए-कागज पर तोड़ा है दम मैंने..

## आज का राशिफल

मेष राशिः आज का दिन बहुत ही बढ़िया रहने वाला है। आज आर्थिक पक्ष को मजबूत बनाने हेतु कुछ नई योजनाएं बनायेंगे। आज दिन भर घर की व्यवस्था तथा सुधार संबंधी कामों में व्यस्तता रहेगी। बच्चों के साथ बैठकर उनकी समस्याओं का समाधान निकालने में उनकी मदद करेंगे।

वृष राशिः आज का दिन आपके लिए बहुत महत्वपूर्ण है। आज आपका कोई जरूरी कार्य समय पर पूरा होने से मन प्रसन्न रहेगा। आज अपने ऊपर नकारात्मकता हावी न होने दें तथा स्वयं को व्यस्त रखें। किसी धार्मिक स्थल पर जाकर कुछ समय व्यतीत करना आप को सुकून देगा।

मिथुन राशिः आज का दिन उत्तम रहने वाला है। आज परिवार में किसी सदस्य की उपलब्धि से घर में खुशनुमा वातावरण रहेगा। डिनर और मनोरंजन से संबंधित कोई प्रोग्राम भी बन सकता है। आज थोड़ी-सी कोशिश से आप ऊंचे पद पर पहुंच सकते हैं। इस राशि के जो लोग सूचना प्रसारण क्षेत्र से जुड़े हुए हैं आज उन्हें किसी बड़ी संस्था में काम करने का अवसर मिल सकता है।

कर्क राशिः आज का दिन अच्छा रहेगा। आज जिससे भी मिलेंगे वह व्यक्ति आपसे प्रभावित होगा। बिजनेस में परिवार से सहयोग मिलेगा। वर्क प्लेस पर अपनी वाणी पर संयम बनाए रखें। करियर को लेकर आपके मन में उलझन बनेगी, लेकिन जल्द ही सब ठीक भी हो जायेगा। आज आपका स्वास्थ्य पहले से ठीक रहेगा, खाने में ड्राई फूड शामिल करें। पिता बच्चों के साथ गेम्स खेलने का प्लान बना सकता है।

सिंह राशिः आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज आपकी किसी अनजान व्यक्ति से मुलाकात होगी जो आपके व्यापार में लाभ दिलायेगा। आज संतान की तरफ से कोई शुभ समाचार मिलने से मन प्रसन्न रहेगा। आज आलस को अपने ऊपर हावी न होने दें, अपने काम पर अधिक ध्यान देंगे तो सफलता जरूर मिलेगी। आज आप आत्मविश्वास से भरे रहेंगे, जिस कार्य की शुरुआत करेंगे वो पूरा कर लेंगे।

कन्या राशिः आज का दिन मिला-जुला रहने वाला है। आज किसी रिश्तेदार की समस्या हल करने में आपकी विशेष भूमिका रहेगी। इससे आपकी छवि और व्यक्तित्व में और अधिक निखार आएगा। घर की जरूरत का सामान खरीदने जीवनसाथी के साथ मर्केट जायेंगे। ऑफिस के सहकर्मी के साथ किसी बात को लेकर विचार विमर्श करेंगे।

तुला राशिः आज आपका दिन खुशियों भरा रहेगा। आज आपका मन नये कार्यों को सीखने में लगेगा। आज बिजनेस में दो गुना वृद्धि होने के योग बन रहे हैं। आज अपने कार्यों को पूरी सावधानी के साथ करेंगे, साथ ही दूसरों की हर संभव मदद करेंगे। आज आपकी आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी। लवमेट के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा। जीवनसाथी से स्नेह और सहयोग मिलेगा।

वृश्चिक राशिः आज का दिन अच्छा रहने वाला है। आज आप दिन भर की व्यस्तता के बावजूद भी शाम को अपने लिए समय निकालेंगे। पहले शुरू किये हुए कार्यों को आज पूरा करने पर आपका ध्यान रहेगा 7 आज आप अपने रहन- सहन में बदलाव करने की सोचेंगें। इस राशि के जो लोग राजनीति से जुड़े हुये हैं उनकी समाज में काफी प्रशंसा होगी। परिवारिक रिश्ते बेहतर होंगे घर का माहौल खुशनुमा बना रहेगा।

धनु राशिः पारिवारिक जीवन में चल रहे कुछ महत्वपूर्ण कार्य आज पूरे होंगे। अपना व्यवहार सकारात्मक बनाए रखें। भविष्य के लिए बनायी योजनाओं पर आज कुछ सोच-विचार कर सकते हैं। आज अपने उद्देश्यों को पूरा करने का कुछ नया प्लान बनायेंगे। आज आपके स्वभाव में संयम और धीरज बना रहेगा, जिसके कारण आप अपनी सभी समस्याओं का हल आसानी से ढूंढ लेंगे। व्यापार को बढ़ाने के नये तरीके आपके सामने आयेंगे। आज आपकी सेहत पहले से अच्छी बनी रहेगी। छात्रों के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है, सफलता मिलने के योग बने हुए हैं।

मकर राशिः आज का दिन कॉन्फिडेंस से भरा रहने वाला है। आज आप अपनी सोच को सकारात्मक रखें। आज जॉब स्विच करने का मन बना सकते हैं, इसके लिए आपको अच्छे ऑप्शन मिल सकते हैं।महिलाएं आज घर के कामकाज निपटाने में सफल रहेंगी। आज जीवनसाथी से मनपसंद गिफ्ट मिलेगा।

कुंभ राशिः आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आपका मन घर और ऑफिस की दुनिया से बाहर निकल कर प्रकृति का आनंद लेने का करेगा। अपने अधूरे कार्यो को पूरा करने के लिए आज का दिन अच्छा है। आज आपकी आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। आपका आत्मविश्वास आपके लिए सफलता की कुंजी साबित होगा। प्रशासनिक कार्य पूरा करवाने के लिए आपको धैर्य से काम लेना होगा।

मीन राशिः आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। व्यापार में आज रोज की अपेक्षा ज्यादा मुनाफा होगा। निवेश से जुड़े कुछ बेहतर मौके आपको मिल सकते हैं। आज का दिन योजना बनाने और फैसला लेने के लिए बहुत अच्छा है। आज अपना पूरा ध्यान अपनी जिमेदारियों पर रखें। हर काम ईमानदारी से पूरा करने की कोशिश करें, आपको सफलता जरूर हासिल होगी।

## सुनो भाई उधो — अम्मट बासी-चटा गोंदली

परमानंद वर्मा

बटकी म बासी जागे,
मलिया म जागे साग।
कंवरा ढेलवानी जागे,
माटी म जागे भाग।।
बदरी बिशाल, परमानंद

छत्तीसगढ़ में बोरे बासी का अपना विशिष्ट स्थान है। खासकर गांवों में तो यह ग्रामीणों का प्रमुख आहार है। गर्मी के दिनों में तो दोनों जून इसका सेवन करते हैं। इसीलिए 'अम्मट बासी चटा गोंदली, नंदलाल सखी पुनिया डोकरी नामक लोक गीत प्रचलित है। शहर के किसी होटलों, मालों में 'बासी मांगने पर नहीं मिलता। भूतपूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने इसे प्रचारित करने की दिशा में कदम तो उठाया था लेकिन...?

बाप रे बाप, जान दे एसो के जेठ महीना तेकर ले नवा तपा, का तपिश ते सब के जीव हलाकान करके रख दीस। ऊपर से ये नवपंचक बाचे-खुचे हे तउनो आगी मूतत हे। अइसन गरमी के बखत मं ये चुनाव का झपागे, कतको मनखे रेंग दीस ऊपर कोती। आगी अंगरा कस तपत हे घाम हा।

काबर अतेक घाम करत हे, ओकर कारन का हे तउन ला अब जाने ले परही। जम्मो रुख-राई, जंगल, पहाड़, नदिया, नरवा, तलाब सब रोवत हे। ओकर विपदा, दुख, करलेस के कोनो हियाव करइया नइहे। लगथे ये धरती मं कोनो राक्षस मन उतरगे हे। ओकर नजर मं सिरिफ अउ सिरिफ विकास दीखत हे तब ये विकास कइसे आही... सब जंगल-झाड़ी, परबत, नदिया ल विनास करे मं। जब सब साफ हो जाही तब ये जमीन के भीतर जउन हंडा गड़े हे उही मं तो विकास छिपे हे।

छत्तीसगढ़ के भूतपूर्व मुख्यमंत्री स्व. अजीत जोगी के हे रिहिसे- इहां के अमीर धरती मं गरीब जनता निवास करथे। बासी खा-खा के जीवन गुजार दीन फेर पुरखौती जउन जायदाद हे ओला लुका (छिपा) के रखिन, नइ कोनो ल बतइन। जानत रिहिन हे, कहूं ये खजाना ला जान परही तब एक नइ बचाही।

ओ खजाना ल जान डरे हें। ये परदेसी मन सगा बनके अइन अउ आज इही सगा मन छत्तीसगढ़िया मन के छाती मं चढ़के शासन करे ले धर लीन। छत्तीसगिढ़या बासी खाते रहिगे अउ ओमन जउन हाथ पसारे अइन आज मॉल, पांच सितारा होटल के मालिक बने बइठ गे। अउ माल मसाला झड़कत हे।

ओमन कहिथे अउ आज जेने आथे तउने मन तको कहिथे- 'छत्तीसगढ़िया-सब ले बढ़िया । काबर ये नारा ला राग धर के कोनो गीत, गजल, कव्वाली, शेर अउ गीता, रमायन, वेद, पुरान के इसलोक, मंत्र असन गाथे, दुहरावत रहिथे? कोनो तो गीता रहस्य बरोबर ये नारा के रहस्य होही?

ये भारी रहस्य हे, ओ रहस्य ल ओ दिन अंतराष्ट्रीय कथावाचक सिहोर वाले महराज पं. प्रदीप मिश्रा हा तीन-चार लाख के भीड़ भरे सभा मं सबके आगू मं बताइस- शांत, सरल, मीठ-गुरतुर बोली, सहज सुभाव, छल-कपट, प्रपंच, झूठ-लबारी ले कोसों दूर, जउन मिलगे तउन मं संतोष, उदारता- जलन ले दूर, ये गुन के रहस्य भाव छत्तीसगढ़िया मन हे।

महाराज जी हा आगू किहिस- इही मन असली छत्तीसगढ़िया हे अउ अब जउन मन इहां पेट बिगारी, रोजगार धंधा, कारोबार, उद्योग, राजनीति करे के नांव ले के बस गे हे, ओमन नोहय छत्तीसगढ़िया, ओमन का जानही इहां के माटी के मरम ल। ये सप्तरिसी अऊ राम के महतारी कौशिल्या के तपोभूमि हे, तेकर अइसन संतान हे। सीधा-साधा, भोला-भाला हे इहां के मनखे। बासी-पानी, पेज पसइया खाके आजो ओमन अपन जीवन ल गुजारना जानथे। फेर ककरो दुआरी मं भीख मांगे ल नइ जाय न चोरी चकारी अउ गलत कारोबार, धंधा करय। ये तो बाहिर वाले मन इहां आके जब बसना शुरू करिन हे तब अपन दुरगुन अउ जहर ल बगरावत जात हे।

बासी आज घलो इहां के मुख्य भोजन हे, बड़काहा मनखे मन तात भात खाथें नइते बासी ल आज ले नइ छोड़े हे इहां के निवासी मन। सुरता आवत हे सन् बैंसठ-पैंसठ पर भयंकर अकाल परिस, एक दाना नइ होइस, तब कहां अमरीका ले सरकार हा चांउर (चांवल) मंगाय रिहिसे। ओकर न भात मिठावत रिहिसे न बासी।

बासी ल हाथ मं धरते ते पच-पच ले हो जात रिहिसे। अइसन ओ बइरी देस हे, जेन हा सड़े-गले चावल अउ गहूं ल भेजे रिहिसे। ओ अनाज ल जानवर मन खाथे, तेला भारत मं भेज रिहिस हे। छिनमिनहा छत्तीसगढ़ कइसनो करके जीव परान ल बचाना रिहिसे, ओ बिपत के दिन ले गुजारिन।

ओ अकाल ह छत्तीसढ़िया मन ल हिला के रख दीस। इही पइत ले गांव के मनखे मन शहर कोती झांकना शुरू करिन हे, रोजी-रोटी कमाय खातिर शहर वाले मन घला, भोला-भाला सिधवा जान के लुटे मन कोनो कमी नइ करिन।

गरीब के कोनो देखइया, सुनइया नइहे। न तब रिहिस, न आजो हे। सरकार, उद्योगपति, सेठ, साहूकार अउ बड़े-बड़े मन के बोलबाला हे। सब ठगराज बने बइठे हे। मस्त हे गरीब बासी खा-खाके, बासी ही ओकर मन के माखन मिसरी हे। नवतपा मं तो सब बोरे बासी झड़के हे अथान के चटनी अउ गोंदली के संग मं। एकर ले बड़े सुख अउ का लेबे?

*जाती-बिराती*

***बटकी मं बासी अउ चुटकी मन नून।***
***मंय गावत हौं ददरिया तंय कान दे के सुन।***

***ओ चना के दार राजा, चना के रानीचना के दार चना के दार गोंदली,***
***कडकत हे रे।***
***टुरा परबुधिया,***
***होटल म भजिया,***
***धडकत हे रे।***
***चना के दार राजा,***
***चना के दार रानी,***
***हो हो होई रे,,,,***

विशेष लेख

कमलज्योति,सहायक संचालक

# मुख्यमंत्री जनदर्शन कार्यक्रम जनता से जुड़ने का है सशक्त माध्यम

जनदर्शन कार्यक्रम महज जनता से भेंट करने का माध्यम ही नहीं है, यह एक ऐसा विश्वास का सेतु है, जिसमें संवाद भी है और समस्याओं के समाधान के साथ प्रदेश का विकास भी समाहित है। अरसे बाद एक बार फिर मुख्यमंत्री निवास में जनदर्शन कार्यक्रम प्रारंभ होने जा रहा है। इस जनदर्शन कार्यक्रम का लोगों को बेसब्री से इंतजार भी था। वे अपने मुखिया से मिलकर अपना सुख-दुख साझा तो करते ही है, इसके साथ ही संवाद के माध्यम से प्रदेश के विकास की अवधारणा को लेकर अपना मंतव्य प्रकट करते हैं। आदिवासी मुख्यमंत्री होने के साथ ही सरलता, सहजता का पर्याय श्री विष्णुदेव साय अपने मुख्यमंत्री निवास में 27 जून से प्रातः 11 बजे जनदर्शन कार्यक्रम के माध्यम से सीधे संवाद स्थापित करेंगे।

मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय द्वारा जनदर्शन कार्यक्रम के माध्यम से जनता से सीधे जुड़ने का प्रयास उनके धरातल से जुड़े रहने का अहसास कराता है। साधारण से ग्रामीण परिवार वाले पृष्ठभूमि से आए मुख्यमंत्री श्री साय गरीबों के साथ जरूरतमंदों के लिए अब आसानी से उपलब्ध होंगे। मुख्यमंत्री जैसे पद पर जहां निरन्तर व्यस्तताएं होती है और सभी लोगों तक पहुंच पाना और उनकी समस्याओं को, उनकी बातों को सुन और समझ पाना चुनौती है, ऐसे में जनदर्शन कार्यक्रम का आयोजन करके प्रदेश भर की जरूरतमंद जनता से मुलाकात करने का निर्णय साहसिक और सराहनीय भी है।

वैसे तो प्रदेश के मुखिया श्री विष्णुदेव साय राजधानी स्थित अपने निवास में और जिलों के कार्यक्रमों में आम जनता से निरन्तर मुलाकात करते रहते हैं और उनकी समस्याएं भी सुनते रहते हैं। उन्होंने अपने गृहग्राम बगिया में आम जनता की समस्याओं को सुनने और निराकृत करने अलग से कैम्प भी बनवाया है। वे जब अपने गृहग्राम जाते हैं तो भी बड़ी सहजता से आमजनों से मुलाकात कर समस्या का निराकरण करते नजर आते हैं। वे जब नहीं होते हैं तो उनके मार्गदर्शन में उनकी पत्नी द्वारा भी आमजनों से मुलाकात की जाती है। जरूरतमंदों को मार्गदर्शन किया जाता हैं। गृहग्राम बगिया में जनदर्शन के माध्यम से मुख्यमंत्री ने अनेक लोगों की समस्याओं का निराकरण किया है। एम्बुलेंस भेजकर गंभीर बीमारी से पीड़ित मरीज को अस्पताल में भर्ती कराकर उपचार भी कराए हैं। ऐसे ही जशपुर जिले की निवासी सुकांति बाई चौहान है, जिनका पैर खाना बनाते समय आग में झुलस गया था। वह चलने में असहाय थी। जनदर्शन के माध्यम से जब मुख्यमंत्री के संज्ञान में यह बात आई तो उन्होंने रायपुर में सुकांति बाई का उपचार करवाया। उपचार के बाद स्वस्थ हुई सुकांति बाई जब अपने पैरों में खड़ी हो गई तो मुख्यमंत्री श्री साय ने उनसे फोन पर बात कर हालचाल भी जाना। आर्थिक तंगी झेल रही सुकांति बाई के लिए मुख्यमंत्री के गृहग्राम बगिया का जनदर्शन कितना लाभदायक साबित हुआ यह तो वह ही जानती है, लेकिन असहाय और जरूरतमंद महिला के प्रति मुख्यमंत्री ने जो किया, यह उनकी संवेदनशीलता को दशार्ता है। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय न सिर्फ गृहग्राम बगिया में लोगों की समस्याएं सुनते हैं, वे राजधानी रायपुर निवास में और विभिन्न कार्यक्रमों में भी आमजनों के आवेदन प्राप्त कर उसके निराकरण की दिशा में कार्यवाही करते हैं। मुख्यमंत्री निवास में प्रतिदिन सैकड़ों लोग उनसे मिलने आते हैं। वे बहुत ही सहृदयता से उनकी बातें सुनते, समझते हैं। अब जबकि उन्होंने सप्ताह में गुरूवार के दिन अपने निवास में जनदर्शन कार्यक्रम प्रारंभ करने का निर्णय लिया है, ऐसे में प्रदेश भर की जनता से उनका सीधा संवाद होगा। सरगुजा से लेकर बस्तर तक के आमजनों की समस्याएं-शिकायतें मुख्यमंत्री द्वारा आसानी से सुनी जाएगी और जाहिर है कि प्रदेश के मुखिया तक बात पहुंचने से उनकी समस्याओं के समाधान में गतिशीलता नजर आयेगी। आम जनता की मुख्यमंत्री तक पहुंच, एक ओर शासन-प्रशासन में सुशासन के वातावरण को और प्रकाशमान करेगा, वहीं



जनमानस का विश्वास सरकार के प्रति मजबूत होकर निखरेगा। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय द्वारा सप्ताह में गुरूवार के दिन जनदर्शन कार्यक्रम करने का यह निर्णय आम जनता के प्रति उनकी निकटता, उनके समस्याओं के प्रति संवेदनशीलता और जनता के प्रति एक जिम्मेदार मुख्यमंत्री होने का फर्ज निभाने जैसा है और निःसंदेह इस कार्यक्रम से समस्याओं के समाधान और जनता से संवाद आसान होगा।

## एक नजर

### बच्चों का स्वागत कर शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया



**चारामा 27 जून।** नये शिक्षा सत्र में शाला प्रवेश के लिए बुधवार को प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला जनपद चारामा व अंग्रेजी माध्यम माध्यमिक शाला नाकापारा चारामा में सत्र 2024-25 का शाला प्रवेश उत्सव नव प्रवेशी बच्चों को तिलक लगाकर व मुँह मीठा कराकर स्वागत किया गया साथ ही सभी बच्चों को स्कूल गणवेश व पुस्तको का वितरण तीनो स्कूलों के शाला प्रबंधन समिति व सदस्यों की उपस्थिति में मनाया गया । इस अवसर पर संकुल समन्वयक श्री उत्तम बघेल के द्वारा सभी बच्चों को नये स्कूल सत्र कि शुभकामनाएं देते हुये नियमित रूप से स्कूल आने व शिक्षा ग्रहण करना हमारे जीवन के लिये कितना महत्व रखता है इस पर प्रकाश डाला गया साथ ही तीनो स्कूलो के प्रधान पाठको के द्वारा भी नये शिक्षा सत्र पर सभी बच्चों को शुभकामनाएं देते हुये आशीर्वाद प्रदान किया गया । इस अवसर पर श्रीमती हेमलता देवांगन प्रभारी प्रधान पाठक मा शाला जनपद चारामा श्रीमती शशि ठाकुर प्रभारी प्रधान पाठक मा शाला अंग्रेजी माध्यम नाकापारा चारामा, श्री लोचन यादव प्रधान पाठक प्रा शाला जनपद चारामा व तीनों स्कूलों के पालक गण व सभी स्कूल स्टॉफ उपस्थित थे ।

### 1 जुलाई से लागू होंगे तीन नए कानून

**उत्तर बस्तर कांकेर, 27 जून।** पूरे देश में 01 जुलाई से नवीन न्याय संहिता लागू होने जा रही है, जिसमें भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम शामिल हैं। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती मनीषा ठाकुर ने बताया कि भारतीय दंड संहिता 1860 के स्थान पर भारतीय न्याय संहिता 2023 को अधिसूचित किया गया है। भारतीय दण्ड संहिता की 511 धाराओं के स्थान पर अब 358 धाराएं हैं तथा 23 अध्याय के स्थान पर 20 अध्याय हैं। इसका प्रमुख उद्देश्य औपनिवेशिक कानूनों में बदलाव, नागरिक केन्द्रित एवं कल्याणकारी अवधारणा, प्राथमिकता का निर्माण, महिला सुरक्षा एवं न्याय, आतंकवाद, संगठित अपराध एवं भारत की सम्प्रभुता, एकता एवं अखण्डता के विरूद्ध अपराध, पीड़ित केन्द्रित कानून प्रावधान, अनुसंधान में वैज्ञानिक तकनीक, डिजीटल एवं इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य के प्रावधान और न्यायालयीन प्रक्रिया से संबंधित प्रावधान हैं। दण्ड संहिता से न्याय संहिता की ओर अग्रसर करने के लिए भारतीय न्याय संहिता में 20 नए अपराध शामिल किए गए हैं और कुल 19 प्रावधान (08 अपराधों सहित) हटाए गए हैं। आईपीसी की धारा 53 में मृत्यु, आजीवन कारावास, कारावास (कठोर और सरल), संपत्ति की जब्ती और जुर्माना सहित पांच प्रावधान शामिल था। इसके साथ ही भारतीय न्याय संहिता में सामुदायिक सेवा को भी दण्ड के प्रकार के रूप में शामिल किया गया है। नए कानून में मॉब लिंचिंग द्वारा हत्या के अपराध पर अधिकतम मृत्युदंड तक का प्रावधान किया गया है। पुलिस अधीक्षक कार्यालय द्वारा जानकारी दी गई है कि भारतीय दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 के स्थान पर भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 को अधिसूचित किया गया है।

### 30 जून को दो पाली में होगी प्री-बीएड एवं प्री-डीएलएड प्रवेश परीक्षा

**जगदलपुर 27 जून।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल रायपुर द्वारा 30 जून 2024 को प्री-बीएड प्रवेश परीक्षा पूर्वान्ह 10 बजे से मध्यान्ह 12.15 बजे तक एवं प्री-डीएलएड प्रवेश परीक्षा अपरान्ह 2 बजे से शाम 04.15 बजे तक जगदलपुर शहर के 16 परीक्षा केन्द्रों में आयोजित की जाएगी। जिसके तहत परीक्षा केन्द्र क्रमांक 1701 शासकीय काकतीय पीजी कॉलेज धरमपुरा नम्बर 02 जगदलपुर, परीक्षा केन्द्र क्रमांक 1702 शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय धरमपुरा नम्बर 03 जगदलपुर,परीक्षा केन्द्र क्रमांक 1703 शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या हायर सेकण्डरी स्कूल क्रमांक-01 जगदलपुर, परीक्षा केन्द्र क्रमांक 1704 शासकीय बहुउद्देशीय हायर सेकण्डरी स्कूल जगदलपुर, परीक्षा केन्द्र क्रमांक 1705 शासकीय दन्तेश्वरी पीजी महिला महाविद्यालय शांति नगर जगदलपुर, परीक्षा केन्द्र क्रमांक 1706 शासकीय कन्या हायर सेकण्डरी स्कूल क्रमांक-02, राजेन्द्र नगर वार्ड गीदम रोड जगदलपुर, परीक्षा केन्द्र क्रमांक 1707 स्वामी आत्मानंद एक्सीलेंट इंगलिश मीडियम शासकीय हायर सेकण्डरी स्कूल धरमपुरा स्पोर्ट्स काम्पलेक्स केम्पस धरमपुरा जगदलपुर,परीक्षा केन्द्र क्रमांक 1708 स्वामी विवेकानंद एक्सीलेंट इंगलिश मीडियम स्कूल अग्रसेन चैक संजय मार्केट रोड जगदलपुर में दोनों पालियों में प्रवेश परीक्षा होगी।

# नवीन न्याय संहिता का करें व्यापक प्रचार-प्रसार: कलेक्टर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**सुकमा, 27 जून।** कलेक्टर श्री हरिस.एस ने नवीन न्याय सहिता के संबंध में व्यापक प्रचार-प्रचार करने पर जोर देते हुए कहा कि जिले के नगरीय निकायों सहित सभी हाट-बाजारों में आम लोगों को नवीन न्याय संहिता की जानकारी देकर जागरूक किया जाए। कलेक्टर श्री हरिस.एस ने मंगलवार को आयोजित समय-सीमा की बैठक में उक्त निर्देश दिए। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री अभिषेक वर्मा के द्वारा 01 जुलाई 2024 से लागू होने वाले नवीन न्याय संहिता के संबंध में सक्षिप्त जानकारी दी गई।

कलेक्टर ने जिले में राजस्व विभाग में लंबित प्रकरण को तय समय-सीमा में निराकृत करने और त्रुटि सुधार हेतु प्राप्त आवेदनों को 15 दिवस के भीतर निराकरण करने के निर्देश दिए। साथ ही जाति-निवासी प्रमाण पत्र हेतु शिक्षा विभाग को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने खाद्य विभाग को जिले में शेष लोगों का राशनकार्ड बनाकर तय सीमा में वितरण करने को को कहा। उन्होंने जिले में सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट को लेकर सिग्रिगेशन सेंटर में डिस्पोजल करने हेतु आवश्यक निर्देश दिए। साथ ही नगरीय निकाय अधिकारियों को वार्डों में नियमित रूप से फिल्ड में रहकर साफ-सफाई कराने पर जोर दिया। जिले में एसबीएम के तहत प्रगतिरत निर्माण शेड को पूर्ण करने को कहा। साथ ही ओडीएफ में प्लस की दिशा में काम करने को कहा। कलेक्टर ने विकसित छत्तीसगढ़ हेतु सभी को अपने अपने सुझाव अवश्य देवें। कृषि केवाईसी, आधार सीडिंग हेतु लम्बित प्रकरण जल्द निराकरण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने जुलाई 01 से संपूर्णता अभियान को लेकर आकाक्षी जिला सुकमा एवं आकाक्षी ब्लॉक कोंटा में एएनसी पंजीयन, गर्भवती महिलाओं को पोषण आहार का प्रदान करना,स्वाइल हेल्थ कार्ड का वितरण करना, सेकेण्डरी स्कूलों में विद्युतीकरण एवं अन्य मापदण्डों में जुलाई से सितम्बर माह तक शत-प्रतिशत करने के साथ ही जिले में स्कूलों में एक माह में सभी स्कूलों में पाठय पुस्तक वितरण करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने शासन की योजनओं का लाभ दिलाने के लिए जिले में संचालित नियद नेल्ला नार योजना के तहत चिन्हांकित ग्रामीणों के शत-प्रतिशत आधार पंजीयन के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि 26 जून से नए शिक्षण सत्र प्रारंभ हो रहा है जिले में निर्माण एवं मरम्मत कार्य पूर्ण हो चुके स्कूलों में एक सप्ताह के भीतर नए स्कूल भवनों में संचालित करने को कहा। उन्होंने शाला प्रवेश उत्सव के सम्बंध में शिक्षा अधिकारी को आवश्यक निर्देश दिए। पीडीएस, आंगनवाड़ी भवन और स्कूल निर्माण कार्य की जानकारी। आवास योजना, आवास निर्माण कार्य बाधित न हो इसके लिए बारिश के पूर्व आवश्यक सामग्री पहुंचाने को कहा ताकि आवास के हितग्राहियों को शीघ्र लाभान्वित हो सकें। जुलाई माह के लिए पीडीएस दुकानों में खाद्यान्न की भण्डारण करने को कहा। बैठक में स्वास्थ्य विभाग, जल जीवन मिशन, क्रेडा, महिला बाल विकास सहित अन्य विभागीय की विस्तार से समीक्षा की गई।

## श्री रामलला दर्शन योजना:श्रद्धालु अयोध्या धाम के लिए रवाना



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सुकमा, 27 जून।** श्रीरामलला दर्शन योजना के तहत जिले के 23 श्रद्धालु अयोध्या में श्री रामलला का दर्शन करेंगे। जनप्रतिनिधी श्री धनीराम बारसे ने मंगलवार को बस को हरी झंडी दिखाकर दुर्ग रेलवे स्टेशन के लिए रवाना किया। जहां से सुबह श्रद्धालुजन स्पेशल ट्रेन में बैठकर अयोध्या के लिए प्रस्थान किया।

श्री बारसे ने श्रीरामलला दर्शन के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ देश का पहला राज्य है, जहां की जनता को सरकारी खर्च से अयोध्या में श्रीरामलला का दर्शन कराया जाएगा। उन्हें यात्रा के दौरान सभी आवश्यक सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जाएगी। इस अवसर पर जनप्रतिनिधिगण एवम् संयुक्त कलेक्टर श्री सूरज कश्यप, सीएमओ सुकमा श्री एचआर गोंदे सहित नगर पालिक परिषद् अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित थे।

जिले के 23 तीर्थयात्रियों के लिए चयनित तीर्थयात्रियों को दुर्ग रेलवे स्टेशन से स्पेशल ट्रेन द्वारा श्री रामलला दर्शन (अयोध्या धाम) की यात्रा के लिए रवाना हुए तथा यात्रा पश्चात तीर्थयात्रियों की 29 जून 2024 को देर रात रेलवे स्टेशन पर वापसी होगी। यात्रियों की सुविधा के लिए सहायक उप निरीक्षक श्री चंदू लाल छेदावी की अनुरक्षक (एस्कार्ट) के रूप में ड्यूटी लगाई गई है। श्री श्री चंदू लाल का मोबाईल नंबर 94060-03527 है।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में प्रदेश सरकार बड़ी तेजी से मोदी जी की गारंटी को पूरा करने का काम कर रही है। श्री रामलला दर्शन योजना के तहत श्रद्धालुओं को पूरा पैकेज मिलेगा जिसमें छत्तीसगढ़ से अयोध्या जाने, वहां रहने की व्यवस्था, मंदिर दर्शन, नाश्ते और खाने की भी व्यवस्था रहेगी। इस ट्रेन में टूर एस्कॉर्ट, सुरक्षा कर्मी और चिकित्सकों का दल भी मौजूद रहेगा।

### शहर के मुख्य चौक-चौराहों के सौंदर्यीकरण हेतु कलेक्टर ने की विभिन्न समाज, संघ के प्रमुखों से चर्चा

**जगदलपुर 27 जून।** कलेक्टर श्री विजय दयाराम के. ने कहा कि शहर आपका है, शहर के चौक चौराहों का सौंदर्यीकरण में समुदाय के विचार और सलाह अति महत्वपूर्ण है। शहर के विकास में सभी नागरिकों की सहभागिता होना आवश्यक है। उक्त बातें कलेक्टर ने जिला कार्यालय के प्रेरणा सभाकक्ष में नगर निगम द्वारा चौक-चौराहों के विकास हेतु आयोजित बैठक में विभिन्न समाज, व्यापारी संघों से चर्चा के दौरान कही। नगर निगम द्वारा शहर के मुख्य चौक एनएमडीसी चेक, एयरपोर्ट चौक , शहीद पार्क, कोतवाली चौक, अग्रसेन चौक के विकास और सौंदर्यीकरण पर चर्चा कर विकास कार्य हेतु उनको दायित्व लेने के संबंध में भी वार्ता की गई। जिसमें कुछ व्यापारी संघ और समाज ने अलग-अलग चौक के सौंदर्यीकरण के सहमति दी है। नगर निगम आयुक्त हरेश मंडावी ने शहर के प्रमुख चौक-चौराहों के विकास और सौंदर्यीकरण की प्रेजेंटेशन के माध्यम से विकास कार्यों की डिजाइन और लागत की जानकारी दी।

### कोडागाँव ब्लॉक कॉलोनी शासकीय इंग्लिश मीडियम स्कूल में प्रवेश उत्सव मनाया गया



**कोडागाँव 27 जून।** ब्लॉक कॉलोनी कोंडागांव शासकीय प्राथमिक शाला एवं उच्च प्राथमिक शाला इंग्लिश मीडियम स्कूल में 26 जून 2024 को प्रवेश उत्सव मनाया गया इस अवसर पर प्राथमिक शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष धंसराज टंडन एवं उच्च प्राथमिक शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष हरेंद्र देवांगन व प्रबंध समिति के सदस्यों एवं पलकों व प्रधान अध्यापिका एवं शिक्षिका , शिक्षकों के द्वारा पहली कक्षा के छात्र छात्राएं एवं छठवीं कक्षा के छात्र-छात्राएं को शाला प्रवेश कराने के पश्चात उपस्थित अतिथियों के द्वारा माँ सरस्वती के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित की गई शासकीय प्राथमिक शाला एवं उच्च प्राथमिक शाला के शिक्षकों के द्वारा शाला प्रवेश उत्सव के उपस्थित अतिथियों को गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया गया इस अवसर पर प्रधान अध्यापिका श्रीमती किरण देवांगन ने अपने स्वागत उद्बोधन में कहा कि शिक्षक बच्चों के प्रति समर्पण भाव से शिक्षा देता है साथ ही आप सभी पालकों की भी जिम्मेदारी है कि आप अपने बच्चों का पढ़ाई का मूल्यांकन करना चाहिए तभी बच्चे अच्छे अंको से पास होंगे।

## जिले के 77 श्रद्धालु श्री रामलला दर्शन के लिए रवाना हुए अयोध्या धाम

■ विधायक और कलेक्टर ने हरी झंडी दिखाकर बस को किया रवाना

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर 27 जून।** राज्य शासन के श्री रामलला दर्शन योजनान्तर्गत जिले के 77 श्रद्धालु मंगलवार को श्री रामलला दर्शन के लिए जय श्रीराम उद्घोष के साथ अयोध्या धाम रवाना हुए। इस मौके पर विधायक जगदलपुर श्री किरणदेव सहित कलेक्टर श्री विजय दयाराम के. और अन्य जनप्रतिनिधियों ने स्थानीय टाऊन हॉल परिसर में हरी झंडी दिखाकर श्रद्धालुओं के बस को रवाना किया। इस दौरान श्रद्धालुओं को श्रीराम अंकित अंग वस्त्र पहनाकर उन्हें श्री रामलला दर्शन हेतु बधाई दी गई।

इस अवसर पर विधायक श्री किरणदेव ने श्रद्धालुओं को श्री रामलला दर्शन हेतु बधाई देते हुए कहा कि वर्षों से भगवान श्रीराम के दर्शन की जो आस मन में थी,वह सपना आज पूरी हो रही है। राज्य सरकार की इस अनूठी योजना से भगवान श्रीराम के दर्शन करने जाने का अवसर सभी श्रद्धालुओं के लिए सौभाग्य है। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं को एक-दूसरे का ख्याल रखकर साथ में दर्शन कर सकुशल तीर्थयात्रा की कामना की। इस मौके पर कलेक्टर श्री विजय दयाराम के.ने श्रद्धालुओं की मंगलमय यात्रा की कामना करते हुए कहा कि देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की मंशानुरूप राज्य शासन की श्री रामलला दर्शन योजनान्तर्गत जिले के 77 श्रद्धालुओं को श्री रामलला दर्शन करने जाने का यह सुअवसर उनकी मन की मुराद को पूरी कर रही है। सभी हंसी-खुशी जाएं और रामलला का दर्शन कर पुण्य कमाकर आएं। कलेक्टर ने बताया कि इस योजनान्तर्गत 87 श्रद्धालुओं के लक्ष्य के विरुद्ध 77 को लाभान्वित किया जा रहा है। इन सभी का स्वास्थ्य सम्बन्धी रिकार्ड पहले ही लिया गया है और यात्रा के पूर्व भी मौके पर स्वास्थ्य जांच किया गया है। उक्त श्रद्धालुओं के सहयोगी भी जा रहे हैं साथ ही प्रशासन द्वारा समुचित देखभाल के लिए कर्मचारियों की नामजद ड्यूटी लगाई गई है। कलेक्टर ने सभी श्रद्धालुओं को सकुशल यात्रा की बधाई देते हुए कोई भी दिक्कत होने पर अपने सहयोगी एवं कर्मचारियों से तुरंत सम्पर्क करने का आग्रह किया। इस दौरान अवगत कराया गया कि जिले के इन श्रद्धालुओं का जत्था बस्तर एवं दुर्ग संभाग के श्रद्धालुओं के साथ दुर्ग रेलवे स्टेशन से विशेष ट्रेन के जरिए सीधे अयोध्या धाम प्रस्थान करेगा। टाऊन हॉल में श्रद्धालुओं को रवाना करने के अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों सहित सीईओ जिला पंचायत श्री प्रकाश सर्वे तथा अन्य अधिकारी और गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

# 1 जुलाई से भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 होंगे प्रभावी

■ प्रकरणों के निराकरण के लिए समय का किया गया निर्धारण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**सुकमा, 27 जून।** मंगलवार को जिला पंचायत के सभाकक्ष में 1 जुलाई 2024 को लागू होने वाले नये कानून के संबंध में, गणमान्य नागरीको, पत्रकार एवं पुलिस- प्रशासन के अधिकारी एवम् कर्मचारियों को जानकारी दी गई। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री अभिषेक वर्मा ने कहा कि 1 जुलाई 2024 से नये कानून लागू हो रहे हैं। इसके संबंध में अधिकारियों के साथ ही नागरिकों को जानकारी होना चाहिए। एक जुलाई से भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023, भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 प्रभावी होंगे।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री अभिषेक वर्मा ने भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023, भारतीय साक्ष्य अधिनियम के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि भारतीय दण्ड संहिता एवं कानून की दिशा में यह एक व्यापक परिवर्तन है। इन कानूनों के संबंध में अधिकारियों एवं नागरिकों को जानकारी होना चाहिए। नये कानून में आरोपियों के लिए नये प्रावधान किए गए हैं। सभी के लिए आवश्यक है कि स्वयं भी इन कानूनों को समझें तथा दूसरों को भी जागरूक करें। उन्होंने बताया कि 1 जुलाई 2024 से कानून लागू होने के बाद कोई भी अपराध होने पर नये कानून के अंतर्गत घटना या अपराध पंजीबद्ध होगा। इसके अंतर्गत अपराधों के लिए न्याय व्यवस्था अंतर्गत यह व्यवस्था की गई है कि निर्धारित समय में उनका निराकरण हो सके। इसी तरह पुलिस एवं न्यायालय के लिए तथा पोस्टमार्टम रिपोर्ट, फॉरेंसिक रिपोर्ट समय पर देना होगा। इसमें पीड़ित पक्ष, आरोपी पक्ष सभी को फायदा होगा। सूचना प्रौद्योगिकी का प्रयोग करते हुए पूरी प्रक्रिया को डिजिटल किया गया है। एफआईआर की प्रक्रिया, एफआईआर के निर्णय सभी डिजिटल फार्म में होंगे। सामाजिक-आर्थिक विकास के दृष्टिकोण से सभी नागरिक अलग-अलग स्थानों में रहते हैं। ऐसी स्थिति में दस्तावेज डिजिटल होने से फायदा मिलेगा।

उन्होंने बताया कि ई-एफआईआर के लिए फोन, ई-मेल, व्हाट्सएप के माध्यम से अपराध घटित होने की सूचना दे सकते हैं। अब इसके लिए जवाबदेही तय हो जाएगी। प्रार्थी को संबंधित थाने में जाकर हस्ताक्षर कर एफआईआर दर्ज करानी होगी। थाना प्रभारी या विवेचक को जांच की जरूरत लगने पर एसडीओपी या सीएसपी की लिखित अनुमति के बाद जांच होगी। झूठी शिकायत से बचने के लिए तीन दिवस में पुलिस अधिकारी जांच करेंगे तथा गंभीर मुद्दा होने पर एफआईआर दर्ज होगी तथा विधिवत प्रकरण की विवेचना की जाएगी। यह महत्वपूर्ण है कि डिजिटल फार्म में शिकायतों को लेने से धीरे-धीरे विश्वसनीयता बढ़ेगी। उन्होंने बताया कि अर्थदण्ड में परिवर्तन करते हुए वृद्धि की गई है, जो कि प्रासंगिक एवं सामयिक है। इसके साथ ही अपराधियों के लिए सामाजिक सेवा की बात की गई है। उन्होंने बताया कि फॉरेंसिक टीम एवं साक्ष्य से संबंधित प्रावधान महत्वपूर्ण है। बच्चों एवं महिलाओं के खिलाफ आरोप होने पर कड़ी सजा का प्रावधान है, इसे गंभीरता से लिया गया है। बच्चों से अपराधिक गतिविधि कराने पर दुगुनी सजा का प्रावधान है। बार-बार अपराध करने वालों पर अधिक दण्ड का प्रावधान किया गया है। देश के बाहर भाग जाने वाले अपराधियों पर शिकंजा कसने के लिए भी प्रावधान किए गए हैं। इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर श्री सूरज कश्यप, श्री उत्कर्ष भारती सहायक लोक अभियोजक सहित पत्रकारगण, गणमान्य नागरीकगण, सहित पुलिस-प्रशासन के अधिकरी कर्मचारिगण उपस्थित थे।

### ॉमिशन वात्सल्य योजना एवं सखी के तहत सयुक्त बैठक संपन्न



**सुकमा, 27 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर श्री हरिस.एस के अध्यक्षता में मंगलवार को मिशन वात्सल्य योजना के तहत जिला बाल कल्याण एवं सरंक्षण समिति एवं अन्य समितियों की संयुक्त बैठक कलेक्ट्रेट कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित की गई। कलेक्टर श्री हरिस.एस ने मिशन वात्सलय योजना अंतर्गत, बाल कल्याण समिति और किशोर न्याय बोर्ड सहित अन्य समिति की कार्यों की विस्तार से समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने वित्तीय वर्ष 23-24 एवं वित्तीय वर्ष 24-25 के प्रथम त्रैमास में बाल कल्याण समिति एवं किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष लंबित,प्रस्तुत एवं निराकृत प्रकरणों की समीक्षा की तथा बाल कल्याण समिति में लंबित 27 प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। बैठक में मिशन वात्सलय योजना अंतर्गत वैधानिक निकायो में रिक्त पदों में पद पूर्ति की स्थिति, जिला जेल के निरीक्षण की स्थिति, गुमशुदा बालको के संबंध में कार्यवाही, बाल देखरेख संस्था के निरीक्षण की स्थिति,विभिन्न बालगृहो में जिले के निवासरत बालको की वर्तमान स्थिति, बाल देखरेख संस्थाओं में निवासरत बालक एवं बालिकाओं की जाति एवं निवास प्रमाण पत्र की की वर्तमान स्थिति, बाल देखरेख संस्थाओं में निवासरत् बच्चों के विद्यालय में दाखिला की स्थिति प्रवर्तकता योजना, पश्चातवर्ती देख रेख योजना, दत्तक ग्रहण, बाल श्रम एवं सड़क जैसी परीस्थितियो में रह रहे बालकों के चिन्हांकन की स्थिति, समितियों के पुनर्गठन, वार्षिक कार्य योजना एवं राष्ट्रिय बाल अधिकार संरक्षण आयोग नई दिल्ली के निर्देशानुसार एक युद्ध नशे के विरुद्ध कार्य योजना पर कार्यवाही की समीक्षा की गई। साथ ही सखी वन स्टाप सेंटर की समीक्षा के दौरान अप्रैल 2023 से जून 2024 तक दर्ज प्रकरण, निराकरण, लंबित एवं दिए गए आश्रय, सखी केंद्र के नवीन भवन, रिक्त पदों की पूर्ति के संबंध में चर्चा की गई। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री नम्रता जैन,संयुक्त कलेक्टर श्री सूरज कश्यप, डीपीओ श्रीमती संजुला शर्मा,डिप्टी कलेक्टर सुश्री मधु तेता, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी श्री महेश शांडिल्य, जिला शिक्षा अधिकारी श्री जी आर मंडावी,श्रम पदाधिकारी श्रीमती सुनिता जोशी, बाल कल्याण समिति एवं किशोर न्याय बोर्ड के सदस्य , जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी सुश्री बिस्मिता पाटले, जिला बाल संरक्षण अधिकारी श्री जितेन्द्र सिंह सहित, महिला संरक्षण अधिकारी श्रीमती प्रमिला सिंह,सखी केंद्र प्रशासक सुश्री दलिमा गौर एवं विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे।

### नवपदस्थ सीईओ जिला पंचायत ने संभाला कार्यभार



**सुकमा, 27 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले के नवपदस्थ मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री नम्रता जैन ने पदभार ग्रहण कर कार्य संभाल लिया है। जिला पंचायत सुकमा के 7 वें मुख्य कार्यपालन अधिकारी होंगे। वे भारतीय प्रशासनिक सेवा के 2019 बैच के अधिकारी हैं। ज्ञातव्य है कि राज्य शासन द्वारा हाल ही में सुश्री नम्रता जैन मिशन संचालक, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन रायपुर को मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुकमा के पद पर पदस्थ किया गया है।

### लोकतंत्र के इतिहास में काला अध्याय आपातकाल पर भाजपा ने किया गोष्ठी का आयोजन



**सुकमा, 27 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** अटल सदन भाजपा जिला कार्यालय सुकमा में 25 जून आपातकाल काला दिवस के विरोध में भाजपा प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमे कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्रदेश कार्यसमिति सदस्य पूर्व विधायक डॉ सुभाऊ कश्यप मौजूद रहे, डॉ. सुभाऊ कश्यप ने कहा की वर्ष 1975 में आज ही के दिन इंदिरा गांधी के नेतृत्व वाली तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने पूरे देश में आपातकाल लागू कर लोकतंत्र की हत्या कर दी थी। देशवासियों के मौलिक अधिकार छीन लिए गए, प्रेस पर सेंसरशिप लगा दी गई और असंख्य लोगों को जेल में डाल दिया गया था।21 महीना का ये आपातकाल भारतीय लोकतंत्र का काला अध्याय है। प्रेस वार्ता को सम्बोधित करते हुए वक्ता डॉक्टर सुभाऊ कश्यप ने कहा की कांग्रेस की दमनकारी नीतियों,सत्ता पिपाशा व तानाशाही मानसिकता ने 25 जून 1975 को आपातकाल लगाकर भारतीय लोकतंत्र के ऊपर कभी ना मिटने वाला धब्बा लगाया था। रातों रात लाखों निर्दोष लोगों को जेलों में ठूँस दिया,प्रेस की आज़ादी पर ताला लगा दिया,लोगों की अभिव्यक्ति की आज़ादी छीन ली। देशहित से ऊपर एक परिवार एक व्यक्ति के अहंकार को रखा गया।आपातकाल के विरुद्ध लाखों लोगों ने आंदोलन किया था। देशभर में युवाओं, पत्रकारों और कार्यकर्ताओं को गिरफ्तारियां देनी पड़ी थीं। देश आपातकाल के विरुद्ध आवाज़ उठाने वाले और यातनाएँ सह कर कांग्रेस की दमनकारी नीतियों का मुखर विरोध करने वाले लोकतंत्र के सभी प्रहरियों के प्रति अपनी कृतज्ञता समर्पित करता है।आपातकाल के विरुद्ध उठी हर आवाज़ को मैं नमन करता हूँ। कार्यक्रम में मुख्यरूप से मौजूद रहे भाजपा जिला अध्यक्ष धनीराम बारसे, जिला महामंत्री कोरसा सन्नू, जिला उपाध्यक्ष नूपुर वैदिक, मड़कम भीमा, जिला मीडिया प्रभारी रमेश यादव, मड़कम भीमा, रमाकांत नायक, राजेश चौधरी,सहित भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### डेंगू नियंत्रण दल लगातार अभियान चला रहा

**जगदलपुर 27 जून।** कलेक्टर श्री विजय दयाराम के. के निर्देशानुसार स्वास्थ्य विभाग और नगर निगम के द्वारा शहर के वार्डों में डेंगू नियंत्रण दल द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है। नियंत्रण दल ने महाराणा प्रताप वार्ड, परपा पुलिस लाइन, जवाहर नगर वार्ड, लोकमान्य तिलक वार्ड, छत्रपति शिवाजी वार्ड, गांधी नगर वार्ड, विजया वार्ड, भैरम देव वार्ड सहित अन्य वार्डों में अभियान चलाकर कूलर, टोकना, गमला, खाली बर्तनों, टायरों में भरे पानी की जांच कर पानी को हटाने की कार्यवाही की। साथ ही मच्छरमार दवाई का छिड़काव भी करवाया गया। नियन्त्रण दल ने जागरूकता के लिए बनाए पेंपलेट का भी वितरण किया।



एक नजर



## महिला समिति ने किया सत्संग का आयोजन

**खरसिया, 27 जून।** अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला समिति के द्वारा दिव्य चमत्कारी सत्संग का आयोजन किया गया दादू महिला सत्संग समिति के तत्वावधान में दिव्या चमत्कारी सत्संग नारायण सत्संग का आयोजन किया गया राजेश्वरी देवी जिनको प्यार से सभी राज दीदी बुलाते हैं।सकारात्मक से भरा आदरणीय राज दीदी का सत्संग बहुत ही सुंदर ढंग से रायपुर सेंटर हेड अदिति दीदी और नीना जैन दीदी के द्वारा नगर की सत्संग प्रेमी बहनों को सुनाया गया और बताया भी गया कि राज दीदी की नारायण रेखी कर के अपन अपनी इच्छानुसार सिद्धि प्राप्त कर सकते हैं और अपने परिवार समाज मे एक अच्छी जिंदगी जी सकते हैं स्वास्थ जीवन जीने की शैली भी बताई गई।महिला सत्संग भवन में कभी महिलाओं ने इस सत्संग का लाभ लिया और अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन और महिला सत्संग की सभी बहनों को धन्यवाद दिया।

## स्कूलों में नए सत्र का शुभारंभ, शिक्षकों ने बच्चों के माथे पर तिलक लगाकर कराया प्रवेश



**रायगढ़, 27 जून।** ग्रीष्मकालीन अवकाश की समाप्ति के बाद शासन के निर्देशानुसार 26 जून से नए शिक्षण सत्र के शुभांरभ के साथ ही जिले के सभी स्कूलों के दरवाजे स्कूली बच्चों के लिए पुनः खोल दिए गए हैं। जहां आज सुबह स्कूली बच्चों ने स्कूलों का रूख किया। वहीं प्रथम दिन होने पर प्रवेशोत्सव की तैयारी में बैठे स्कूल के शिक्षक और शिक्षिकाओं ने बच्चों के माथे पर तिलक-चंदन लगाकर उनका स्वागत किया। साथ ही नए कक्षाओं की पाठय-पुस्तिकाओं का वितरण करते हुए नए कक्ष से रूबरू कराया। इस दौरान बच्चों के चेहरे पर खुशियां खिली रही। बच्चों की चहलकदमी से स्कूल भी गुलजार होने लगा। शिक्षकों ने बच्चों से मेहनत के साथ आगे अपनी बेहतर पढ़ाई करने की अपील की। नए कक्ष और नए सत्र की जिम्मेदारियों के बीच बच्चों की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। अब नए सत्र में स्कूल प्रबंधक अपनी कार्ययोजनाओं के तहत अकादमिक पाठन-पाठन कार्य का संचालन करेंगे। जिले के जिले के विकासखंड पुसौर, रायगढ़, खरसिया, तमनार, घरघोड़ा, लैलूंगा एवं धरमजयगढ़ के सभी स्कूलों में शाला प्रवेशोत्सव मनाया गया। जहां शिक्षकों ने बच्चों का स्वागत कर, गणवेश पुस्तक प्रदान कर पढ़ाई का शुभारंभ किया। लंबे अवकाश के बाद बच्चों में स्कूल आने एवं पढ़ाई को लेकर उत्साह दिखाई दिया। इस अवसर पर स्कूलों में नेवता भोज का भी आयोजन किया गया।

**स्कूली बच्चों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण-** शाला प्रवेशोत्सव के दौरान स्वास्थ्य विभाग के चिरायु टीम द्वारा जिले के विभिन्न स्कूलों में नव प्रवेशित सभी बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण कर दवा वितरित किया गया। विभाग द्वारा जिले के रायगढ़, खरसिया, तमनार, घरघोड़ा, लैलूंगा एवं धरमजयगढ़ विकास खंड के 12 स्कूलों में लगभग 237 का स्वास्थ्य परीक्षण किया। साथ ही मौके पर बच्चों का आयुष्मान कार्ड भी बनाया गया।

## ग्रामीण क्षेत्रों में स्थापित ओवरहेड टंकियों की हो रही सफाई और क्लोरिनेशन

**रायगढ़, 27 जून।** कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल के निर्देश पर ग्रामीण क्षेत्रों में शुद्ध पेयजल आपूर्ति के लिए स्थापित टंकियों की साफ-सफाई और क्लोरिनेशन का काम लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा किया जा रहा है। साफ-सफाई के बाद टंकी पर आगामी सफाई की तिथि भी अंकित की जा रही है। इस संबंध में जानकारी देते हुए ईई पीएचई श्री परीक्षित चौधरी ने बताया कि पिछले दिनों समीक्षा बैठक के दौरान बारिश पूर्व ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति के लिए निर्मित टंकियों के साफ-सफाई के निर्देश कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल ने दिए थे। जिसके पश्चात जिले के सभी विकासखंड में बनी टंकियों की सफाई का काम किया जा रहा है। सफाई पूर्व वाल्व से टंकी का पानी खाली किया जाता है। जिसके बाद श्रमिकों द्वारा टंकी की सफाई की जाती है। सफाई के पश्चात अंत में ब्लीचिंग पाउडर और क्लोरीसेफ का छिड़काव कर टंकियों में क्लोरिनेशन का काम भी किया जा रहा है। ग्राम पंचायतों को सूचना देकर उनसे टंकी की साफ-सफाई का प्रमाण पत्र भी प्राप्त किया जा रहा है। इस दौरान अगली सफाई की तारीख भी वहां अंकित की जा रही है। उन्होंने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में स्थापित टंकियों के सफाई का काम जून माह में प्रारंभ हुआ है। अब तक 89 टंकियों की सफाई की जा चुकी है। शेष 62 टंकियों की सफाई का काम प्रक्रियाधीन है, जो जल्द पूरी कर ली जाएगी। गौरतलब है कि कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल ने गांवों में पेयजल आपूर्ति में शुद्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हुए हैं। इसी क्रम में टंकियों और पेयजल स्त्रोतों के साफ-सफाई का काम लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा किया जा रहा है। कलेक्टर श्री गोयल समय-सीमा की बैठक में नियमित रूप से टंकियों की सफाई के कार्यों की समीक्षा कर रहे हैं।

## गुमशुदा प्रीति चौहान की जानकारी जूटमिल थाने में दें

**रायगढ़, 27 जून।** जूटमिल रायगढ़ के संतोष चौहान द्वारा जूटमिल थाना में अपनी लड़की प्रिती चौहान के संबंध में गुमशुदगी रिपोर्ट लिखवाया है। उन्होंने बताया कि प्रिती चौहान का हुलिया 5 फीट 4 इंच चेहरा गोल शरीर सामान्य रंग सांवली, सूट सलवार स्लेटी रंग का पहनी है एक बैग लेकर निकली है। कान में सोने की फुली पहनी है। ग्रेजुएट तक पढ़ी है। वह हिन्दी व छत्तीसगढ़ बोली बोलती है। गुम इंसान की पता साजी हेतु जिले के सर्व थाना/चौकी प्रभारी को वितंतु संदेश भेजी गई है। जांच पतासाजी में अभी तक गुम इंसान का कोई पता नहीं चल रहा है। इस संबंध में किसी को कोई जानकारी हो तो वे थाना जूटमिल में सूचना दे सकते है।

# अब सुपेबेडा में ही किडनी पीडितों का डायलिसिस होगा: जायसवाल

- किडनी फाउंडेशन की स्थापना गरियाबंद जिले में की जाएगी
- दो नेफ्रोलॉजिस्ट एवं पांच डॉक्टर की आज नियुक्ति की गई
- किडनी विशेषज्ञ सप्ताह में 2 दिन गरियाबंद 2 दिन देवभोग 2 दिन सुपेबेड़ा में रहेंगे
- तीन एंबुलेंस गरियाबंद को एक एंबुलेंस सुपेबेड़ा में खड़ी रहेगी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता







**गरियाबंद,27 जून।** जिले के सुपेबेड़ा गांव जो की किडनी गांव के नाम पर जाना जाता है अब तक 100 से अधिक मौत होचुकी हैके बाद 18 सालों में जहां कांग्रेस भाजपा फिर कांग्रेस और पुणे भाजपा की सरकार आने के बाद एक बार फिर से स्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल यहां पहुंचे हैं जो की सुपेबेड़ा पहुंचने के पूर्व गरियाबंद में.स्थापित सुपेबेड़ा डायलिसिस सेंटर पहूंच कर स्थितियों का आकलन किया। देवभोग से 10 किलोमीटर दूर सुपेबेड़ा गांव पहुंचने पर पहुंचने पर यहां पर स्थित उप स्वास्थ्य केंद्र में स्थितियों का जायजा लिया साथ वह किडनी पीड़ित के घर में पहुंचकर उनसे हाल-चाल जाना और इस बीमारी को लेकर उनसे व्यापक चर्चा की जिसमें पिडीत ने बतलाया कि पानी के खराबी के कारण यह बीमारी हो रही है और इसके लिए उन्हें स्वच्छ पानी की मांग पूर्व सरकारों से भी की थी किंतु अब तक तेल नदी का पानी उनके गांव नहीं पहुंच पाया है जिसके चलते यह बीमारी लगातार बढ़ती जा रही है तेल नदी से पानी जल्द से जल्द उनके गांव में पहुंचे तो उन्हें राहत मिलेगीअब तक इस.बिमारी से सुपेबेड़ा में 100 से अधिक किडनी पीड़ितों की मौत हो चुकी है।इन 15 सालों में प्रदेश का यह गांव पूरे प्रदेश में किडनी पीड़ित गांव के नाम से विख्यात है

इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने ग्रामीणों को अस्वस्थ किया कि वह यथासंभव इस बीमारी की समस्या को हल करने का पूरा प्रयास कर रहे हैं गांव में ही पीड़ितों का इलाज डायलिसिस के माध्यम से होगा और अगर कुछ ज्यादा पीड़ित होंगे तो उन्हें देवभोग भेजा जाएगा और अधिक बीमार होने पर गरियाबंद या एम्स अस्पताल रायपुर में भेजा जाएगा वहीं उन्होंने इस अवसर पर यह भी घोषणा की किडनी से अधिक प्रभावित लोगों को रायपुर एम्स में भेजा जाएगा साथ ही दो डॉक्टर नेफ्रोलॉजी विशेषज्ञ किडनी विशेषज्ञ नेफ्रोलॉजी की पदस्थापना की है गरियाबंद में प्रतिदो सप्ताह में 2 दिन 2 दिन देवभोग में और 2 दिन सुबह बेड़ा में भेजा जाएगा जो लगातार इन गांव का भ्रमण कर लोगों को राहत दिया जाए यह भी प्रयास किया जा रहा है कि यह बीमारी क्यों हो रही है इसके कारण का अनुसंधान किया जाएगा और उन करण को दूर किया जाएगा चाहे वह कारण जो भी हो इसके लिए विशेषज्ञों की टीम लगातार इन गांव में पहुंचती रहेगी तिन मोबाइल एम्बुलेंस गरियाबंद को दिया गया है 2 नेफ्रोलॉजिस्ट विशेषज्ञ एवं पांच डॉक्टर की पदस्थापना, जारी कर रहे है अगले बजट सत्र में गरियाबंद के लिए 200 बेड अस्पताल की घोषणा करने की बात कही उन्होंने कहा एक्सपायरी मेडिकल किट की शिकायत पर तिन आईएएस की टीम कर रही है मामले की जांच

# शिक्षा ऐसी सीढ़ी है, जिससे चलती पीढ़ी है



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**फिंगेश्वर,27 जून।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिजली में शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम संपन्न हुआ।इस कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के द्वारा मां सरस्वती के छाया चित्र पर दीप प्रज्जवलित व श्रीफल फोड़कर किया गया. इस अवसर पर हसीना निषाद 11वी द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत किया गया.तत्पश्चात कक्षा नवमी के नवप्रवेशी 14 छात्र-छात्राओं को अतिथियों के द्वारा गुलाल लगाकर एवं मुंह मीठा कराते हुए पाठ्य पुस्तक किया गया।इस अवसर पर देमीन पीलाचंद मांडले सरपंच ग्राम पंचायत बिजली ने कहा कि आप सभी अच्छे से पढ़ाई कर घर परिवार एवं शाला का नाम रोशन करें.वरिष्ठ नागरिक नंदूराम यादव ने कहा कि जीवन में अनुशासन का बहुत महत्व है।क्यूंकि अनुशासन ही देश को महान बनाता है।अतःआप अनुशासन में रहते हुए अपने शिक्षकों के द्वारा सिखाये गए ज्ञान को आत्मसात करते हुए माता, पिता एवं गुरुओं का सम्मान करना न भूलें.पीतांबर साहू पंच ने कहा कि जीवन में शिक्षा का बहुत महत्व है।शिक्षा के विकास से गांव,समाज व राष्ट की उन्नति संभव है। प्राचार्य पूरन लाल साहू ने कहा कि शिक्षा ऐसी सीढ़ी है,जिससे चलती पीढ़ी है। असफलता सफलता की प्रथम सीढ़ी है।हमें सकारात्मक सोच रखते हुए कार्य करना होगा तो निश्चित सफलता मिलेगी।शिक्षा मनुष्य के अंदर अच्छे विचारों को लाती है और बुरे विचारों को बाहर करती है।सफलता पाने के लिए एक निश्चित लक्ष्य निर्धारित करें।इस कार्यक्रम का संचालन संतोषी गिलहरें व्याख्याता ने की। इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य पूरन लाल साहू,सरपंच देमिन पीलाचंद मांडले,वरिष्ठ नागरिक नंदूराम यादव, सरपंच प्रतिनिधि पीलाचंद मांडले, पंच पीतांबर साहू व्याख्याता दिनेश कुमार साहू,विनय कुमार साहू, नरेंद्र कुमार वर्मा,गीतांजली नेताम,संतोषी गिलहरे,सत्या मिश्रा, सहायक शिक्षक विज्ञान रुद्रप्रताप साहू,व्यायाम शिक्षक नकुल राम साहू, क्लर्क दुष्यंत कुमार साहू, तोमन राम साहू भृत्य आकाश सूर्यवंशी,स्वीपर यशवंत व छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

## अवैध शराब निर्माण और भंडारण पर आबकारी विभाग की कार्रवाई

**रायगढ़, 27 जून।** कलेक्टर जन चौपाल में ग्राम छोटे पंडरमुड़ा एवं अचानकपुर से अवैध शराब निर्माण, भंडारण एवं विक्रय की शिकायत मिलने पर त्वरित कार्यवाही करते हुए वृत्त-खरसिया प्रभारी आबकारी उपनिरीक्षक मनोज राठौर के नेतृत्व में छोटे पंडरमुड़ा एवं अचानकपुर में छापेमारी की गई जिसमे अचानकपुर में नाला किनारे हाथ भट्ठी से अवैध आसवित 68 बल्क लीटर महुआ शराब कीमत लगभग 13600, प्लास्टिक डिब्बे एवं बोरियो के भीतर शराब बनाने योग्य तैयार 960 कि.ग्रा महुआ कीमत लगभग 48000 एवं शराब बनाने के बर्तन आदि लावारिस हालत में बरामद होने से अज्ञात आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा 34 (2) के तहत अपराध दर्ज कर मामला विवेचना में लिया गया। साथ ही ग्राम छोटे पंढर मुड़ा निवासी मालती पति त्रिभुवन राठिया के द्वारा अवैध रूप से महुआ शराब बिक्री करते पाए जाने तथा कुल 4.2 बल्क लीटर महुआ शराब कीमत लगभग 840 का बिक्री करने के उद्देश्य से धारण करने पर 34 (1) ख के तहत मामला दर्ज किया गया। उक्त कार्यवाही में मुख्य आरक्षक मनोज तिवारी आरक्षक रमन नेमी, स्टाफ तेजराम का विशेष योगदान रहा।

# बारुला स्कूल में शाला प्रवेशोत्सव एवं न्यौता भोज का आयोजन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता





**फिंगेश्वर,27 जून।** शासकीय प्राथमिक विद्यालय बारुला में शाला प्रवेशोत्सव एवं न्यौता भोज कार्यक्रम सम्पन्न हुआ.इस कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के द्वारा मां सरस्वती के छाया चित्र पर दीप प्रज्वलित व श्रीफल फोड़कर किया गया तत्पश्चात नवप्रवेशी छात्र छात्राओं को अतिथियों के द्वारा गुलाल लगाकर हुए मुंह मीठा कराते हुए पुस्तक एवं गणवेश वितरण किया गया. इस अवसर पर शाला विकास समिति अध्यक्ष जगन्नाथ गुप्ता ने सभी बच्चों को शाला प्रवेश उत्सव की बधाई देते हुए कहा कि शाला में बच्चों को जो गृहकार्य दिया जाता है उन्हें पालक पूर्ण कराने में सहभागिता जरूर निभाएं।अनुसूईया साहू ने कहा कि परिश्रम सफलता की कुंजी है. आप सभी अच्छे से पढ़ लिखकर विद्यालय का नाम रोशन करें.लता ध्रुव प्रधानपाठक ने कहा कि शिक्षा मनुष्य को जीवन का मार्ग दिखाती है। यह मनुष्य को समाज में प्रतिष्ठित काम करने के लिए प्रेरणा देती है। सफलता पाने के लिए एक निश्चित लक्ष्य निर्धारित करें। झाडू राम साहू ने कहा कि जीवन में शिक्षा का बहुत महत्व है कोई भी बच्चे शिक्षा से वंचित न हो. सभी बच्चों की शत प्रतिशत शाला में प्रवेश हो. इस दौरान डिप्टी कलेक्टर रामसिंग सोरी ने शाला का निरीक्षण करते हुए शाला की साफ सफाई, गणवेश, पुस्तक, एवं शिक्षकों व छात्र छात्राओं की शत प्रतिशत उपस्थिति के बारे में जानकारी ली.वहीं शाला के शिक्षक कमलकांत सेन की विवाह के उपलक्ष्य में न्योता भोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें बच्चों को खीर, बड़ा, पूड़ी, जलेबी एवं दाल, चावल, सब्जी परोसा गया.इस अवसर पर विकासखंड स्त्रोत समन्वयक सुभाष शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री पोषण शक्ति योजना के तहत स्कूलों में खास मौकों पर दानदाता पौष्टिक आहार का दान कर सकते हैं, ताकि बच्चों को और ज्यादा पोषण आहार मिल सके.पूरन लाल साहू संकुल प्राचार्य कहा कि जो व्यक्ति छात्र छात्राओं को भोजन कराना चाहते हैं उन्हें इसकी जानकारी पूर्व में ही देनी होगी न्योता भोज के तहत व्यक्ति या संस्था विभिन्न त्यौहारों या अवसरों जैसे जन्मदिन,विवाह, वर्षगांठ एवं राष्ट्रीय पर्व आदि पर छात्रों को भोजन करा सकेंगे. ऐसे मौके पर सामुदायिक सहभागिता का विकास होता है.कार्यक्रम का संचालन हीरामन साहू (शिक्षक ) ने किया.इस अवसर पर संस्था के प्रधानपाठक लता ध्रुव,धर्मेन्द्र ठाकुर (समन्वयक राजिम) शिक्षक हीरामन साहू,मोती ध्रुव, कमलकांत सेन,रितु ध्रुव,जितेंद्र साहू,

# तीन युवकों पर गोली चलाने वाले अब तक पुलिस की पकड़ से बाहर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता





**भिलाई, 27 जून।** भिलाई छोटे से विवाद के बाद तीन युवकों पर गोली चलाने वाले अमित जोश और उसका एक साथी अब तलक पुलिस गिरफ्त से बाहर है। इन दोनों की गिरफ्तारी के लिए भिलाई नगर पुलिस और क्राइम एंड सायबर यूनिट की टीम हर संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है। इस मामले में दो आरोपी अतुल शर्मा और यशवंत नायडू को बुधवार को ही हिरासत में लेकर पुलिस पूछताछ कर रही है।

भिलाई टाउनशिप में ग्लोब चौक के पास मंगलवार की रात निगरानी बदमाश ने अपने तीन साथियों के साथ मिलकर बाइक सवार युवकों पर गोलियां बरसा दी, जिससे दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। दोनों का रायपुर के मेकाहारा में इलाज चल रहा है। वारदात में बाल-बाल बचे एक युवक की शिकायत पर पुलिस ने अपराध दर्ज कर लिया है। बदमाशों ने युवकों पर हमला इसलिए किया, क्योंकि वे उन्हें दूसरे गैंग का सदस्य मान बैठे थे। पुलिस ने इस मामले में संदिग्ध अतुल शर्मा और यशवंत नायडू को पकड़ा है, लेकिन सरगना अमित जोश व उसके एक साथी का अभी तक कोई अता-पता नहीं है भिलाई नगर सीएसपी सत्यप्रकाश तिवारी ने बताया कि बाइक सवार रमनजीत सिंह (30 वर्ष), आदित्य सिंह (24 वर्ष) और सुनील यादव (30 वर्ष) तीनों विश्रामपुर जिला सुरजपुर के रहने वाले हैं, जिसमें आदित्य और सुनील दोनों पिछले कुछ महीनों से भिलाई में अलग-अलग जगह पर किराए के मकान में रह रहे हैं वहीं रमनजीत सिंह वैशाली नगर में अपनी नानी के देहांत के बाद अंतिम संस्कार में शामिल होने मंगलवार को भिलाई आया था, जहां आदित्य भी पहुंचा था। अंत्येष्ठि के बाद रमनजीत को आदित्य बाइक पर साथ ले गया। रात करीब 1 बजे तीनों एक बाइक पर सवार होकर शहर में घूमने निकले उस दौरान बाइक रमनजीत सिंह चला रहा था। नेहरू नगर अंडर ब्रिज से होते हुए वे रात करीब 1.20 बजे ग्लोब चौक से आगे सेंट्रल एवेन्यू रोड पर सेक्टर 10 के पास पहुंचे ही थे, कि पीछे से बाइक सवार दो व्यक्ति आए और गाली देने की बात पर बहस करने लगे। इस बीच कार में दो और व्यक्ति आए। चारों ने गाली-गलौज करते हुए उन्हें जान से मारने की धमकी दी। इस बीच निगरानी बदमाश अमित जोश ने अपने पास रखी पिस्टल निकालकर उन पर तीन राउंड फायर कर दिया। इस दौरान एक गोली आदित्य सिंह के पेट पर और दो गोली सुनील यादव के कलाई और पेट में लगी। इसके बाद बदमाश मौके से फरार हो गए। घटना में बाल-बाल बचे रमनजीत ने परिजनों को सूचना देकर दोनों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां से उन्हें रायपुर स्थित मेकाहारा में रेफर कर दिया गया दोनों की हालत गंभीर बनी हुई है

## बालक आश्रम कड़ेनार व माझीपारा स्कूल में संयुक्त रूप से मनाया गया शाला प्रवेश उत्सव



**बीजापुर,27 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** बीजापुर शिक्षा के नए सत्र के साथ पूरे जिले में शाला प्रवेश उत्सव धूम धाम से मनाया गया। बीजापुर विकास खंड के बालक आश्रम कड़ेनार एवं मांझीपारा स्कूल में संयुक्त रूप से शाला प्रवेश उत्सव मनाकर नव प्रवेशी व शाला त्यागी बच्चो का तिलक लगाकर स्वागत के बाद मुंह मीठा कराकर प्रवेश कराया गया। शाला प्रवेश के दिन आठ नव प्रवेशी व एक शाला त्यागी ने प्रवेश लिया। इस अवसर पर बच्चो को गणवेश एवं पुस्तको का भी वितरण भी किया गया। शाला प्रवेश उत्सव के बाद न्योता भोज का आयोजन किया गया जिसमे सभी ने सामूहिक रूप से सामिल होकर भोजन ग्रहण किया।इस अवसर पर प्रधान अध्यापक रामचंद्रम लाटकर , आश्रम अधीक्षक कोशल चेन्नूर , श्रीमति सुनीता हाई,श्रीमती पूनम चौहान,श्रीमती तहमीना खान,श्रीमती यामिनी बंजारे ,श्रीमती भामिनी झाड़े, गनेंद्र भारिया , शशि कोशिक, दीपिका जुर्री,रमेश कवर सहित पालक गण, व ग्रामीण उपस्थि रहे।

## अन्तर्राष्ट्रीय नशा निवारण दिवस पर नशीले पदार्थों को त्याग करने की ली शपथ



**बीजापुर,27 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** भारत सरकार, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, नई दिल्ली की नेशनल एक्शन प्लान फॉर ड्रग डिमांड रिडक्शन (NAPDDR) अंतर्गत नशा मुक्त भारत अभियान के तहत आज दिनांक 26 जून 2024 को अंतर्राष्ट्रीय नशा निवारण दिवस के अवसर पर जिला पंचायत बीजापुर सभागार में माननीय जिला पंचायत अध्यक्ष श्री शंकर कुड़ियम एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत बीजापुर श्री हेमंत रमेश नंदनवार एवं प्रभारी उपसंचालक, समाज कल्याण बीजापुर श्री हरप्रसाद खांडे की उपस्थिति में सभी अधिकारी/कर्मचारियों के द्वारा मादक द्रव्यों एवं पदार्थों का सेवन छोड़ने तथा समाज में लोगों को नशीले पदार्थों का त्याग करने हेतु प्रेरित करने संबंधी शपथ लिया गया।

## बीजापुर में 5 दिवसीय नियद नेल्लानार मास्टर ट्रेनर प्रशिक्षण बीजापुर में आयोजित



**बीजापुर,27 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** वन वृत्त जगदलपुर के जिला यूनियन बीजापुर में 05 दिवसीय नियद नेल्लानार मास्टर ट्रेनर प्रशिक्षण जिला यूनियन बीजापुर में आयोजित किया गया जिसमें प्रथम सत्र में समस्त प्रशिक्षणार्थियों को संघ मुख्यालय से अनुराधा मैडम द्वारा नियद नेल्लानार योजना के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। तत्पश्चात् रायपुर सीएससी मुख्यालय से उपस्थित मो. रियाज के द्वारा संग्राहक सर्वे, वीएलई के माध्यम भुगतान एवं वन धन मित्रों को वीएलई बनाए जाने और उससे होने वाले इनकम के बारे में बताया गया। श्री अश्वनी राजपूत द्वारा बेस लाइन सर्वे के माध्यम से संग्राहकों सर्वे एवं मोबाइलाज़ेशन सबंधित जानकारी दी गई। '?इसके पश्चात श्री हेमंत पांडे के द्वारा नियद नेल्लानार योजना के क्रियान्वयन और समितियों में लघु वनोपज संग्रहण संबंधित जानकारी दी गई। 'इसके बाद श्री अश्वनी राजपूत के द्वारा सर्वे के माध्यम से प्राप्त जानकारी एवं समूह के रुचि अनुसार उपलब्ध वनोपाज के आधार पर बिजनेस प्लान तैयार करने संबंधित विस्तृत जानकारी दी गई। इसके पश्चात श्री अरविंद तिवारी के द्वारा कृषि वानिकी योजना संबंधी जानकारी देते हुए आंवला, जामुन, बेर, चिरौंजी, महुआ, माहुल बेला इत्यादि प्रजातियों को उनके निजी भूमि/खेतों में लगाने की जानकारी दी गई।इसके पश्चात जिला यूनियन से उपस्थित नोडल अधिकारी, इंटर्न, प्रबंधक, वन धन मित्रों एवं स्थानीय युवाओं से समीक्षा कर चर्चा किया गया। उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में संघमुख्यालय से श्री हेमंत पांडे संग्रहण विशेषज्ञ, श्री अरविंद तिवारी उपप्रबंधक वन वृत्त बिलासपुर, जिला यूनियन दंतेवाड़ा से प्रबंध संचालक, जिला यूनियन बीजापुर से श्री नेताम उप प्रबंध संचालक, परिछेत्र अधिकारी, नोडल अधिकारी/ पोषक अधिकारी, वृत प्रभारी सीनि. एग्जी. अश्वनी राजपूत एवं अविनाश हेंब्रम, इंटर्न, वनधन मित्र तथा स्थानीय युवा सहित कुल 75 प्रशिक्षणार्थी उपस्थित रहे।

## अनुपयोगी सामग्री के अपलेखन के लिए 5 जुलाई तक निविदा आमंत्रित

**बीजापुर 27 जून।** जिला परियोजना लाईवलीहुड कॉलेज बीजापुर में कम्प्युटर लैब से संबंधित सभी विद्युत उपकरण जो अनुपयोगी हैं, के अपलेखन हेतु गठित अपलेखन समिति के समक्ष 10 मई 2024 को निम्नलिखित सामग्रियों का अवलोकन पश्चात वर्तमान ऑफसेट मूल्य 40 प्रतिशत प्रतिवर्ष घटती दर से मूल्य का निर्धारण किया गया है। निम्नलिखित सामग्रियों को अपलेखन समिति के अनुशंसा पर विक्रय हेतु निविदा 05 जुलाई 2024 अपरान्ह 3 बजे तक आमंत्रित किया गया है।

## कलेक्टर ने सुनी जनसामान्य की समस्याएं

**रायगढ़, 27 जून।** कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल ने जनदर्शन में जिले भर से आए जनसामान्य की समस्याओं से संबंधित आवेदनों को प्राप्त कर, उनसे चर्चा करते हुए उनकी समस्याएं सुनी। उन्होंने मौके पर उपस्थित अधिकारियों को आवेदनों का विभागीय स्तर पर जांच करने एवं समय-सीमा में निराकृत करते कर सूचित करने के निर्देश भी दिए। जनदर्शन में किरोड़ीमल नगर के पालकगण अपने बच्चों के एडमिशन के संबंध में आवेदन लेकर पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि किरोड़ीमल नगर एक औद्योगिक घनी आबादी वाला क्षेत्र है, जहां एकमात्र हायर सेकेंडरी स्कूल संचालित है, जिसको वर्तमान में स्वामी आत्मानंद विद्यालय घोषित कर प्रवेश कोटा निर्धारित किया गया है। जिसमें 100 छात्र-छात्राओं को लॉटरी के माध्यम से प्रवेश सुनिश्चित किया गया है। जिससे वर्तमान में लगभग 80 छात्र-छात्राएं प्रवेश से वंचित रह गई है। उन्होंने बताया कि किरोड़ीमल नगर हायर सेकेंडरी स्कूल के आश्रित माध्यमिक शाला किरोड़ीमल नगर उच्चभिट्ठी, चिराईपानी के बच्चे हैं यदि उन्हें कक्षा नवमीं में प्रवेश नहीं मिलने की स्थिति में बच्चे स्कूल जाने से वंचित रह जाएंगे। अधिकांश बच्चों की पालक मजदूर वर्ग से हैं, जो मजबूरीवश निजी विद्यालयों में सिर्फ बच्चों के भविष्य को संवारने के लिए आर्थिक रूप से जद्दोजहद कर रहे हैं। उन्होंने कलेक्टर श्री गोयल से शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय किरोड़ीमल नगर में वैकल्पिक हाई स्कूल नहीं खोले जाने तक स्वामी आत्मानंद की संचालित कक्षा में निर्धारित कोटा को बढ़ाकर छात्र-छात्राओं के प्रवेश की मांग रखी ताकि किसी भी बच्चे का भविष्य खराब न हो।

# शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला हरिनभट्ठा में मनाया गया शाला प्रवेशोत्सव

## सहायक वि.खं. शिक्षा अधिकारी, वि.खं. स्त्रोत केंद्र समन्वयक, शाला प्रबंधन समिति के सदस्य एवं जनप्रतिनिधियों का रहा विशेष योगदान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सिमगा, 27 जून।** शा.पू.मा.शाला हरिनभट्ठा, संकुल-कामता, वि.खं. - सिमगा, जि. - बलौदाबाजार में, दिनांक 26/06/2024 को शाला प्रवेशोत्सव के कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया।जिसमें सभी बच्चों का गुलाल से तिलक लगाकर स्वागत के साथ -साथ न्यौताभोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। साथ ही निःशुल्क पाठ्यपुस्तक एवं गणवेश वितरण किया गया।

मुख्य अतिथि के रूप में वि.खं.स्त्रोत केंद्र समन्वयक डी.एस.ठाकुर एवं सहायक वि.खं.शि.अधिकारी राकेश सिंह की विशेष उपस्थिति रही। ठाकुर सर द्वारा बच्चों को संज्ञानात्मक शिक्षा के साथ साथ सहसंज्ञानात्मक क्षेत्र को जोड़कर चलने हेतु मार्गदर्शन दिया गया।

सिंह सर ने बच्चों का उत्साह वर्धन करते हुये नियमित शाला आने, स्वच्छता, एवं अनुशासित जीवन के महत्व पर चर्चा की। साथ ही व्यवसायिक शिक्षा के अंतर्गत सभी बच्चों द्वारा बनाये गये उपयोगी सामान का अवलोकन भी किया गया, जैसे - शाल, स्वैटर, थालपोश, गेट पर्दा के बारे में बच्चों से चर्चा की और भविष्य में इस सामान का उपयोग अपने जीविका के साधन के रूप में उपयोग करके आत्मनिर्भर बनने की प्रेरणा एवं शुभकामनाएं दी। इस कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में, गाँव के सरपंच माननीय रंजीत सोनवानी, वरिष्ठ नागरिक गिरिजा लाल टोंडे, सचिव रामाधार साहू, पंचो एवं जनप्रतिनिधियों के साथ - साथ शा.प्रा.शा.हरिनभट्ठा के प्र.प्र.पाठक परमानंद साहू, शिक्षक सुरेश कुमार साकार, लखनलाल वर्मा, एवं शा.पू.मा.शाला के प्र.प्र.पाठक सुखीराम साहू सर, शिक्षिका अर्चना साहू, शिवकुमारी देवाँगन, मंजू यादव, जयश्री भारती के विशेष सहयोग के साथ कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया।



## समाचार संक्षेप

### आत्मानंद स्कूल में मनाया गया प्रवेशोत्सव



**तिल्दा-नेवरा, 27 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** शास स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी अंग्रेजी माध्यम विद्यालय तिल्दा नेवरा में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया।मुख्य अतिथि नगर पालिका परिषद तिल्दा नेवरा के अध्यक्ष लेमिक्षा गुरु डहरिया एवं भाजपा महामंत्री अनिल अग्रवाल ने स्कूल के बच्चों का तिलक लगाया और उन्हें मिठाई खिलायी और पाठ्यपुस्तक वितरण कर शाला प्रवेश उत्सव का शुभारंभ किया गया। अतिथियों ने सबोधन में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास की बात कही। उन्होंने कहा कि बच्चे कच्चे घड़े की तरह होते हैं, शिक्षक ही उन्हें आकर देकर उनके सपनों को साकार करते है। माता पिता की प्रथम पाठशाला से ऊपर विद्या अध्ययन करने विद्यालय में उपस्थित सभी बच्चों को आशीर्वचन स्वरूप उक्त बातें कही। शिक्षकों को संबोधित करते हुएभाजपा महामंत्री अनिल अग्रवाल ने कहा कि मैं बच्चों के सपनो को मूर्त रूप प्रदान करने वाले आप सभी शिक्षकों से आह्वान करता हूँ कि छत्तीसगढ़ को सशक्त एवम समृद्ध बनाने में आज के इस नवनिहाल बच्चों को पाठ्यक्रम के अलावा, क्रीड़ा, सांस्कृतिक, प्रतियोगिता परीक्षाओ की सम्पूर्ण जनकारी दें। आज वर्तमान परिवेश पूर्णतः बदल गया है, आज छोटे-बड़े सभी नशे और अनेक प्रकार की बुराइयों के गिरफ्त में आ चुके है। उन्हें भी समाज के मुख्यधारा में जोड़कर प्रगति का अवसर प्रदान करने में कोई भी कसर बाकी न रहे, ऐसी संकल्पना निभाने वाले समस्त शिक्षकों का इस शाला प्रवेश उत्सव में हार्दिक अभिनन्दन एवम स्वागत करता हूँ। शाला प्रवेश उत्सव के कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सौरभ जैन, संकुल समन्वयक शैलेंद्र डहरिया, प्रिंसिपल दुष्यंत सोनी व स्कूल के समस्त शिक्षक गण एवं छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

### धान खरीदी के 4 माह बीत जाने बाद भी हमालों को भुगतान नहीं



**तिल्दा-नेवरा, 27 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** प्राथमिक कृषि साख सरकारी समिति मर्यादित सेमरा(बी) पंजीयन क्रमांक 646 में मजदूरों की राशि भुगतान होने का बड़ा मामला सामने आया है जहां धान खरीदी के लिए फड़ व हेमाली के लिए निविदा निकाल कर वर्ष 2023 -24 के लिए धान खरीदी केंद्र सेमरा(बी) में हेमाल व फड़ प्रभारी की भर्ती किया गया था लेकिन धान खरीदी कार्य पूर्ण होने के 4 महीने बाद भी हेमाली राशि देने फड़प्रभारी और प्रबंधक द्वारा गरीब मजदूरों को पैसे के लिए दर दर भटकाकर हीलाहवाला किया जा रहा है हेमाली कार्य में रहे रघुवीर साहू व दिनेश मेहता ने बताया कि धान खरीदी की 4 महीने बीत जाने के बाद भी फड़ प्रभारी को पैसा मांगने पर समिति प्रबंधक द्वारा पैसे दिया जाएगा कहा जाता है और जब प्रबंधक के समक्ष उपस्थित होते है तो प्रबंधक फड़ प्रभारी पैसे का भुगतान करेगा करके एक दूसरे के ऊपर थोपा जाता है लेकिन चार माह हो गए अभी तक हमें पैसा नहीं मिला है जिसके चलते हमारे परिवार सड़क पर आने के कगार पर है हम गरीब मजदूरी का काम करते हैं तभी हमारा घर परिवार चलता है/ज्ञापन सौपने आये मजदूरों ने शासन प्रशासन से जल्द से जल्द मजदूरी राशि दिलवाने कि मांग करते हुए शासन प्रशासन से गुहार लगाते हुए राशि भुगतान में लेटलतीफी होने पर धरना प्रदर्शन की चेतावनी दी है!

- ■ धान खरीदी केंद्र सेमरा(बी) का मामला
- ■ राशि के लिए दर-दर भटक रहे हमालों ने की कलेक्टर से शिकायत

### निर्वाचन ड्यूटी के दौरान हुई थी मृत्यु, कलेक्टर ने शिक्षक परिवार को सौंपी 15 लाख रुपये की अनुग्रह राशि

**बलौदाबाजार, 27 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** विधानसभा निर्वाचन-2023 के दौरान विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-44-कसडोल के अंतर्गत मतदान दल क्रमांक 252, मतदान केन्द्र क्रमांक 298, सुन्दरी में निर्वाचन कर्तव्य के दौरान शासकीय प्राथमिक शाला रामभाठा पुटपुरा में पदस्थ पद्मभूषण पैकरा शिक्षक ई(एल.बी) मतदान अधिकारी-02 का मृत्यु हों गई थी। मृतक की धर्मपत्नी अम्बेश्वरी पैकरा को आज 15 लाख रूपये की अनुग्रह सहायता राशि कलेक्टर दीपक सोनी ने सौंपी है। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी आर आर दुबे सहित परिवार के अन्य सदस्य गण उपस्थित रहे।

## एक नजर

### श्रवण बने अखिल भारतीय इंजीनियरिंग छात्र संगठन छत्तीसगढ़ के प्रदेशाध्यक्ष



**भखारा, 27 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** अखिल भारतीय इंजीनियरिंग छात्र संगठन ईएसओ इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रवीण सिंह, राष्ट्रीय संगठन महामंत्री अनिल याग्निक एवं राष्ट्रीय संगठन महामंत्री राजकुमार चक्रवर्ती के सहमति से श्रवण साहू को छत्तीसगढ़ प्रदेश का प्रदेशाध्यक्ष नियुक्त किया गया है।ईएसओ इंडिया एक सामाजिक संगठन है जो छात्र हित के साथ साथ पिछड़े तबके लोगो के लिए पूरे देश मे काम करती है। संगठन जनजागरूकता के माध्यम से समाज के उत्थान एवं नवनिर्माण में महत्वपूर्ण भागीदारी निभाती है। तथा गरीबो शोषितों के अन्याय के खिलाफलड़कर उनका हक दिलाने का प्रयास करती है। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रवीण सिंह ने कहा कि प्रदेश स्तर पर श्रवण के नियुक्ति होने पर सम्पूर्ण प्रदेश के कोने कोने तक संगठन के व्यापक विस्तार हेतु निरंतर कार्य करेंगी और संगठन को नए आयाम तक पहुंचाने का कार्य करेंगे। प्रदेश अध्यक्ष बनने पर साहू को राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रवीण सिंह, महामंत्री अनिल याग्निक, राजकुमार चक्रवर्ती, पूर्व कैबिनेट मंत्री और विधायक अजय चंद्राकर, विधायक ओंकार साहू, पूर्व विधायक रंजना साहू, नपा अध्यक्ष तपन चन्द्राकर, नेता प्रतिपक्ष भानु चन्द्राकर, आदि ने बधाई दी है।

### वरिष्ठ स्वयंसेवक शारदा प्रसाद शर्मा का निधन



**तिल्दा-नेवरा, 27 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ स्वयंसेवक, पूर्व प्राचार्य शारदा प्रसाद शर्मा के देहावसान हो गया। आपातकाल के विरुद्ध संघर्ष से लेकर प्राचार्य पद को सुशोभित करते हुए शिक्षा और संस्कृति को प्रसारित करने वाले शारदा प्रसाद शर्मा सदैव स्मरणीय रहेंगे। ईश्वर से दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करे। तिल्दा नेवरा के वरिष्ठ पत्रकार पंडित मालूराम शर्मा ने शोक व्यक्त करते हुए स्रदांजली अर्पित की है तिल्दा नेवरा में सरस्वती शिशु मंदिर शुरू करवाने में शर्मा की अहम भूमिका रही है।

### मवेशियों को रेललाइन के पास नहीं छोड़ने चलाया जा रहा जनजागरूकता अभियान

**तिल्दा-नेवरा, 27 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** रेल्वे सुरक्षा बल चौकी तिल्दा के प्रभारी डी के शास्त्री के मार्गदर्शन में सहायक उप निरीक्षक बीरबल सिंह चौकी तिल्दा नेवरा के क्षेत्राधिकार में प्रधान आरक्षक आर आर आहेर के साथ लेवल क्रॉसिंग गेट क्रमांक 398 किलोमीटर संख्या 791/10 के पास बसे ग्राम तिल्दा बस्ती जाकर जन प्रतिनिधियो से कैटल रन ओवर के संबंध में समन्वय किया एवम उक्त ग्राम के आम जनो को उक्त किलोमीटर के पास एकत्रित कर उन्हें कैटल रन ओवर होने के सम्बंध की घटनाओ में जागरूक किया एवम अपने मवेशिवों को रेल लाइन के पास नहीं छोड़ने तथा घर पर रखने हेतु समझाइए दिया साथ ही केटल रन ओवर घटना से ही रहे नुकसान में ट्रेन के एक्सीडेंट होने और रेल यातायात प्रभावित होने से रेल राजस्व के नुकसान के बारे में बताया गया द्य इस प्रकार की घटनाओं मे सम्मिलित मवेशी मालिक के विरुद्ध रेल अधिनियम के तहत कार्यवाही करने की चेतावनी भी दी गई द्य आर पी एफतिल्दा द्वारा लगातार इस बाबत जन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है द्य इसी क्रम में रेल लाईन के किनारे बसे सभी गांव के सरपंचों से पत्राचार किया जा रहा है।



### रेवती नवागांव में नव प्रवेशित विद्यार्थियों का स्वागत कर मनाया प्रवेशोत्सव

# कलेक्टर व अधिकारियों ने नव प्रवेशित विद्यार्थियों का मुंह मीठा कराया, गणवेश और पाठ्य पुस्तकों का भी वितरण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बालोद, 27 जून।** राज्य शासन के निर्देशानुसार शिक्षा सत्र 2024-25 के पहले दिन आज जिले के विभिन्न विद्यालयों में आयोजित शाला प्रवेशोत्सव के अवसर पर आयोजित समारोह के दौरान नव प्रवेशित विद्यार्थियों का आत्मीय स्वागत कर उनका शाला प्रवेश कराया गया। इसके अंतर्गत आज जिले के बालोद विकासखण्ड के ग्राम रेवती नवागांव के प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला परिसर में शाला प्रवेशोत्सव समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल के अलावा एसडीएम श्रीमती शीतल बंसल, डिप्टी कलेक्टर एवं शिक्षा विभाग के प्रभारी अधिकारी सुश्री प्राची ठाकुर, जिला शिक्षा अधिकारी पीसी मरकले, डीएमसी अनुराग त्रिवेदी, तहसीलदार एवं विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी, ग्राम पंचायत के सरपंच सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे। ग्राम रेवती नवागांव में आयोजित शाला प्रवेशोत्सव समारोह में हमारे देश के नौनिहाल नव प्रवेशित विद्यार्थियों के सम्मान में भव्य एवं रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया था। इस अवसर पर कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल एवं अधिकारियों ने कक्षा पहली एवं कक्षा छठवीं के नव प्रवेशित विद्यार्थियों को मुँह मीठा कराकर तथा उन्हें पाठ्य पुस्तक एवं गणवेश प्रदान कर शाला में विधिवत् प्रवेश कराया। इस दौरान कलेक्टर चन्द्रवाल ने नए शिक्षा सत्र के पहले दिन स्कूल पहुँचने पर विद्यार्थियों का स्वागत एवं अभिनंदन करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी।

कलेक्टर चन्द्रवाल ने नव प्रवेशित विद्यार्थियों के शाला में प्रवेश लेने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर उन्होंने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य एवं मंगलमय जीवन की कामना भी की। चन्द्रवाल ने विद्यार्थी जीवन को व्यक्ति के जीवन का सबसे महत्वपूर्ण कालखण्ड बताते हुए इसका सदुपयोग करने को कहा। कलेक्टर ने सभी विद्यार्थियों को प्रतिदिन स्कूल आने तथा नियमित रूप से पढ़ाई कर अच्छे अंकों से उत्तीर्ण होने की भी समझाईश दी। चन्द्रवाल ने कहा कि अच्छे अंक से उत्तीर्ण होने वाले विद्यार्थियों का सम्मान भी किया जाएगा। उन्होंने नियमित रूप से प्रधान पाठकों के साथ पालकों की बैठक भी आयोजित करने को कहा। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी ने शाला प्रवेशोत्सव के आयोजन के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के संदेशों का भी वाचन किया। समारोह में कलेक्टर चन्द्रवाल ने 'उल्लास' कार्यक्रम के तहत साक्षर बनने वाली गाँव की महिला गणेश्वरी ठाकुर को सम्मानित कर उन्हें शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर ग्राम पंचायत रेवती नवागांव के उप सरपंच के द्वारा अपने जन्मदिन के अवसर पर विद्यालय के विद्यार्थियों के लिए न्योता भोज का भी आयोजन किया गया। इस दौरान कलेक्टर चन्द्रवाल एवं अधिकारियों ने विद्यार्थियों के साथ न्योता भोज किया। उल्लेखनीय है कि पूरे समारोह के दौरान कलेक्टर चन्द्रवाल एवं अधिकारियों ने जमीन पर बैठकर विद्यार्थियों से बातचीत की एवं उनका हाल-चाल जाना। कार्यक्रम में नन्हें-मुन्हें विद्यार्थियों के द्वारा अतिथियों एवं नव प्रवेशित विद्यार्थियों के सम्मान में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति भी दी गई। इस अवसर पर कलेक्टर चन्द्रवाल एवं अधिकारियों ने शाला परिसर में वृक्षारोपण भी किया।

# शाला के पहले दिन किया गया मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**धमतरी, 27 जून।** स्वंत्रता सेनानी गौरव ग्राम कंडेल में जिले की कलेक्टर नम्रता गांधी एवं धमतरी विधायक ओंकार साहू के विशेष आतिथ्य में नवीन शिक्षण सत्र 2024-25 का शाला प्रवेश उत्सव गरिमामयी ढंग से सम्पन्न हुआ इस अवसर पर सर्वप्रथम छात्राओं के द्वारा राजकीय गीत से कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया तत्पश्चात अतिथियों का स्वागत व नवप्रवेशित छात्र छात्राओ का अभिनंदन कर पुस्तक वितरण किया गया बच्चो के लिए पहले ही दिन शिक्षा के प्रति माहौल तैयार किया गया इसके बाद छात्र- छात्राओं के द्वारा जल जगार, स्वच्छता और वृक्षारोण पर प्रस्तुति दी गई जिसे अतिथियों ने खूब सराहा व पुरुस्कृत भी किया तत्पश्चात 10 वीं और 12 वीं बोर्ड परीक्षा के टॉपर अखिल खान, सुमित कुमार, झरना, दीपांशु यादव, कुसुम लता, देवश्री को प्रतीक चिन्ह व प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मान दिया गया। साथ ही इनके पालको को जागरूक पालक के रूप में तथा प्रवेश उत्सव के दिन नेवताभोज कराने वाले एम.आर कमलवंशी, छोटेलाल कुर्रे, लोकेंद्र कुमार ढीमर का अतिथियों के हाथों सम्मान कराया गया इस अवसर शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में मुख्यमंत्री छ.ग शासन की संदेश का वाचन यतिशभूषण श्रीवास्तव के द्वारा व शिक्षा मंत्री की संदेश का वाचन रामाधार साहू जनपद सदस्य के द्वारा किया गया कार्यक्रम के अतिथि धमतरी विधायक ओंकार साहू द्वारा प्रवेश उत्सव के माध्यम से समस्त छात्राओं, पालकों, शिक्षकों व जनसमुदाय को बधाई संदेश दिया गया एवं मुख्य अतिथि कलेक्टर नम्रता गांधी द्वारा जिले में चल रहे छात्रों के लिए लाभदायक कार्यक्रम की जानकारी देकर छात्र छात्राओं से अधिक से अधिक संख्या में योजनाओं का लाभ लेने एवम शिक्षा के प्रति पालक, शिक्षक व जनसमुदाय में जागरूकता लाने मार्गदर्शन दिया गया।

# बच्चों को तिलक लगाकर व पुस्तक वितरण कर मनाया प्रवेशोत्सव

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कसडोल, 27 जून।** कसडोल विधानसभा मुख्यालय के कसडोल नगर पंचायत में शासकीय मिनी माता कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कसडोल में आयोजित शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम में श्याम बाई साहू प्रदेश मंत्री भाजपा अतिथि के रूप में सम्मिलित हुई। इस अवसर पर ज्ञान की देवी माँ सरस्वती का पूजन वंदन कर विद्यालय के छात्राओ का तिलक लगा कर सम्मान किया गया। कक्षा 1-10 तक के छात्राओ को गणवेश व पुस्तके वितरित किया गया। उक्त कार्यक्रम में प्राचार्य रमाकांत मनहर, प्राध्यापक फिरतराम पैकरा, प्राध्यापक ग्रहणदास मानिकपुरी, प्राध्यापक प्रमोद कुमार दुबे, प्राध्यापक रामलाल कुरुवंशी, प्राध्यापक दिलीप दिनकर, प्राध्यापक कुसुम श्रीवास, व्यायाम शिक्षक रामकुमार कैवर्त, प्राध्यापक सेवती डड़सेना सहित विद्यालय के शिक्षकगण, कर्मचारीगण व छात्रायें उपस्थित रही।




**CHHATTISGARH STATE POWER GENERATION COMPANY LIMITED**
(A Chhattisgarh Government Undertaking) (A Successor Company of CSEB)
OFFICE OF THE ADDITIONAL CHIEF ENGINEER (S&P) DSPM TPS, KORBA EAST, DISTT: KORBA, PIN: 495677 (C.G.)
PHONE NO. -(07759) 228501, TELEFAX -228501 Email: sepnw.dspmke@cspc.co.in

**E-TENDER NOTICE NO. 2718/24**

Online bids are invited by the undersigned through CSPGCL e-bidding system (SAP SRM) for, 2x250 DSPM TPS, CSPGCL Korba East.

| S. No | Tender Specification No. | RFX No. of E-Tender | Particulars | Qty. | Last date & time of bid submission | E.M.D. (Rs.) | Tender Cost |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 16-06/ DSPM TPS/S&P/AHP/ T-2999/24 | 8100037279 | Work contract for Cleaning of Silo System and surrounding area, Panel Building and Approach Road to silo system from Patharri Para Gate & Removal of Ash and debris and its transportation to the destination as directed by Engineer -in-Charge of DSPM TPS, Korba East. | As per Tender Schedule | 01.07.2024 15:30 Hrs. | 9030/- | 590/- |

For more details, please visit our website at: – https://www.cspc.co.in . Any amendment/ corrigendum, if required, will be displayed on our website only.

SAVE ELECTRICITY

-sd-
SUPERINTENDING ENGINEER (CONTRACT)
DSPM TPS:CSPGCL KORBA EAST

Samvad-40585/1


### शाला प्रवेशोत्सवः नवप्रवेशित नन्हे-मुन्नों का तिलक लगाकर किया अभिनन्दन, वितरित किया गया गणवेश

# बच्चों को शिक्षा और संस्कार दोनों से करें परिपूर्णः टंकराम वर्मा

- ■ राजस्व मंत्री जिला स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव में हुए शामिल
- ■ प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त छात्रों को प्रशस्ति पत्र देकर किया गया सम्मानित
- ■ सरस्वती सायकल योजना अंतर्गत छात्राओं को वितरित की गई साइकिल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बलौदाबाजार 27 जून।** राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा बुधवार को जिला मुख्यालय बलौदाबाजार स्थित स्वामी आत्मानन्द अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट एमडीव्ही विद्यालय में आयोजित जिला स्तरीय शाला प्रवेश उत्स्व में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। शाला प्रवेश उत्सव का शुभारम्भ अतिथियों के द्वारा माँ सरस्वती के छाया चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। मुख्य अतिथि के द्वारा मुख्यमंत्री के सन्देश का वाचन किया गया। इस अवसर पर नव प्रवेशित नन्हे- मुन्ने बच्चों का तिलक लगाकर एवं मुंह मीठा कराकर अभिनन्दन किया गया तथा गणवेश एवं पाठ्य पुस्तक वितरित की गई। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मंत्री वर्मा ने नव प्रवेशित बच्चों एवं नए शिक्षा सत्र की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि शिक्षा रुपी अस्त्र से कोई भी लड़ाई जीता जा सकता है। शिक्षा हासिल कर जीवन में आगे बढ़ने के लिए संघर्ष करना पड़ता है। बच्चों को शिक्षा व संस्कार देकर एक कर्तव्यनिष्ट व्यक्ति बनाना शिक्षकों की जिम्मेदारी है। शिक्षकों को अपनी इस जिम्मेदारी का बखूबी निर्वाहन करना होगा। उन्होने कहा कि बच्चे पढ़ाई के साथ-साथ खेल कूद, कला - संस्कृति में भी आगे बढ़े। स्कूल जाने में कोताही बिलकुल भी न बरतें। पालक भी बच्चों की पढ़ाई के महत्व को समझें और स्कूल नियमित रूप से भेजें। उन्होने कहा कि आज जो उत्साह यहां दिख रहा है वह उत्साह पूरे साल भर बनी रहे।


**कार्यालय, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जगदलपुर, जिला बस्तर (छ.ग.)**
Email id.-cmhobastar@gmail.com/Telephone No. 07782-222281

**//खुली निविदा आमंत्रण सूचना//**

क्रमांक/निविदा/2024-25/3275 जगदलपुर, दिनांक 25/06/2024

कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला-बस्तर, जगदलपुर अंतर्गत निम्नानुसार निविदायें आमंत्रित की जाती है :-

➢ **कार्यालयीन उपयोग हेतु दैनिक व मासिक आधार पर चिकित्सा अधिकारी/नोडल अधिकारियों के लिये चार पहिया वाहन प्रदायगी बाबत्।** (फर्म एवं कार्यस्थल नगर पालिक निगम जगदलपुर शहरी क्षेत्र में स्थापित हो को प्राथमिकता)

निविदा हेतु आवश्यक शर्ते वेबसाईट www.bastar.gov.in में देखा जा सकता है। निविदा प्रपत्र कार्यालय, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जगदलपुर, जिला-बस्तर (छ.ग.) से कार्यालयीन दिवस पर प्रातः 11.00 से संध्या 4.00 बजे तक राशि रूपये 1000/- (एक हजार रूपये मात्र) निविदा प्रपत्र मूल्य का डिमांड ड्रफ्ट / बैंकर्स चेक जो कि नॉन रिफंडेबल है, जमा कर प्राप्त किये जा सकते हैं। डी.डी./बैंकर्स चेक **District Health Society, Bastar**, Payable at **Jagdalpur** के नाम से देय हो स्वीकार किये जावेंगे।

| | | |
|---|---|---|
| निविदा प्रपत्र बिक्री की अंतिम तिथि | : | 15 जुलाई 2024, सायं 4.00 बजे तक |
| मुहरबंद निविदा पंजीकृत डाक एवं स्पीड पोस्ट, कुरियर द्वारा कार्यालय को प्राप्त होने की अंतिम तिथि | : | 18 जुलाई 2024, अपरान्ह 3.00 बजे तक |
| निविदा खोले जाने की तिथि | : | 18 जुलाई 2024 को अपरान्ह 4.00 बजे |

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी,
जगदलपुर, जिला-बस्तर (छ.ग.)

जी-242500606/4

## एक नजर

### रामगढ़िया सेवक सभा ने किया गुरुद्वारा नानकसर साहेब का दर्शन



**रायपुर 27 जून।** रामगढ़िया सेवक सभा के द्वारा पहला गुरुद्वारा दर्शन प्रोग्राम का आयोजन (23.6.24) को गुरुद्वारा बाबा बुड्ढा साहेब जी तेलीबांधा से 130 किलोमीटर की दूरी पर स्थित गढ़फुलझर में 517 साल पुराने ऐतिहासिक गुरुद्वारा नानकसर साहेब जी के दर्शन उपराला किया गया। इसमें लगभग 18 गाड़ियों से 100 संगत ने पहुंचकर अपना उत्साह दिखाया। नानक सागर की संगत ने बड़े जोर शोर से रायपुर की संगत का स्वागत किया । रायपुर की संगत द्वारा जपजी साहेब जी ,सुखमणि साहेब जी, चौपाई साहेब जी , अनंद साहेब जी का पाठ कर सिमरन और कीर्तन किया और अरदास की उपरांत गुरु का लंगर वरताया गया । गुरुद्वारे से 2 द्वद्व दूरी पर दर्शनीय स्थान जहां गुरुनानक देव जी ने अपना समय गुजरा था, और 5 एकड़ का खेत जो गुरुनानक देव जी के नाम पर दर्ज है उसका भी दर्शन किया गया । नानक सागर में सभी घर गुलाबी रंग के है एवं सभी घर महिलाओं के नाम पर है , सभी घर के सामने अशोक के पेड़ एवं गमलों में पौधे लगाए थे , गली, रास्ते एकदम साफ सुथरे है, इस ग्राम को सफाई के लिए पुरस्कृत भी किया गया है, वहां के सरपंच ने बताया यहां इतनी शांति है कि यहां पर आज तक कभी कोई विवाद नहीं हुआ।

### सभी 70 वार्डों में मतदाताओं की संख्या बराबर रहना चाहिए

**रायपुर 27 जून।** नगर निगम के 70 वार्डों के परिसीमन की अधिसूचना जारी होने के बाद महापौर एजाज ढेबर का परिसीमन के विरोध पर भाजपा पार्षद मृत्युंजय दुबे ने महापौर ढेबर से पूछा है कि 2019 में जब कांग्रेस की प्रदेश में सरकार थी और जो परिसीमन उस समय नगर निगमो का हुआ था खासकर रायपुर नगर निगम के 70 वार्डो में तब क्या शासन के गाइड लाइनो का पालन किया गया था , क्योंकि उस समय परिसीमन का एक महत्वपूर्ण बिन्दु जिसमें सभी 70 वार्डो में मतदाताओं की संख्या एकसमान बराबर रखा जाना तय हुआ था उसके अनुसार ही परिसीमन होना था । तो फिर 2019 के परिसीमन के बाद रायपुर नगर निगम के मदर टेरेसा वार्ड में केवल 6 से 7 हजार मतदाता है , दूसरी ओर पंडित सुन्दर लाल शर्मा वार्ड में 16 से 17 हजार मतदाताओ की संख्या कैसे है । यह 2019 का परिसीमन वार्डों के भौगोलिक सीमा में परिवर्तन करते हुए किया गया था , प्रदेश में कांग्रेस सरकार के समय 2019 मे जब परिसीमन हुआ इससे पहले पंडित सुन्दर लाल शर्मा वार्ड में 10 हजार ही मतदाता थे । सुन्दर नगर से लगे हुए कामरेड सुधीर मुखर्जी वार्ड को 2019 के परिसीमन में समाप्त करते हुए पंडित सुन्दर लाल शर्मा वार्ड में समायोजित करते हुए मतदाताओं की संख्या बढ़ा दी गई थी । तब 2019 में हुए परिसीमन के बाद भी आधे दर्जन से ज्यादा वार्ड में मतदाताओं की संख्या 15 हजार से अधिक है तो दूसरी ओर आधे दर्जन से ज्यादा वार्डों में 6 हजार से 9 हजार के बीच ही मतदाताओं की संख्या है , यह 2019 के परिसीमन की विषंगति है । इसलिए वर्तमान में 2024 के नगर निगम चुनाव के पूर्व परिसीमन आवश्यक है जिसमें सभी 70 वार्डों में मतदाताओं की संख्या एकसमान बराबर रहना चाहिए ।

### कार की टक्कर से बाइक सवार घायल

**रायपुर, 27 जून ।** मानपुर रोड में कार की टक्कर से बाइक सवार युवक घायल हो गया। प्रार्थी की शिकायत पर नेवरा पुलिस ने आरोपी कार चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी नरेन्द्र वर्मा 34 वर्ष खपरीडीह सुहेला का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि मानपूर रोड में आरोपी कार क्रमांक सीजी 04 एमक्यू 3504 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक सवार मेरे भाई को टक्कर मार दिया। जिससे उसके पैर फैक्चर हो गया। प्रार्थी की शिकायत पर नेवरा पुलिस ने आरोपी कार चालक के खिलाफ धारा 279, 337, 338 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

# पीडब्लूडी ने जारी किए नए दिशा-निर्देश निविदा के तुरंत बाद काम होगा शुरू

**रायपुर 27 जून।** लोक निर्माण विभाग के कार्यों में तेजी लाने और उन्हें समय पर पूर्ण करने राज्य शासन द्वारा निविदा को लेकर नए दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। अब सड़क और सेतु निर्माण के लिए निविदा के पहले संबंधित कार्यपालन अभियंता को प्रमाणित करना होगा कि कार्य के लिए 90 प्रतिशत बाधारहित भूमि उपलब्ध है। भवन निर्माण के लिए पूरी जमीन व्यवधानरहित होने पर ही निविदा आमंत्रित की जा सकेगी। उप मुख्यमंत्री तथा लोक निर्माण मंत्री श्री अरुण साव द्वारा विभागीय कार्यों में तेजी और कसावट लाने के निर्देश के बाद राज्य शासन ने प्रमुख अभियंता सहित सभी मुख्य अभियंताओं, अधीक्षण अभियंताओं और कार्यपालन अभियंताओं को इस संबंध में परिपत्र जारी किया गया है। विभाग ने नए दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने को कहा है। इनका समुचित पालन नहीं करने पर संबंधित अधिकारी के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी।



लोक निर्माण विभाग द्वारा मंत्रालय से प्रमुख अभियंता से लेकर सभी कार्यपालन अभियंताओं को जारी परिपत्र में निर्देशित किया गया है कि निविदा आमंत्रण के पूर्व कार्यपालन अभियंता को यह प्रमाणित करना होगा कि सड़क निर्माण के लिए सड़क की प्रस्तावित कुल लंबाई की 90 प्रतिशत लंबाई व्यवधानरहित है। साथ ही 90 प्रतिशत लंबाई में सभी प्रकार की बाधाएं जैसे भूअर्जन, वन भूमि व्यपवर्तन एवं यूटिलिटी शिफ्टिंग का कार्य पूर्ण कर लिया गया गया है तथा शेष 10 प्रतिशत भूमि बाधारहित करने की कार्यवाही 180 दिनों में पूर्ण कर ली जाएगी। विभाग ने भवन निर्माण के लिए 100 प्रतिशत व्यवधानरहित भूमि उपलब्ध होने के बाद ही निविदा आमंत्रण की कार्यवाही के निर्देश दिए हैं।

परिपत्र में कहा गया है कि सेतु कार्यों के पहुंच मार्ग के लिए 90 प्रतिशत लंबाई बाधारहित होने पर ही निविदा आमंत्रण की कार्यवाही की जाए। निविदा आमंत्रण के पूर्व कार्यपालन अभियंता को यह प्रमाणित करना होगा कि पुल निर्माण हेतु पुल के पहुंच मार्ग के लिए प्रस्तावित कुल लंबाई की 90 प्रतिशत लंबाई व्यवधानरहित है। साथ ही 90 प्रतिशत लंबाई में सभी प्रकार की बाधाएं जैसे भूअर्जन, वन भूमि व्यपवर्तन एवं यूटिलिटी शिफ्टिंग का कार्य पूर्ण कर लिया गया है तथा शेष 10 प्रतिशत भूमि बाधारहित करने की कार्यवाही 180 दिनों में में पूर्ण कर ली जाएगी। विशेष प्रकरणों में शासन द्वारा अंतिम निर्णय लिया जाएगा।

# आषाढ़ में वर्षा नहीं होने से किसान चिंतित

- जिला जनपद की कृषि समिति की बैठक जुलाई में
- कृषि, मौसम व सिंचाई विभाग के अधिकारियों से की जाएगी चर्चा

मुख्य नगर संवाददाता



**रायपुर, 27 जून।** आषाढ़ महीना में अच्छी वर्षा नहीं होने के कारण किसान परेशान हैं। जिला पंचायत की कृषि समिति की बैठक 5 जुलाई को बुलाई गई है जिसमें खाद, बीज, कृषि लोन एवं पानी को लेकर चर्चा होगी। अधिकारियों ने जल्द पकने वाली फसलों के बीजों का उपयोग करने किसानों को सलाह दी है।

राज्य में पर्याप्त वर्षा नहीं होने के कारण कृषि कार्य प्रभावित हो रहा है। सिंचित क्षेत्रों में भी थरहा लगाने का काम शुरू हो गया है। वहीं जिन जिलों में सिंचाई की सुविधा नहीं है वहां पर किसान बादलों भरोसे हैं। पानी नहीं गिरने के कारण ग्रामीण क्षेत्रों में कई धार्मिक कार्यक्रम एवं अनुष्ठान किए जा रहे हैं। राजधानी के महामाया एवं शीतला मंदिर में जुड़वास का कार्यक्रम चल रहा है। शीतला माता को प्रसन्न करने के लिए भक्त पूजा-पाठ कर रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में शीतला माता ही खेतों की रक्षा करती हैं। ऐसी मान्यता है। माता की पूजा से ही इन्द्रदेवता प्रसन्न होते हैं। इधर मौसम विभाग ने भारी वर्षा की चेतावनी तो दी थी लेकिन बारिश नहीं हुई। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार दक्षिण एवं उत्तर बस्तर में वर्षा हो रही है। मध्य छत्तीसगढ़ में अनवरत वर्षा नहीं हो रही है। कृषि विभाग के अधिकारियों के अनुसार आषाढ़ लगते ही किसानों ने धान के बीज एवं खाद उठाव शुरू कर दिया है। किसानों को सलाह दी गई है कि वे थरहा के लिए बीज डालें।

जिला पंचायत के कृषि समिति की बैठक 5 जुलाई को बुलाई गई है। समिति के प्रमुख राजू शर्मा के अनुसार इसमें खाद-बीज के उठाव की जानकारी अधिकारियों से मांगी जाएगी। सिंचाई विभाग के अधिकारियों को सिंचित रकबे में पानी देने का निर्देश दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि कई सहकारी समितियों में धान एवं बीज नहीं मिलने की शिकायत आई है। सिंचाई विभाग के अधिकारियों के अनुसार रविशंकर जलाशय परियोजना में अब रिजर्व स्टॉक है इसलिए पेयजल की व्यवस्था के लिए इसे आरक्षित रखा गया है। किसान बेसब्री से वर्षा का इंतजार कर रहे हैं। सात जुलाई को रथयात्रा है। ऐसी मान्यता है कि भगवान जगन्नाथ की यात्रा के दौरान ही अच्छी वर्षा होती है।

# विष्णुदेव साय मंत्रिमण्डल के विस्तार का सस्पेंस बरकरार

मुख्य नगर संवाददाता

**रायपुर, 27 जून।** साय मंत्रिमण्डल के विस्तार को लेकर सस्पेंस बरकरार है। राजभवन में शपथ ग्रहण समारोह को लेकर कोई सूचना सामान्य प्रशासन विभाग की ओर से नहीं दी गई है। संगठन के महामंत्री पवन साय एवं अजय जामवाल दिल्ली गए हैं। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के भी 28 जून को दिल्ली जाने की खबर है। वैसे मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय प्रधानमंत्री एवं गृह मंत्री से मुलाकात कर राजधानी लौट आए हैं। आज उनका जनदर्शन कार्यक्रम है। दिल्ली से लौटने के बाद अब सभी की निगाहें मंत्रिमण्डल के विस्तार पर लगी है। राजभवन सूत्रों के अनुसार नियमानुसार मुख्य सचिव सामान्य प्रशासन विभाग शपथ ग्रहण समारोह की सूचना राज्यपाल के सचिव को देते हैं। जिसमें तिथि और समय का निर्धारण राजभवन द्वारा किया जाता है। मिली जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री विष्णदेव साय के कल 28 जून को दिल्ली जाने की खबर है लेकिन कोई आधिकारिक रूप से कार्यक्रम जारी नहीं हुआ है। मंत्रिमण्डल में किसे शामिल किया जाएगा इसको लेकर राजधानी सहित प्रदेश के सभी स्थानों पर चर्चा का बाजार गर्म है। इसमें से एक आदिवासी वर्ग तथा एक सामान्य वर्ग से लिया जाएगा। राज्य के महत्वाकांक्षी विधायक अपने-अपने राजनीतिक आकाओं से संपर्क कायम कर रहे हैं। राज्य में विधानसभा का सत्र 24 जुलाई से शुरू होने जा रहा है। समझा जाता है कि इसके पूर्व मंत्रिमण्डल का विस्तार कर लिया जाएगा। राजधानी के पश्चिम क्षेत्र के विधायक को मंत्रिमण्डल में शामिल किए जाने की चर्चा है। बिलासपुर के विधायक को भी मंत्रिमण्डल में लेने का आश्वासन हाईकमान ने दिया है।

# हार की समीक्षा करने आएंगे मोइली

मुख्य नगर संवाददाता

**रायपुर, 27 जून।** कांग्रेस में हार की समीक्षा के लिए गठित समिति की बैठक में भाग लेने के लिए छत्तीसगढ़ कांग्रेस प्रभारी सचिन पायलट रायपुर आ गए हैं। वे यहां से सीधे अंबिकापुर गए हैं जहां पर टीएस सिंहदेव की पत्नी के निधन के शोक कार्यक्रम में शामिल होंगे। कांग्रेस भवन से मिली जानकारी के अनुसार कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेता आज अंबिकापुर में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेने गए हुए हैं। ज्ञात रहे टीएस सिंहदेव की पत्नी इंदिरा सिंह का निधन गत दिनों कैंसर से लंबी बीमारी के पश्चात हो गया था। हार के पश्चात कांग्रेस हाईकमान ने एक समिति का गठन किया है जो कि अलग-अलग जिलों में जाकर कार्यकर्ताओं से मिलेगी। इस समिति के प्रमुख वीरप्पा मोइली हैं। वे 28 जून को यहां आएंगे। 29 जून से लेकर 1 जुलाई तक वे कार्यकर्ताओं से मिलेंगे। रायपुर, बिलासपुर के अलावा अंबिकापुर जाने का कार्यक्रम है। संगठन में गुटबाजी सहित अन्य विषयों पर जो भी शिकायतें आएंगी उसे वे सुनेंगे व इसकी रिपोर्ट हाईकमान को देंगे। कांग्रेस कार्यकर्ताओं के अनुसार पूर्व मुख्यमंत्री की कार्यप्रणाली को लेकर निरंतर शिकायत की जाएगी। टिकिट वितरण में भी जमकर गुटबाजी हुई थी इसकी भी जानकारी समिति को दी जाएगी।





# आपातकाल का सहारा लेकर अपनी करतूतों को दबाने का प्रयास कर रही है भाजपा सरकार

**रायपुर 27 जून।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव एवं पूर्व विधायक विकास उपाध्याय ने कहा कि आपातकाल का विरोध करने वाली भाजपा की सरकार ने 10 साल से देश में अघोषित आपातकाल लगा रखा है और जब तक नरेन्द्र मोदी जी प्रधानमंत्री रहेंगे तब तक यह चलता रहेगा। आज संविधान का पालन नहीं किया जा रहा है एवं भारतीय जनता पार्टी के जनप्रतिनिधि खुले मंच पर संविधान बदलने की बात कहते नजर आ रहे हैं। लगातार देश की जनता एवं विपक्ष को ईडी, सीबीआई का सहारा लेकर डराने का काम कर रही है, लगातार लोकतंत्र का गला घोटा जा रहा है, पेपर लीक हो रहे हैं और पेपर लीक से दुखी होकर छात्र आत्महत्या कर रहे हैं, किसान आन्दोलन में 700 से भी ज्यादा किसानों की मृत्यु हुई उस पर बात नहीं किया जा रहा है। बढ़ती महंगाई बेरोजगारी से हर वर्ग हताश और परेशान है, जनता मूलभूत की सुविधाओं के लिए तरस रही है, समय पर ट्रेन नही मिल रहा है। सरकारी दफ्तरों में अराजकता है, लगातार व्यापारियों के साथ जीएसटी के नाम पर छल किया जा रहा है, व्यापारी वर्ग डरा-सहमा हुआ है, 70 साल से जिन सरकारी संस्थानों को बनाने का काम किया गया उन संस्थानों को धड़ल्ले से अपने साथियों को बेचा जा रहा है, यह आपातकाल है 10 साल से देश में अघोषित आपातकाल लगा हुआ है जो आगे भी निरन्तर जारी रहेगा। आपातकाल का सहारा लेकर भारतीय जनता पार्टी सिर्फ अपनी क्रियाकलापों को दबाने का प्रयास कर रही है।



विकास उपाध्याय ने बताया कि अग्निवीर जैसी योजना लाकर सैनिकों एवं युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया गया। आज चाईना बॉर्डर में लगातार क्या स्थिति बनी हुई है यह देश से छुपा नहीं है, कश्मिर में लगातार आतंकवादी हमले हो रहे हैं पर उस पर देश के प्रधानमंत्री एवं गृहमंत्री चुप्पी साधे हुये हैं। नरेन्द्र मोदी जी के 10 साल के कार्यकाल में आजादी के बाद से पहली बार ऐसा हुआ है कि सुप्रीम कोर्ट के जज लोगों को प्रेसवार्ता लेना पड़ा है सरकार के खिलाफ। विश्व का सबसे बड़ा भ्रष्टाचार इलेक्टोरल बोन्ड के माध्यम से इनके कार्यकाल में हुआ। लगातार राज्य की चुनी हुई सरकारों को गिराने का काम इनके कार्यकाल में हुआ। भ्रष्टाचारियों को बीजेपी पार्टी में शामिल कर क्लीन चीट देने का काम इन्होंने किया। नरेन्द्र मोदी और भाजपा की सरकार ने 10 साल में ऐसे-ऐसे काम किये जो किसी प्रधानमंत्री के कार्यकाल में नहीं हुआ। ये लोग किस मुंह से आपातकाल का काला दिवस मना रहे हैं जबकि उस घटना को आज 49 साल हो चुके हैं। भारतीय जनता पार्टी का चाल-चरित्र और चेहरा भारत देश की जनता समझ चुकी है इसीलिए 400 पार का नारा देने वालों को पूर्ण बहुमत में भी नहीं आने दी। असल आपातकाल तो पिछले 10 साल की भारतीय जनता पार्टी की सरकार में था जहाँ आम आदमी की आवाज को दबाने का काम, मीडिया हो, व्यापार हो, अलग-अलग सामाजिक संगठन हो, राजनीतिक संगठन हो।




# श्री सीमंधर स्वामी जैन मंदिर में देववन्दन कर प्रवर्तिनी शशिप्रभा श्री को दी गई भावांजलि

**रायपुर 27 जून।** प्रवर्तिनी साध्वी श्री शशिप्रभा श्री जी का खड़कपुर में प्रातः 11 बजे अंतिम संस्कार किया गया । सम्पूर्ण भारत से हजारों श्रद्धालुओं ने खड़कपुर पहुंचकर अश्रुपूरित विदाई दी । श्री सीमंधर स्वामी जैन मंदिर व चमत्कारी श्री जिनकुशल सूरि जैन दादाबाड़ी में देववन्दन की क्रिया कर भावांजलि अर्पित की गई व 12 नवकार का जाप किया गया । साध्वी जी का गुणानुवाद करते हुए श्री सीमंधर स्वामी जैन मंदिर व दादाबाड़ी ट्रस्ट के अध्यक्ष संतोष बैद ने बताया कि पालीताना जैन तीर्थ में प्रवर्तिनी स्वर्गीय श्री शशिप्रभा श्री जी की प्रेरणा से भव्य यात्री अतिथि गृह का निर्माण हुआ आगामी 28 जून को अकोला में नूतन पार्श्वनाथ जैन मंदिर दादाबाड़ी की होने वाली प्राण प्रतिष्ठा कि प्रेरणा साध्वी शशिप्रभा श्री जी ने ही दी थी । महासचिव महेन्द्र कोचर ने कहा कि प्रवर्तिनी श्री शशिप्रभा श्री जी ने साध्वी जीवन के 67 वर्षों में जैन धर्म की प्रभावना के कार्य उदारता



पूर्वक किया है । एक लाख किलोमीटर की पदयात्रा कर सकल जैन समाज को एक सूत्र में पिरोने का अहम कार्य किया है । 13 वर्ष की बाल्यवस्था में दीक्षा ग्रहण कर 67 वर्षों तक अनेक मुमुक्षु बहनों को संयम जीवन प्रदान किया । प्रवर्तिनी श्री शशिप्रभा श्री जी ने 2000 में रायपुर जैन दादाबाड़ी में चातुर्मास किया एवं विगत 25 वर्षों से छत्तीसगढ़ से जीवंत संपर्क बनाए रखा है , समाज के युवाओं को धर्म से जोड़े रखने में विशेष ध्यान दिया । ट्रस्टी नीलेश गोलछा ने चैत्यवन्दन की विधि सम्पन्न की । नीलेश गोलछा ने कहा कि श्री शशिप्रभा श्री जी ने अपनी शिष्या श्री सम्यकदर्शना श्री जी के 2 चातुर्मास रायपुर को प्रदान किये जिन्होंने युवाओं के जीवन को नई दिशा प्रदान की है । देव वन्दन व गुणानुवाद सभा मे विशेष रूप से महेन्द्र कोचर , नीलेश गोलछा , डॉ योगेश बंगानी , मोतीलाल कोचर , कमलेश लुंकड़ , अशोक कोचर , कपूर भंसाली , राजेन्द्र रांका , मंजू कोठारी , ज्योति कोचर , सूरज झाबक , सुशीला गोलछा , 9 उपवास की तपस्वी पलक बरड़िया , ममता बरड़िया उपस्थित थे । सकल जैन समाज ने साध्वी श्री शशिप्रभा श्री जी के आकस्मिक दुर्घटना से देवलोक गमन को जैन समाज की अपूरणीय क्षति बताया है ।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26